@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 23 जुलाई 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 257 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## संसद सत्र को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया की अहम बैठक आज

नई दिल्ली, 22 जुलाई। संसद सत्र के दौरान मोदी 3.0 सरकार की ओर से कल केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। वहीं इस सत्र को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर केंद्र सरकार को घेरने के लिए कल एक अहम बैठक का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर ये बैठक होगी। वहीं इससे पहले आज कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने बैठक की। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में मानसून सत्र के लिए कांग्रेस नेताओं ने अपनी रणनीति पर चर्चा की और नीट-यूजी पेपर लीक मामले, अग्निवीर योजना और मणिपुर हिंसा से संबंधित मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाने का फैसला किया। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी, लोकसभा में उपनेता गौरव गोगोई, राज्यसभा में मुख्य सचेतक जयराम रमेश समेत अन्य नेता सोनिया गांधी के 10 जनपथ मौजूद आवास पर पार्टी की संसदीय रणनीति समूह की बैठक में शामिल हुए थे। वहीं इस बैठक के बाद राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने पत्रकारों को बताया, कि हमने तय किया है कि हम किसानों, अग्निवीर और नीट का मुद्दा उठाएंगे। हमारा मानना है कि हम इन मुद्दों को दोनों सदनों की कार्य मंत्रणा समिति की बैठकों में उठाएंगे। हम यह भी चाहते हैं कि चयनित मंत्रालयों पर चर्चा लोगों से जुड़े मुद्दों पर हो। उन्होंने कहा, हम मंगलवार को इंडिया ब्लॉक की बैठक भी करेंगे और साझा मुद्दों पर फैसला करेंगे।

# अर्थव्यवस्था मजबूत राह पर लेकिन चुनौतियों से निपटना जरूरी: वित्त मंत्री

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 22 जुलाई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 पेश किया, जिससे केंद्रीय बजट 2024-25 का खाका तैयार हो गया। वित्त मंत्री मंगलवार को लोकसभा में बजट पेश करेंगी। ताजा आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत की वृद्धि और वृहद आर्थिक परिदृश्य को लेकर तेजी का रुझान बना हुआ है। आर्थिक सर्वे में वित्त वर्ष 25 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 6.5-7 प्रतिशत और देश की मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत कम होने का अनुमान लगाया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था एक मजबूत और स्थिर स्थिति में है। भारतीय अर्थव्यवस्था में भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने के मामले में लचीलापन बना हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने आर्थिक और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करते हुए कोविड के बाद अपनी रिकवरी को मजबूत किया है। नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, रिकवरी को बनाए रखने के लिए, घरेलू मोर्चे पर मजबूत विकास की जरूरत है। सर्वे के अनुसार व्यापार, निवेश और जलवायु जैसे प्रमुख वैश्विक मुद्दों से जुड़े समझौतों तक पहुंचना असाधारण रूप से कठिन हो गया है,। इस दिशा में सुधार की जरूरत है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर (जीडीपी) 6.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। घरेलू विकास से जुड़े संकेतक अनिश्चित वैश्विक आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद स्त्रङ्क24 में बेहतर रहे हैं। बेहतर बैलेंस शीट से निजी क्षेत्र को मजबूत निवेश मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। भारतीय मौसम विभाग की ओर से सामान्य वर्षा पूर्वानुमान और दक्षिण-पश्चिम मानसून के संतोषजनक प्रसार के अनुमान से कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार होने और ग्रामीण मांग बढ़ने संभावना है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन की अगुवाई में तैयार आर्थिक समीक्षा के अनुसार जीएसटी और आईबीसी जैसे संरचनात्मक सुधार अपना असर दिखा रहे हैं और उम्मीदों के अनुसार परिणाम दे रहे हैं। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, वैश्विक परेशानियों, आपूर्ति शृंखला में व्यवधान और मानसून की अनियमितताओं के कारण महंगाई का दबाव बढ़ा है। हालांकि, मुद्रास्फीति के दबावों को प्रशासनिक और मौद्रिक नीतियों को अमल में लाकर चतुराई से प्रबंधित किया गया है। इसके परिणामस्वरूप, स्त्रङ्क23 में 6.7 प्रतिशत के औसत के बाद खुदरा मुद्रास्फीति स्त्रङ्क24 में घटकर 5.4 प्रतिशत हो गई। आर्थिक सर्वे के अनुसार स्त्रङ्क24 में खुदरा मुद्रास्फीति में कमी माल और सेवा दोनों क्षेत्रों में कीमतें घटने से प्रेरित रहीं। स्त्रङ्क24 में सेवा क्षेत्र की कोर महंगाई नौ साल के निचले स्तर पर आ गई वहीं। वहीं माल की कोर महंगाई भी



घटकर चार साल के निचले स्तर पर आ गई। खाद्य मुद्रास्फीति पिछले दो वर्षों से वैश्विक चिंता का विषय रही है। भारत में कृषि क्षेत्र को चरम मौसम की घटनाओं, जलाशयों की कमी और फसल क्षति के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा, इससे कृषि उत्पादन प्रभावित हुआ और खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ीं। सर्वेक्षण के अनुसार, खाद्य मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2023 में 6.6 प्रतिशत थी और वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 7.5 प्रतिशत हो गई। आरबीआई ने मुद्रास्फीति के वित्त वर्ष 25 में 4.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 26 में 4.1 प्रतिशत तक गिरने का अनुमान जताया है। मानसून सामान्य रहा और कोई बाहरी या नीतिगत झटके नहीं लगा तो यह संभव है। इसी तरह, आईएमएफ ने भारत के लिए 2024 में मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत और 2025 में 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आर्थिक सर्वे के अनुसार सरकार के राजकोषीय संतुलन में उत्तरोत्तर सुधार हुआ है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, प्रक्रियात्मक सुधारों, खर्चे में संयम बरतने और बढ़ते डिजिटलीकरण के कारण भारत को राजकोषीय मार्चे पर अच्छा संतुलन हासिल करने में मदद मिली है। वस्तुओं की वैश्विक मांग में कमी से निर्यात पर दबाव पड़ा है, लेकिन मजबूत सेवा निर्यात ने इसे काफी हद तक संतुलित किया है। परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 24 के दौरान चालू खाता घाटा (ष्ट्ठ) सकल घरेलू उत्पाद का 0.7 प्रतिशत रहा, जो स्त्रङ्क23 के त्नष्ठक्क के 2.0 प्रतिशत के घाटे से बेहतर है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, राजकोषीय घाटा और कर्ज का बोझ बढ़ने की वैश्विक प्रवृत्ति के विपरीत भारत राजकोषीय मजबूती की राह पर बना हुआ है।

# हम विकसित भारत बनाने की ओर बढ़ रहे: पीएम मोदी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 22 जुलाई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से लोकसभा और राज्यसभा में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। पीएम ने कहा है कि आर्थिक सर्वेक्षण हमारी अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को उजागर करता है। पीएम ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण हमारी सरकार की ओर से लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को रेखांकित करता है। पीएम ने एक्स पर कहा कि इस आर्थिक सर्वेक्षण से देश में आगे के विकास और प्रगति के क्षेत्रों की भी पहचान होती है। पीएम ने आर्थिक सर्वेक्षण पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है। संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2023-24 में यह अनुमान लगाया गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रहेगी। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अनुमानित 8.2 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर से कम है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आर्थिक सर्वेक्षण हमारी अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और हमारी सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है।'' उन्होंने कहा, ''यह आगे के विकास और प्रगति के क्षेत्रों की भी पहचान करता है क्योंकि हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रह हैं।''

## जेडीएस नेता सूरज रेवन्ना को मिली सशर्त जमानत

बंगलूरू, 22 जुलाई। यौन शोषण मामले में फंसे प्रज्वल रेवन्ना के भाई और जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) नेता सूरज रेवन्ना को बंगलूरू की एक अदालत से सशर्त जमानत मिली है। आपको बता दें कि सूरज रेवन्ना पर जेडीएस के पुरुष कार्यकर्ता के अप्राकृतिक यौन शोषण का आरोप है। सूरज रेवन्ना को 23 जून को गिरफ्तार किया गया था। सूरज रेवन्ना पर भारतीय दंड संहिता की अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने जमानत के लिए कई शर्तें रखी हैं जिनमें अभियोजन पक्ष के गवाहों या शिकायतकर्ता और पीड़ित को धमकाना तथा प्रभावित नहीं करना और जांच में सहयोग करना शामिल है। इसके अलावा जब भी जांच के लिए उन्हें बुलाया जाएगा तो वह जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होंगे, न्यायालय में अपना पासपोर्ट जमा करना होगा और न्यायालय से लिखित अनुमति प्राप्त किए बिना राज्य नहीं छोड़ेंगे। इसके अलावा, वह किसी भी तरह से पीड़ित से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क नहीं करेंगे, वह महीने के प्रत्येक दूसरे रविवार को जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होंगे और छह माह की अवधि के लिए या आरोप पत्र दाखिल होने तक, जो भी पहले हो, सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। सूरज को दो लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमान दी गई है। आपको बता दें कि 27 वर्षीय एक व्यक्ति ने सूरज रेवन्ना के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि सूरज रेवन्ना ने 16 जून को घन्नीकाड़ा स्थित अपने फार्महाउस में शिकायतकर्ता का अप्राकृतिक यौन शोषण किया।

## मिस्त्र के राजदूत ने गाजा की स्थिति पर जताई चिंता: जयशंकर

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 22 जुलाई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को मुख्य अतिथि के रूप में नई दिल्ली में मिस्त्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लिया। इस दौरान मिस्त्र के राजदूत वेल हमेद भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, हमारे दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंध हाल के वर्षों में और प्रगाढ़ हुए हैं। हमारे आर्थिक सहयोग में निरंतर विविधता आई है और दोनों पक्ष आपसी लाभ के लिए नए अवसर तलाश रहे हैं। पचास से ज्यादा भारतीय कंपनियां पहले से ही मिस्त्र की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश कर चुकी हैं। जिनमें फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और हरित उर्जा प्रमुख क्षेत्र हैं। आने वाले वर्षों आईटी उद्योग में प्रगति की



उम्मीदउन्होंने कहा, हमारा आईटी उद्योग भी ऐसी साझेदारियों स्थापित कर रहा है। हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में इसमें प्रगति होगी। मिस्त्र हमारे कृषि निर्यात के लिए एक बाजार के रूप में खुला है। हमारा रक्षा सहयोग भी बढ़ा है। 2021 से हमारी वायु सेनाओं ने द्विपक्षीय और बड़े प्रारूप में नियमित अभ्यास किए हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हमेद ने कहा, गाजा की स्थिति दिल दहला देने वाली है। हम अपने टीवी स्क्रीन पर हर रोज क्रूर युद्ध के दृश्य देखते हैं। हमारी सभ्य दुनिया में इसकी कोई जगह नहीं है। हम राज्य प्रायोजित आतंकवाद सहित आतंक के सभी रूपों की निंदा करते हैं। लेकिन यह फलस्तीनी लोगों के लिए सामान्य स्थिति नहीं होनी चाहिए।

## सरकार को नए कब्रिस्तान और खेल के मैदान के लिए नहीं मिल रही जमीन

नई दिल्ली, 22 जुलाई। कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने दुख जताते हुए कहा कि देखिए, जो स्थिति आ गई है, कि सरकार को कब्रिस्तान के लिए जमीन खरीदनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि पिछले साल सरकार ने 50 करोड़ रुपये कब्रिस्तान के लिए जमीन खरीदने में खर्च किए। क्योंकि पिछले कई सालों से कई अन्य उद्देश्यों के लिए बार-बार जमीन देने के बाद, अब हमें कब्रिस्तानों के लिए जमीन खरीदने की नौबत आ गई है। कर्नाटक विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान हरिहर से भाजपा विधायक हरीश बी. पी. की तरफ से उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने कहा कि राज्य में बच्चों के लिए खेल के मैदान उपलब्ध कराने और बिजली घर, अस्पताल और आंगनवाड़ी बनाने के लिए भी जगह नहीं है। उन्होंने कहा, 12 हजार आंगनवाड़ी के लिए भूमि की मांग करने वाले आवेदन आए हैं, जिन्हें हम उपलब्ध नहीं करा पाए हैं। हाल ही में हुई बैठक में मुख्यमंत्री (सिद्धारमैया) ने इसके लिए मुझसे सवाल भी किए थे।

## पूर्व राजदूत तरणजीत संधू ने ट्रंप को बताया मजबूत

नई दिल्ली, 22 जुलाई। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले राजनीतिक घटनाक्रम पर पूरी दुनिया का ध्यान है। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर हमला होता है, डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडन अपनी दावेदारी से पीछे हट जाते हैं और इस तरह हार-जीत के कयास भी लगने शुरू हो जाते हैं। इस बीच अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू का कहना है कि उनके मुताबिक इस समय राष्ट्रपति पद की दौड़ में डोनाल्ड ट्रंप आगे बढ़ते दिख रहे हैं। हालांकि, संधू ने यह भी कहा कि अमेरिकी की राजनीति बेहद रोचक है। उन्होंने कहा, 'अमेरिका के चुनाव में निर्वाचन प्रणाली 50 में से छह राज्यों पर निर्भर करती है। इसलिए छह राज्यों परिणाम बड़ा अंतर ला सकते हैं। इसलिए यह माना जा रहा है कि इसका फायदा रिपब्लिकन पार्टी को मिल सकता है।' तरणजीत सिंह संधू ने यह भी कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के सामने कई चुनौतियां खड़ीं हैं लेकिन, ये चुनौतियां अवसर में भी बदल सकती हैं। संधू ने कहा 'दरअसल, जब आपके पास एक नया चेहरा होता है, तो इससे पार्टी को नई ऊर्जा मिलती है। इसलिए अगर आप कहते हैं कि यह एक प्रतिस्पर्धी चुनाव होने जा रहा है, तो आने वाले दिनों में आप सही साबित हो सकते हैं।' तरणजीत सिंह संधू ने कहा, अच्छी बात यह है कि भारत का डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी, दोनों के साथ अच्छा व्यवहार है। अमेरिका और भारत के संबंध मजबूत हैं। उधर, राष्ट्रपति पद की दावेदारी से पीछे हटने के बाद जो बाइडन ने इस पद के लिए कमला हैरिस का नाम आगे बढ़ाया है। इसे लेकर तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए कमला हैरिस के पक्ष में तीन बातें बेहद अहम हैं।

# लोकसभा में बिहार को विशेष राज्य के दर्जे पर मिला सीधा जवाब

**सौरभ शर्मा**

पटना, 22 जुलाई। केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में शामिल जनता दल यूनाईटेड ने सीधे-सीधे लोकसभा में अपनी ही सरकार से पूछ दिया कि क्या वह बिहार और शेष ऐसे राज्यों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए विशेष राज्य का दर्जा देना चाहती है? अगर सरकार ऐसा विचार रखती है तो बताए और नहीं रखती है तो इसका कारण स्पष्ट करे। जदयू के रामप्रीत मंडल के इस सीधे सवाल का सीधा जवाब भी बजट सत्र के पहले दिन आ गया। मंडल ने वित्त मंत्री के लिए यह सवाल रखा था। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने इसपर प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए नकारात्मक और सीधा जवाब दिया। मतलब, अब जैसा जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने सर्वदलीय बैठक में अपनी बात रखी थी कि अगर विशेष राज्य का दर्जा नहीं दे सकते हैं तो विशेष पैकेज दें। अब संभवत- एनडीए सरकार के अहम किरदार जदयू की बात रखने के लिए केंद्र सरकार इस राह का विकल्प देखे। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने रामप्रीत मंडल के सवाल के जवाब में बताया- राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) ने पहले कुछ राज्यों को योजना सहायता के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा प्रदान किया था। उन राज्यों में कुछ विशेष परिस्थितियां थीं, जिनके आधार पर यह किया गया था। यह निर्णय उन सभी कारकों और राज्य



की विशिष्ट स्थिति के एकीकृत विचार के आधार पर लिया गया था। विशेष श्रेणी के दर्जे के लिए बिहार के अनुरोध पर एक अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) ने पहले भी विचार किया था, जिसने 30 मार्च, 2012 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। आईएमजी ने निष्कर्ष निकाला था कि मौजूदा एनडीसी मानदंडों के आधार पर बिहार को विशेष श्रेणी का दर्जा नहीं दिया जा सकता है। 2012 में देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी। उस समय भी यही रिपोर्ट आई थी, केंद्र की मौजूदा सरकार ने उसी का हवाला दिया है। देश के किसी क्षेत्र को विशेष श्रेणी का दर्जा देने की बात पहली बार 1969 में राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) की बैठक में आई थी। इस बैठक में डीआर गाडगिल समिति ने भारत में राज्य योजनाओं के लिए केंद्रीय सहायता आवंटित करने का एक फॉर्मूला पेश किया। इससे पहले राज्यों को इस तरह से आगे बढ़ाने के लिए धन वितरण का कोई विशेष फॉर्मूला नहीं था। एनडीसी ने अनुमोदित गाडगिल फॉर्मूला ने असम, जम्मू-कश्मीर और नगालैंड जैसे विशेष श्रेणी के राज्यों को प्राथमिकता दी गई। 5वें वित्त आयोग ने 1969 में स्पष्ट किया कि विशेष श्रेणी की अवधारणा क्या रहेगी? एनडीसी ने इस स्थिति के आधार पर इन राज्यों को केंद्रीय योजना से सहायता आवंटित की थी। वित्तीय वर्ष 2014-2015 तक विशेष श्रेणी स्थिति वाले 11 राज्यों को इसका लाभ मिला।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री टेनी के बेटे आशीष मिश्रा को जमानत

नई दिल्ली, 22 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 के लखीमपुर-खीरी हिंसा मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को जमानत दी। कोर्ट ने जमानत अर्जी मंजूर करने के बाद उन्हें दिल्ली या लखनऊ में रहने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अधीनस्थ अदालत को मामले की सुनवाई में तेजी लाने और समयसीमा तय करने का निर्देश दिया। बता दें कि लखीमपुर खीरी हिंसा आठ लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद उनके दिल्ली या लखनऊ जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। पिछले साल 25 जनवरी को शीर्ष अदालत ने हिंसा की दुर्भाग्यपूर्ण भयावह घटना में आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत दी थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले में किसानों को भी जमानत दी और ट्रायल कोर्ट को सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अंतरिम आदेश को निरपेक्ष बनाया गया है। हमें सूचित किया गया है कि 117 गवाहों में से अब तक सात की जांच की जा चुकी है। हमारे विचार में मुकदमे की कार्यवाही में तेजी लाने की जरूरत है। हम ट्रायल कोर्ट को निर्देश देते हैं कि वह लंबित अन्य समयबद्ध या जरूरी मामलों को ध्यान में रखते हुए समय-सारिणी तय करे, लेकिन लंबित विषय को प्राथमिकता दे। जिले में हिंसा तब भड़की थी, जब किसानों ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के क्षेत्र के दौरे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान चार किसानों को एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन ने कुचल दिया था। इसके बाद एक ड्राइवर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो कार्यकर्ताओं को गुस्साए किसानों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला था। इस हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हुई थी। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को निर्देश दिया है कि वह यह सुनिश्चित करें कि 2006 के निठारी सिलसिलेवार हत्याकांड मामले में सुरेंद्र कोली को बरी किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर उसे नोटिस सौंप दिया गया है। न्यायालय की रजिस्ट्रार सुजाता सिंह ने कहा कि एक पीड़ित के पिता पप्पू लाल की अपील पर न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ की ओर से जारी नोटिस कोली को नहीं दिया गया है, जो गाजियाबाद की डासना जेल में बंद है।

# मानसून के बाद सर्दियों का भी ऑफर आएगा: अखिलेश यादव

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 22 जुलाई। संसद का मानसून सत्र आज यानी सोमवार से शुरू हो रहा है। इसी क्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इस सत्र के दौरान विपक्ष भी 'नीट' पेपर लीक और रेल सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है। संसद के मानसून सत्र पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, हम लगातार नीट का मुद्दा उठा रहे हैं। किसानों के लिए एमएसपी की आवाज भी हमने उठाई है। तेलंगाना के अधिकार को लेकर भी हमने आवाज उठाई। लेकिन हमें इस सरकार से कोई उम्मीद नहीं कि ये कोई भी ऐसा न्यायसंगत काम करेगी जिससे नौजवानों, किसानों और तेलंगाना को न्याय मिले। अपने मानसून ऑफर- 100 को लाइए और सरकार बनाइए के ट्वीट पर अखिलेश यादव ने कहा कि बरसात का समय है और इसके बाद सर्दियों का ऑफर भी आएगा। अपनी कुर्सी बचाने के लिए उन्होंने दुकानों के बाहर बोर्ड लगाने को कहा और सच्चाई ये है कि इसमें दिल्ली और लखनऊ की सरकारें मिली हुई हैं। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि पूर्व में राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा विशेष राज्य का दर्जा दिया गया था। इससे पहले 30 मार्च 2012 को एक अंतर मंत्रालयी समूह द्वारा बिहार को भी विशेष राज्य का दर्जा देने पर विचार किया गया था। हालांकि मौजूदा मानदंडों के आधार पर बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा देने का मामला नहीं बनता है। सरकार को नीट मुद्दे पर जवाब देना चाहिएआजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आज प्रश्नकाल के दौरान सिर्फ छह सवाल लिए गए। कल सर्वदलीय बैठक में भी हमने सुझाव दिया था कि प्रश्नकाल और संसद सत्र की अवधि को बढ़ाया जाना चाहिए। नीट परीक्षा देने वाले छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और ऐसे में सरकार को जवाब देना चाहिए। शिक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई हैसरकार ने आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में बताया कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। देश की अर्थव्यवस्था का लगातार विस्तार हो रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधानको जवाब देना चाहिए। वह सुप्रीम



कोर्ट और पीएम मोदी की बात कर रहे हैं, लेकिन वो ये नहीं बता रहे कि वह क्या कर रहे हैं। नीट देश के युवाओं के लिए अहम मुद्दा है। हम हमेशा संसद में चर्चा चाहते हैं, लेकिन सरकार इसकी इच्छुक नहीं है, लेकिन हम ये मुद्दा उठाते रहेंगे और सरकार पर दबाव बनाते रहेंगे। लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण पेश कर दिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में बिजनेस शुरू करने की प्रक्रिया को बेहद आसान बनाया गया है। साथ ही कई ऐसे नियमों को हटाया गया है, जिनकी वजह से उद्योगपतियों को परेशानी होती थी। एक केंद्रीय व्यवस्था बनाई गई है। लोकसभा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नीट मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि देश के कई सेंटर्स पर कई हजार बच्चे प्रवेश परीक्षा में पास हो गए हैं, लेकिन क्या सरकार ने ये जानने की कोशिश की कि उन सेंटर्स पर इंफ्रास्ट्रक्चर कैसा है? इसके जवाब में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पूर्व की सरकारों में हुए पेपरलीक का मुद्दा उठाकर बचाव करने की कोशिश की और कहा कि उत्तर प्रदेश में पूर्व की सरकारों में जितने पेपरलीक हुए उन सब की सूची उनके पास है।

## इराकी आतंकवादी समूह ने किया ड्रोन से इजरायली बंदरगाह शहर पर हमला करने का दावा

एजेंसी

**बगदाद।** इराक के शिया आतंकवादी समूह 'इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक' ने दावा किया है कि उसने इजरायल के दक्षिणी बंदरगाह शहर ईलात में एक स्थान पर ड्रोन हमला किया है। संगठन ने एक ऑनलाइन बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने रविवार की सुबह ईलात में एक 'महत्वपूर्ण साइट' पर ड्रोन हमला किया। समूह ने कहा कि हमला 'गाजा के लोगों के साथ एकजुटता में' किया गया है और उसने 'दुश्मन के गढ़ों' को निशाना बनाना जारी रखने की कसम खायी है। बयान में लक्षित साइट या हताहतों का विवरण नहीं दिया गया। इजरायली अधिकारियों ने ड्रोन हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष शुरू होने के बाद से इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक ने गाजा में फिलिस्तीनियों का समर्थन करने का दावा करते हुए इस क्षेत्र में इजरायली ठिकानों और अमेरिकी ठिकानों पर कई हमले किये हैं।

## हैरिस या किसी अन्य डेमोक्रेटिक उम्मीदवार से बहस के लिए तैयारः ट्रंप

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह उपराष्ट्रपति कमला हैरिस या किसी अन्य डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार से बहस करने के लिए तैयार हैं।



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने दिन की शुरुआत में कहा कि वह राष्ट्रपति पद की दौड़ से हट जाएंगे। श्री बिडेन ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनाने का समर्थन किया। श्री ट्रम्प ने सीबीएस न्यूज़ से कहा कि मुझे नहीं पता कि मैं किससे बहस करने जा रहा हूं। अब तक, यह निर्धारित नहीं हुआ है कि उस पक्ष में कौन होगा लेकिन मुझे लगता है कि जो भी हो, मैं बहस करना चाहूंगा। हां, निश्चित रूप से।श्री बिडेन के निर्णय के जवाब में श्री ट्रम्प ने दिन की शुरुआत में कहा कि उनके पूर्व प्रतिद्वंद्वी अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में सेवा करने के लिए कभी भी उपयुक्त नहीं थे। उन्होंने कहा कि उनके राष्ट्रपति पद के कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है।

## हिंसा पर अंकुश के लिए कर्फ्यू बढ़ाया, दो दिन छुट्टी का एलान; अब तक 139 लोगों की हो चुकी है मौत

**ढाका।** आरक्षण के खिलाफ छात्रों के प्रदर्शन के हिंसक रूप लेने के बाद बांग्लादेश सरकार ने देशव्यापी कर्फ्यू को बढ़ा दिया। लोगों को घरों में रहने की सलाह दी गई है। दूसरी तरफ, देश में दो दिन के सार्वजनिक अवकाश का एलान किया गया है। इस दौरान सिर्फ आपातकालीन सेवाओं को काम करने की इजाजत होगी। हिंसा में अब तक 139 लोग मारे जा चुके हैं। हालांकि, सरकार ने अब तक कोई आंकड़ा जारी नहीं किया है। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के सेनानियों के वंशजों को सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत का आरक्षण दिए जाने के एलान के बाद भड़के हिंसक प्रदर्शनों ने सरकार को हिलाकर रख दिया है। हालांकि, देश की शीर्ष अदालत ने सेनानियों के रिश्तेदारों का कोटा 30 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी कर दिया। गृह मंत्री असदुजमां खान ने बताया कि कर्फ्यू में शाम तीन से पांच बजे तक ढील दी गई, ताकि लोग जरूरी सामान खरीद सकें। उधर, प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार ने रविवार व सोमवार को सार्वजनिक अवकाश का एलान किया है। इस दौरान सिर्फ आपातकालीन सेवाओं को काम करने की अनुमति होगी।

## नाटो ने पांच लाख से अधिक सैनिकों को हाई अलर्ट पर रखा



**ब्रुसेल्स।** नाटो प्रवक्ता फराह दखलल्लाह ने कहा कि पांच लाख से अधिक नाटो सैन्यकर्मियों कोइस समय हाई अलर्ट पर रखा गया है। श्री दखलल्लाह ने सीएनएन से कहा कि 2014 के बाद से, नाटो ने हमारी सामूहिक रक्षा में सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन किया है। हमने शीत युद्ध के बाद से सबसे व्यापक रक्षा योजनाएं बनाई हैं, वर्तमान में पांच लाख से अधिक सैनिक हाई अलर्ट पर हैं।नाटो नेताओं ने जारी वाशिंगटन शिखर सम्मेलन घोषणा में पुष्टि किया कि यूक्रेन नाटो में अपरिवर्तनीय रास्ते पर है। संयुक्त बयान में रूस को अलग-थलग करने, पूर्वी तट पर सुरक्षा बढ़ाने और यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता बढ़ाने के गठबंधन के प्रयासों को रेखांकित किया गया।

## रस्टी हिक्स ने ई-मेल भेजकर प्रतिनिधियों से कमला हैरिस के लिए समर्थन मांगा

### डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन बुधवार को चुनेगी उम्मीदवार

एजेंसी

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष रस्टी हिक्स ने राज्य के प्रतिनिधियों को एक ई-मेल भेजकर कमला हैरिस का समर्थन करने का आग्रह किया है। उन्होंने ई-मेल में केडीएच एंडोर्समेंट फॉर्म से अटैच किया है।

इसमें एक पंक्ति शामिल है जिसमें कहा गया है कि इस फॉर्म पर हस्ताक्षर करके आप उपराष्ट्रपति हैरिस के समर्थक के रूप में अपना नाम सार्वजनिक रूप से उपयोग करने के लिए सहमत हैं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ई-मेल आज दोपहर राज्य के प्रतिनिधियों को भेजा गया। साथ ही डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन की नियम समिति ने रविवार देररात घोषणा की है कि पार्टी बुधवार को अपने अगले राष्ट्रपति पद के




उम्मीदवार का चयन करेगी। उल्लेखनीय है कि 81 वर्षीय राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चुनाव के लिए अपनी दावेदारी छोड़ दी। उन्होंने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का इस पद के लिए समर्थन किया है। उन्होंने एक पत्र लिखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं।

## नेपाल के पूर्वमंत्री रामचन्द्र राय की पैतृक जिला सर्लाही में हत्या

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्वमंत्री रामचन्द्र राय की सर्लाही जिले के पैतृक आवास में बीती रात सोते समय धारदार हथियार से सिर पर वार कर हत्या कर दी गई। 80 वर्षीय पैतृक आवास में नौकर के साथ रहते थे। उनका बाकी परिवार काठमांडू में रहता है। यह वारदात सर्लाही जिले के चन्द्रनगर गांवपालिका स्थित रतनपुर में हुई है। मधेश प्रदेश के डीआईजी यज्ञ विनोद पोखरेल और सर्लाही के एसपी रवीन्द्र सिंह घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। एसपी सिंह का कहना है कि पंचनामा कर शव को सर्लाही जिला अस्पताल मलंगवा भेजा जा रहा है। डीआईजी पोखरेल ने जिला क्राइम ब्रांच को घटना की जांच करने का आदेश दिया गया है। हत्यारों तक पहुंचने के लिए खोजी कुत्ते की मदद ली जा रही है। पुलिस को आशंका है कि हत्या के पीछे जमीन जायदाद के






विवाद हो सकता है।रामचन्द्र राय 30 साल पहले राजा के प्रत्यक्ष शासन वाली सरकार में भूमि सुधार राज्यमंत्री थे। वे प्रारम्भ से राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी से जुडे थे। पड़ोसियों ने बताया है कि राय अपने पैतृक घर में एक कामदार के साथ अकेले ही रहते थे। उनकी पत्नी, बेटा, बहू और पोते-पोतियां सब काठमांडू में रहते हैं।

## बाइडेन से नहीं, कमला हैरिस से हो सकता है डोनाल्ड ट्रंप का सामना

एजेंसी

**वाशिंगटन।** कुछ दिन पहले कोविड-19 की चपेट में आए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अचानक राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा न लेने का ऐलान कर सभी को चौंका दिया। हालांकि कुछ समय से उन पर उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी का इसके लिए दबाव बढ़ रहा था। 81 वर्षीय बाइडेन ने इच्छा जताई है कि उनके स्थान पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पार्टी चुनाव लड़ाए। वह उनकी उम्मीदारी का समर्थन करेंगे। बाइडेन के इस रुख से साफ है कि रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सामना डेमोक्रेट कमला हैरिस कर सकती हैं।




अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, बाइडेन के अचानक दौड़ से पीछे हटने के बाद कमला हैरिस ने कहा है कि वह दौड़ में शामिल हो गई हैं। उनका इरादा चुनाव जीतना है। अब 107 दिन का समय शेष है। हम मिलकर लड़ेंगे और साथ मिलकर जीतेंगे।

द न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा है कि बाइडेन ने यह घोषणा सोशल मीडिया पोस्ट में जरूर की पर व्हाइट हाउस के अधिकांश कर्मचारियों को इससे पहले दोपहर 1:45 बजे उनके निर्णय के बारे में सूचित कर दिया गया। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इस समय 4,600 से अधिक डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन प्रतिनिधि हैं। इनमें से अधिकतर बाइडेन समर्थक हैं। वह अपने करीबियों से हैरिस की उम्मीदवारी पर चर्चा कर सकते हैं। हालांकि कई प्रमुख डेमोक्रेटिक गवर्नरों को भी संभावित उम्मीदवारों के रूप में देखा जा सकता है।

## रिपब्लिकन पार्टी के निशाने पर बाइडन, वेंस समेत कई नेता बोले- मानसिक रूप से फिट नहीं जो, इस्तीफा दें

एजेंसी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन के नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से इन्कार के बाद रिपब्लिकन पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के नेताओं से जो बाइडन से राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने की मांग की है। नेताओं का कहना है कि उनके चुनाव से हटने से साफ है कि वे मानसिक रूप से फिट नहीं हैं। इसलिए उनको आज भी राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। रिपब्लिकन पार्टी से उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और सीनेटर जेडी वेंस ने कहा कि दौड़ से हटने के राष्ट्रपति जो बाइडेन के कदम से साफ है कि वे मानसिक रूप से ठीक नहीं हैं। जब बाइडेन अपना री-इलेक्शन अभियान बीच में समाप्त कर सकते हैं, तो वह राष्ट्रपति कैसे रह सकते हैं? इससे साफ है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने बिल्कुल सही कहा था कि जो बाइडन कमांडर इन चीफ के रूप में सेवा के लिए मानसिक रूप से फिट नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो बाइडन अब तक के सबसे गलत राष्ट्रपति रहे हैं और कमला हैरिस ने उनका हर कदम पर साथ दिया। वेंस ने आरोप लगाया कि चार साल में उन्होंने बिडेन की खुली सीमा और हरित घोटाला नीतियों पर हस्ताक्षर किए। इससे आवास और किराने के सामान की लागत बढ़ गई। उन्होंने यह भी कहा कि कमला हैरिस ने देश से चार साल तक झूठ बोला और देश में ऐसे राष्ट्रपति को बिठाया जो मानसिक रूप से ठीक नहीं है। रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं से उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और वह मिलकर अमेरिका को बचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

## अमेरिका के फिलाडेल्फिया की सभा में फायरिंग से तीन की मौत, छह घायल

एजेंसी

**फिलाडेल्फिया।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया में रविवार रात करीब दो बजे एक सभा में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हैं। पुलिस के मुताबिक फिलाडेल्फिया के कैरोल पार्क इलाके में 100 से अधिक लोग सभा में मौजूद थे। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में यह तथ्य सामने आया है कि कई पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। घटनास्थल पर एक से अधिक कैलिबर के कारतूस के खोल मिले हैं। पुलिस के मुताबिक 33 वर्षीय एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाकी लोगों की मौत पेन प्रेस्बिटेरियन मेडिकल सेंटर में हुई। सभी घायलों की हालत स्थिर है। घायलों में एक महिला भी शामिल है। इंस्पेक्टर डीएफ पेस ने कहा कि घटनास्थल पर 25 से 30 कारतूस के खोल मिले हैं। एक व्यक्ति को बेहद करीब से गोली मारी गई थी। ऐसा लगता है कि उसे निशाना बनाकर गोली चलाई



गई थी। हालांकि सभा क्यों बुलाई गई थी... इसके बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है। पुलिस ने एक हथियार बरामद किया है। अभी किसी भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## अमेरिकी एनएसए ने कहा, भारत रूस के साथ अपने रिश्ते छोड़ने वाला नहीं

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि भारत रूस के साथ अपने रिश्ते को छोड़ने वाला नहीं है। यह बात उन्होंने पीएम मोदी की रूस यात्रा के जवाब में कही थी। इससे पहले सुलिवन ने कहा कि सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के आरोपों के संबंध में भारत के साथ बातचीत सम्मानजनक और प्रभावी रही, क्योंकि यह बंद दरवाजों के पीछे हो रही है। उन्होंने कहा कि हमने इस मुद्दे पर भारत के साथ रचनात्मक बातचीत की है। सुलिवन कोलोराडो में एस्पेन सिक्योरिटी फोरम में पन्नू की हत्या के प्रयास से संबंधित आरोपों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। भारत द्वारा रूस के साथ सैन्य और प्रौद्योगिकी संबंधों को गहरा करने का कोई ठोस सुबूत नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मॉस्को चीन का जूनियर भागीदार बन गया है। जरूरी नहीं कि वह भविष्य में किसी आकस्मिक स्थिति में भारत का महान और विश्वसनीय मित्र बने।सुलिवन ने कहा कि मुझे लगता है कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या हम इस बात के ठोस सुबूत देखते




हैं कि भारत रूस के साथ अपने सैन्य और प्रौद्योगिकी संबंधों को गहरा कर रहा है। मुझे उस यात्रा से कोई ठोस सुबूत नहीं मिला कि यह गहरा हो रहा था। मैंने उस स्थान पर कोई उपलब्धि नहीं देखी।

## किम ने द. कोरिया में फिर भेजे कचरा भरे गुब्बारे, 2018 का तनाव कम करने वाला करार खतरे में पड़ गया है

एजेंसी

**वाशिंगटन।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया की तरफ कचरा भरे और अधिक गुब्बारे उड़ाए। इसे लेकर दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि वह इसका जवाब पूरी तरह से लाउडस्पीकर प्रसारण के साथ देगी। दरअसल, जोर से चिल्लाकर किए प्रचार, विश्व समाचार और के-पॉप संगीत से भरपूर दक्षिण कोरिया के प्रसारणों को सैन्य अधिकारी और कार्यकर्ता मनोवैज्ञानिक युद्ध का असरदार तरीका मानते हैं। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने उत्तर कोरिया के गुब्बारे छोड़े जाने को अश्लील और शर्मनाक कहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरियाई गुब्बारे सीमा पार करने के बाद दक्षिण कोरियाई राजधानी सियोल के उत्तर में उड़ रहे थे। जैसा कि हमने कई बार चेतावनी दी थी, सेना आज दोपहर एक बजे से सभी मोर्चों पर लाउडस्पीकर प्रसारण करेगी। उन्होंने लोगों को जमीन पर गिरती हुई चीजों को लेकर आगाह किया। द. कोरियाई सेना ने कहा कि उत्तर कोरिया की कार्रवाई के घातक नतीजे हो सकते हैं। इसके लिए पूरी तरह से वहां की सरकार जिम्मेदार होगी। उत्तर कोरिया के गुब्बारे भेजने से दो दिन पहले ही सियोल ने प्योंगयांग के विरोध में प्रसारण दोबारा शुरू किया था।दरअसल, इससे पहले उत्तर कोरिया की तरफ से मई के आखिर में कपड़े, सिगरेट के टुकड़े, बेकार बैटरी और खाद से भरे गुब्बारे द.कोरिया भेजे गए थे। उधर दूसरी तरफ उत्तर कोरिया ने कहा कि पहले दक्षिण कोरिया के उसे गुब्बारे से राजनीतिक पर्चे भेजे थे।

## यूक्रेन के हमले में रूस के आंशिक कब्जे वाले डोनेत्स्क में दो लोगों की मौत, पांच घायल

एजेंसी

**कीव।** रूस और यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच एक दूसरे पर ड्रोन, मिसाइल और गोलाबारी की। रूसी सरकारी मीडिया ने बताया कि रूस के आंशिक रूप से कब्जे वाले डोनेत्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि रूसी हमलों में कम से कम पांच लोग घायल हो गए।

रूस ने कहा कि उसने पूर्व दिशा में अग्रिम पंक्ति में दो गांवों पर नियंत्रण कर लिया है, एक खारकीव क्षेत्र में और दूसरा लुहांस्क क्षेत्र में। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती ने बताया कि डोनेत्स्क क्षेत्र के रूस के कब्जे वाले इलाकों में यूक्रेन की गोलाबारी में होर्लिव्का गांव में दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार सुबह बताया कि दक्षिणी यूक्रेन के आंशिक रूप से



कब्जे वाले खेरसॉन क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमलों में तीन लोग घायल हो गए। देश के उत्तर-पूर्व में, खारकीव क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि रूसी गोले की चपेट में आने से एक गांव में दो लोग घायल हो गए।

वायुसेना कमांडर मायकोला ओलेशुक के अनुसार, रविवार रात में यूक्रेन की वायु रक्षा ने रूस द्वारा प्रक्षेपित 39 ड्रोन में से 35 को रोक दिया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, रूस ने तीन बैलिस्टिक मिसाइल और दो गाइडेड एयर मिसाइल प्रक्षेपित कीं, जो अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाईं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके सैनिकों ने दो गांवों पर नियंत्रण कर लिया हैः खारकीव क्षेत्र में पिश्चाने निजने और लुहांस्क क्षेत्र में एंद्रिवका। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात के समय देश के बेलगोरोद क्षेत्र और काला सागर के ऊपर आठ ड्रोन मार गिराये। रूस द्वारा नियुक्त खेरसॉन के गवर्नर व्लादिमीर साल्दो ने कहा कि रूसी वायु रक्षा ने रूसी कब्जे वाले क्रीमिया की ओर जा रही दो लंबी दूरी की बैलिस्टिक एटीएसीएमएस मिसाइल को खेरसॉन क्षेत्र में मार गिराया गया।

## नेपाल में दो साल तक ओली रहेंगे प्रधानमंत्री, उसके बाद नेपाली कांग्रेस करेगी सरकार का नेतृत्व

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत का प्रस्ताव पेश करते हुए सत्ता सहयोगी नेपाली कांग्रेस के साथ हुए सात सूत्री समझौते को पहली बार सार्जनिक किया। इसके मुताबिक दो साल तक ओली प्रधानमंत्री पद संभालेंगे और इसके बाद नेपाली कांग्रेस सरकार का नेतृत्व करेगी।

प्रतिनिधि सभा का विशेष सत्र शुरू होते ही प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष ओली ने विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया। इस दौरान ओली ने सरकार बनाने के लिए नेपाली कांग्रेस के साथ हुए समझौते को पहली बार सार्वजनिक किया। इसके मुताबिक संसद के बाकी बचे कार्यकाल के दो वर्ष तक के लिए ओली प्रधानमंत्री पद संभालेंगे। इसके बाद शेष कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री का पद नेपाली



कांग्रेस के पास रहेगा। प्रदेश सरकारों के बारे में समझौते में यह लिखा है कि तीन प्रदेश में नेपाली कांग्रेस और तीन प्रदेश में सीपीएन (यूएमल) के नेतृत्व में सरकार होगी, जबकि एक प्रदेश मधेशी दल को दिया जाएगा।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## 'भविष्य की राह अनजान है, लेकिन.....', जो बाइडन के राष्ट्रपति पद की रेस से हटने पर ओबामा ने की तारीफ

एजेसी

**मास्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति पद की रेस से हटने का एलान कर दिया है। पहली डिबेट में ट्रंप के सामने कमजोर पड़ने के बाद से ही जो बाइडन पर राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने का भारी दबाव पड़ रहा था, लेकिन खुद बाइडन पीछे हटने को तैयार नहीं थे, लेकिन चौंकाते हुए बाइडन ने अचानक से पीछे हटने का एलान किया। जो बाइडन के इस फैसले की पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने जमकर तारीफ की है।

'बाइडन सच्चे देशभक्त' बराक ओबामा ने कहा कि 'जो बाइडन अमेरिका के सबसे अहम राष्ट्रपति है, साथ ही मेरे अच्छे दोस्त हैं। आज एक बार फिर उन्होंने ये बात साबित कर दी कि वह सच्चे देशभक्त हैं।' ओबामा को बतौर उपराष्ट्रपति चुनने के समय को याद करते हुए ओबामा ने कहा कि '16 साल पहले जब मैं उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की तलाश कर रहा था तो मुझे जो बाइडन के जनसेवा के क्षेत्र में शानदार करियर के बारे में पता था। लेकिन मैं उनकी तारीफ उनके जुझारूपन और सहानुभूति वाले चरित्र और उस विचार के लिए करता है, जिसमें वो हर नागरिक को अहम मानते हैं।'

**ओबामा ने गिनाई बाइडन की उपलब्धियां**

जो बाइडन की उपलब्धियां गिनाते हुए ओबामा ने कहा कि 'देश के कोरोना महामारी को खत्म करने, लाखों नौकरियां पैदा करने, दवाइयों की कीमत कम करने, हथियार सुरक्षा से संबंधी कानून बनाने, देश के इतिहास में जलवायु परिवर्तन पर सबसे बड़ा निवेश करने और हर नागरिक के अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में बाइडन ने शानदार काम किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की प्रतिष्ठा को फिर से स्थापित करने, नाटो को फिर से संगठित करने और यूक्रेन में रूस की आक्रामकता का जवाब देने में भी बाइडन की भूमिका काफी अहम रही।'



**कमला हैरिस के नाम पर साधी चुप्पी**

ओबामा ने कहा कि 'हम अनजान राहों पर आगे बढ़ रहे हैं और भविष्य में क्या होगा कोई नहीं जानता, लेकिन मुझे उम्मीद है कि हमारी पार्टी के नेता कुछ ऐसा करेंगे, जिससे सर्वश्रेष्ठ नामांकन सामने आएगा। मुझे विश्वास है कि जो बाइडन का एक समृद्ध, उदार और एकजुट अमेरिका का विजन अगस्त में होने वाले डेमोक्रेटिक कन्वेंशन में दिखाई देगा।'

ओबामा बोले 'जो बाइडन संघर्ष से पीछे हटने वाले नेता नहीं हैं, लेकिन अब मशाल अगले दावेदार को थमाना उनके लिए बहुत मुश्किल है, लेकिन उन्हें लगा कि यह अमेरिका के लिए सबसे सही फैसला है। यह बाइडन का देश के प्रति प्यार का सबूत है।'

**रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बाइडन को बताया विदेश नीति के सबसे महान विचारकों में से एकः** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बाइडन की तारीफ करते हुए एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि 'राष्ट्रपति बिडेन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के असाधारण संरक्षक हैं। कमांडर इन चीफ के रूप में, उन्होंने रक्षा विभाग और अमेरिकी सेना के प्रति अपनी गहन और व्यक्तिगत प्रतिबद्धता दिखाई है, और मैं उनके नेतृत्व के लिए बहुत आभारी हूं। हमारी विदेश नीति के सबसे महान विचारकों में से जो बाइडन भी एक हैं।'

## ऑपरेशन स्माईल में दस बच्चों का किया रेस्क्यू

**एजेंसी**

**फरीदाबाद।** आप्रेशन स्माईल के तहत अपराध शाखा कैट की टीम ने दस नाबालिग बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आप्रेशन स्माइल के तहत कार्य करते हुए अपराध शाखा कैट ने एनआईटी-5, सेक्टर 28 , अजरोंदा चौक, व एस्कोर्ट कंपनी सेक्टर 12 के सामने से 10 नाबालिग बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया है। सभी बच्चों की उम्र 5 से 16 वर्ष के है। भीख मांगने वाले नाबालिबच्चों व उनके अभिभावकों की काउंसलिंग कराई गई। चेयरपर्सन बाल कल्याण समिति फरीदाबाद ने उपरोक्त बच्चों के परिजनों को हिदायत देकर बच्चों के माता-पिता को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित करते हुए बच्चों को सकुशल उनके परिजनों हवाले किया गया।



## आम आदमी पार्टी का मतलब 'जमानत जब्त पार्टी', लोगों ने उन्हें ठुकराया : अनिल विज

**अंबाला।** आम आदमी पार्टी (आप) के हरियाणा की सभी सीटों पर अकेले विधानसभा चुनाव लड़ने और सुनीता केजरीवाल द्वारा जारी केजरीवाल की 5 गारंटी पर राज्य के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कटाक्ष किया। हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने आम आदमी पार्टी को 'जमानत जब्त पार्टी' करार देते हुए कहा कि इनके लालच देने वाले फॉर्मूले को जनता ने ठुकरा दिया है। ये हर प्रदेश में जाकर जनता को इसी प्रकार का लालच देते हैं, लेकिन जनता ने इन्हें ठुकरा दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में आप दिल्ली में साफ हो गई है, पंजाब में भी उन्हें सफलता नहीं मिली। आम आदमी पार्टी ने पूरे देश में जहां-जहां भी अपने उम्मीदवार उतारे, उनकी जमानत जब्त हुई। इस पार्टी का अब कोई किरदार नहीं रह गया, ये लोग जो बातें करके सत्ता में आए थे, उससे यू-टर्न ले लिया। सोनीपत से कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार की गिरफ्तारी पर अनिल विज ने गीत गुनगुनाकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि 'सरकता जा रहा कांग्रेस के चेहरे से नकाब, आहिस्ता... आहिस्ता... सामने आ रहा कांग्रेस की लूट का हिसाब आहिस्ता... आहिस्ता...।'

## युद्ध क्षेत्रों में फंसे युवाओं को लाने का इंतजाम करे सरकार: कुमारी सैलजा

**सिरसा।** सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने हरियाणा में सरकारी रोजगार को तो खत्म कर ही दिया, साथ में निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर समाप्त कर दिए हैं। प्रदेश में रोजगार नहीं है, इसलिए बेरोजगारों को विदेश जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार की आस में यूक्रेन व रूस के युद्ध क्षेत्र में फंसे युवाओं को वापस लाने के लिए प्रदेश सरकार को कुछ करना चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि यह पहला मौका नहीं है, जब हरियाणा के युवा यूक्रेन-रूस युद्ध क्षेत्र में फंसे हों। इससे पहले रूस की ओर से भी कई युवा युद्ध क्षेत्र में धकेले जा चुके हैं। कोई भी घर या परिवार नहीं चाहता कि उसके बच्चे किसी ऐसी जगह पर जाएं, जहां कोई लड़ाई-झगड़ा चल रहा हो या फिर अशांति हो। पेट को भरने की मजबूरी युवाओं को देश-प्रदेश छोड़ने पर मजबूर कर रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कितने शर्म की बात है, जो हरियाणा सरकार खुद ही युवाओं को इजराइल जैसे अशांत व युद्ध क्षेत्र में भेजने को कैंप लगवा रही थी। यह बेरोजगारों की मजबूरी ही कही जाएगी, जो वे यहां पर भूखे मरने की बजाए वहां गोली से मरने का रास्ता चुन रहे थे। मीडिया को दिए इंटरव्यू में कई युवाओं ने खुद इस बात को स्वीकार भी किया था। इसके बावजूद भाजपा और उसकी प्रदेश सरकार का दिल नहीं पसीजा।

## लिव इन रिलेशन के विरोध में माजरा खाप,सांसद को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी से माजरा खाप ने मुलाकात की और विभिन्न सामाजिक मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लीव इन रिलेशनशिप, लव मैरिज और समलैंगिक कानूनों को रद्द करने की मांग की गई, तो वहीं लड़की की शादी की उम्र 21 साल की बजाय 18 साल या इससे भी कम करने की मांग की गई। माजरा खाप के प्रधान गुरविंद्र संधू, प्रेस प्रवक्ता समुंद्र सिंह फोर ने कहा कि लीव इन रिलेशनशिप कानून घरों व रिश्तों को बर्बाद कर रहा है। एक महिला तीन-तीन लीव इन रिलेशनशिप में रह कर भी गुजारा भत्ता की मांग करती है। लीव इन रिलेशनशिप में रहते संतान पैदा होती है तो इसका जिम्मेदार पिता कौन होगा। किसी संपत्ति से उसे हक मिलेगा, इस पर कानून मोन है। इस कानून की समाज में कोई जरूरत नहीं है, इसलिए इसे रद्द किया जाए। इसके अलावा खाप पंचायतें लव मैरिज का विरोध नहीं करती हैं लेकिन इसमें संशोधन की मांग खापें कर रही हैं। लव मैरिज में दोनों तरफ माता-पिता की गवाही व सहमति अनिवार्य करनी चाहिए। एक ही गांव, गुहांड, एक गोत्र में लव मैरिज नहीं होनी चाहिए। खापों ने कहा कि लड़की की शादी की न्यूनतम उम्र 21 साल किए जाने को लेकर नया कानून विचाराधीन है।

# मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सिरसा के सिकंदरपुर डेरे में किया एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पर्यावरण की शुद्धता के लिए यह ज़रूरी है कि हम सभी को एक-एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। जितने ज्यादा पेड़-पौधे होंगे, उतना ही हमारा पर्यावरण स्वच्छ होगा।

मुख्यमंत्री जिला सिरसा में राधा स्वामी डेरा सिकंदरपुर में गुरु पूर्णिमा के दिन आयोजित एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण से बचाव के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान का शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यमंत्री के साथ डेरा राधा स्वामी के सेवादारों ने एक साथ 20 हजार पौधे लगाकर वातावरण प्रदूषण रोकने का संदेश दिया।

नायब सिंह सैनी ने कहा की बड़ा हर्ष का विषय है कि डेरा मानवता की भलाई के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यक्रमों में भाग ले रहा है। डेरा के सेवादारों का यह प्रयास सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवता की सेवा के साथ-साथ हमें पर्यावरण शुद्धता की ओर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि कृषि के लिए जमीन को उपजाऊ रखने में पेड-पौधों और वनों का बड़ा योगदान होता है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाकर वनों का विकास करना होगा और पेड़-पौधों की रक्षा करनी होगी। जितने ज्यादा पेड़-पौधे होंगे, उतना ही हमारा पर्यावरण स्वच्छ होगा। आज तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, इसका एक कारण पेड़ों की कटाई ज्यादा होना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में असंतुलन चिंता का विषय है। उन्होंने पौधारोपण अभियान को एक महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए कहा कि पर्यावरण शुद्ध होगा तो व्यक्ति स्वस्थ होगा। जब व्यक्ति स्वस्थ होगा तो वह राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दे पायेगा।

**प्रदेश में सरकार लगाएगी 50 हजार वन मित्र**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए



सरकार प्रदेश में 50 हजार वन मित्र बनाएगी। वन मित्र गड्ढे खोदकर पेड़ लगाने के साथ-साथ उसका संरक्षण भी करेंगे। इस कार्य के लिए उन्हें प्रति पेड़ के हिसाब से सरकार द्वारा 20 रुपये दिए जाएंगे। इसी तरह एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत लगये गये पौधे के रखरखाव के लिए भी वन मित्रों को 10 रुपये प्रति पेड़ दिये जायेंगे।

**5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री ने की थी एक पेड़ मां के नाम योजना की शुरूआत**

मुख्यमंत्री ने बताया कि गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में एक पेड़ मां के नाम से एक अनूठे अभियान की शुरूआत की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि 'जितना सम्मान हम अपनी जन्म देने वाली मां को देते हैं, उतना ही सम्मान हमें हमारा पालन पोषण करने वाली धरती मां को भी देना होगा। अपनी मां के नाम पौधा लगाने से मां का तो सम्मान होगा ही, साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश को हरा-भरा बनाकर प्रदूषण मुक्त करने के लिए कृत संकल्प है। इसी के तहत एक पेड़ मां के नाम योजना का हरियाणा में भी अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान दौर में दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण चिंता का विषय है। इस वर्ष हरियाणा में भी कई जिलों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस रहा, जो चिंता का विषय है। उन्होंने अपील की है कि हर परिवार कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए। इसके साथ-साथ यह संकल्प भी लें कि अपने बच्चे के जन्म दिवस पर, विवाह की वर्षगांठ के अवसर पर या किसी भी खुशी के अवसर पर पेड़ लगाकर अपनी खुशी को यादगार बनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

**प्रदेश में इस वर्ष लगाए जाएंगे डेढ़ करोड़ पौधे**

मुख्यमंत्री ने बताया कि हर साल प्रदेश सरकार हर घर हरियाली, पौधगिरी जैसे आयोजन करके नागरिकों की भागीदारी से पौधारोपण अभियान चलाती है। इस वर्ष लगभग डेढ़ करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। पेड़ पौधों के ग्रोथ पर नजर रखी जाएगी ताकि हरियाणा में वन क्षेत्र को बढ़ाया जा सके।

## हरियाणा में कांग्रेस शासनकाल से दस गुना ज्यादा विकास कार्य भाजपा सरकार में हुए: मंत्री कंवर पाल

**एजेंसी**

**यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर जिले में प्रदेश के कृषि और किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल ने दस सालों के भाजपा सरकार के कार्यों का ब्यौरा देते हुए कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में कांग्रेस के शासनकाल की तुलना में दस गुना अधिक विकास कार्य हुए है। पूरे प्रदेश में बिना भेदभाव के पारदर्शिता के साथ समान रूप से विकास कार्य किए गए। मौजूदा भाजपा सरकार ने यमुनानगर में 100 करोड़ की लागत से 200 बेड का आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल,1000 करोड़ की लागत से यमुनानगर में गुरु तेग बहादुर मेडिकल कॉलेज, 1200 करोड़ की लागत से फोरलेन हाईवे, 650 करोड़ की लागत से पंचकूला से यमुनानगर तक फोरलेन हाईवे का निर्माण कराया गया है। यमुनानगर जिला में पांच नए सरकारी कॉलेज बनवाए गए है, यमुनानगर जिला में 4 नई आईटीआई खोली गई। उन्होंने कहा कि




यमुनानगर जिला में तीन नए पावर हाउस भी बनवाए गए है। छछरौली को सब डिवीजन बनाया गया है। प्रताप नगर को नई तहसील बनाया गया। यमुनानगर जिला की 6 सीएचसी को 6 बेड से अपग्रेड करके 30 बेड का बनाया गया। बाड़ी माजरा, यमुनानगर में दस करोड़ की लागत से नए पुल का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार नगर निगम क्षेत्र में 100 करोड़ की लागत से नई बसी कॉलोनियों में सीवरेज और पीने के पानी की पाईप लाईन डाले गए है। पांच साल में नगर निगम के सभी वार्डों में 400 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए। यमुनानगर में 100 से अधिक नई बसी कॉलोनियों को विकसित किया गया।

उन्होंने बताया कि जगाधरी में 99 करोड़ रुपये की लागत से इंडस्ट्रियल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट का अप्रूवल दिया गया। यमुनानगर जिला में 45 एमएलडी के दो नए एसटीपी लगवाए गए। यमुनानगर जगाधरी इंडस्ट्रियल क्षेत्र में 40 करोड़ की लागत से नई सड़क बनवाई गई।

उन्होंने बताया कि जगाधरी बस स्टैंड से यमुनानगर बस स्टैंड तक फोरलेन सड़क बनवाई गई। बिलासपुर में नया सचिवालय बनवाया गया।

रादौर, सरस्वती नगर, बिलासपुर, प्रताप नगर में नए बस स्टैंड बनवाए गए, यमुनानगर जगाधरी में वातानुकूलित सिटी बस सर्विस शुरू की गई। 20 करोड़ की लागत से यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया गया। यमुनानगर में 8,800 करोड़ रुपये की लागत से 800 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट के तीसरे युनिट की घोषणा की गई।

## सफाई के दौरान नाले से मिला बुजुर्ग का शव



**एजेंसी**

**फरीदाबाद।** नगर के सेक्टर 22 में नाले की सफाई के दौरान एक बुजुर्ग का शव मिला है। यह बुजुर्ग 21 दिन पहले नाले में गिर गया था, लेकिन पुलिस ने उस समय कोई कार्रवाई नहीं की थी। पुलिस ने शव को जांच पड़ताल के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान जवाहर कॉलोनी निवासी साठ वर्षीय रामेश्वर शर्मा के रूप में हुई है। स्थानीय निवासी रोहतास और समाजसेवी डोली ने बताया कि सफाई के दौरान नाले में बुजुर्ग का शव बरामद किया गया है। 30 जून को यह बुजुर्ग नाले में गिर गया था।जिसे बच्चों ने देखा था और उन्हें बताया था। डोली ने कहा कि बच्चों की बात सुनने के बाद उन्होंने थाने के एसएचओ और चौकी इंचार्ज को घटना की जानकारी दी थी, लेकिन पुलिस ने इस मामले पर कोई कार्रवाई नहीं की और डायल 112 मौके पहुंची और एक बैग लेकर चली गई थी, लेकिन पुलिस ने बुजुर्ग को निकालने की कोशिश नहीं की थी। एसएचओ दर्पण ने बताया कि मृतक के परिजनों ने सारन थाने में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके चलते अब शव मिलने के बाद सारन थाना पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए रेंज पुलिस ने चलाया ऑपरेशन आक्रमण

**एजेंसी**

**हिसार।** ड्रग तस्करों व अन्य असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए रेंज पुलिस की ओर से विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण चलाया। पुलिस महानिदेशक के आदेशों के अनुपालना में अपराधियों को चकमा देने के लिए अचानक चलाए गए इस अभियान में हिसार रेंज के सभी छह जिलों में 196 पुलिस टीमों का गठन किया गया। हिसार रेंज के एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण ने ऑपरेशन आक्रमण की समीक्षा करते हुए बताया कि रेंज में चलाए गए इस अभियान के सकारात्मक परिणाम रहे हैं। उन्होंने बताया कि हिसार जिले मे 29 टीमों का गठन किया गया। इसी तरह हांसी में 26 टीमें, जींद में 58, सिरसा में 33, फतेहाबाद में 28 व पुलिस जिला डबवाली में 22 टीमों का गठन करके यह अभियान चलाया गया।



टीमों ने अपने जिले के संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की व ड्रग तस्करों व अन्य असामाजिक तत्वों के घरों की तलाशी ली। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए हिसार रेंज में राजपत्रित व अराजपत्रित अधिकारियों सहित कुल 1098 पुलिसकर्मियों की टीम लगाई गई थी।

एडीजीपी ने बताया कि इस अभियान में की गई छापेमारी के दौरान रेंज पुलिस द्वारा मादक द्रव्य अधिनियम के तहत कुल 17.6 किलोग्राम चूरापोस्त, 280 ग्राम अफीम, 10 किलोग्राम गांजा, 24 ग्राम हेरोइन व 30 नशीली गोलियों सहित एक वाहन को भी कब्जे में लिया है। शस्त्र अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए रेंज पुलिस की टीमों ने पांच अवैध हथियार व 13 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। जुआ व सट्टा अधिनियम के तहत पुलिस ने 47 हजार 210 रुपये की धनराशि जब्त की। टीमों ने एक्साइज एक्ट के तहत कुल 126 बोतल हथकड़ शराब, 462 बोतल अवैध शराब व 370 किलोग्राम लाहन भी जब्त किया। इन अपराधों के तहत रेंज पुलिस ने 61 केस दर्ज करते हुए 85 आरोपियों गिरफ्तार किया।

## कांग्रेस के ख्वाबों को भाजपा के कार्यकर्ता धूल धूसरित कर देंगे : डा. पूनिया

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने नूंह में कहा कि हुड्डा और सैलजा के आपसी विवाद तथा भ्रष्टाचार के मामलों में घिरी कांग्रेस हरियाणा की जनता का भला नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि बिखरी हुई कांग्रेस सत्ता पाने का ख्वाब देख रही है, लेकिन कांग्रेस के ख्वाबों को भाजपा के कार्यकर्ता प्रदेश की जनता के साथ मिलकर धूल धूसरित कर देंगे। डा. पूनिया नूंह स्थित भाजपा कार्यालय ''झिर कमल'' में आयोजित जिला विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में बोल रहे थे। पूनिया ने कार्यकर्ताओं के सामने दावा किया कि इस बार भी प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी जाति, पंथ और मजहब के आधार पर टिकट वितरण नहीं करती, बल्कि जीतने वाले प्रत्याशी को ही टिकट देकर जनसेवा का मौका देती है। विस्तारित जिला कार्यकारिणी में जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन ने प्रदेश प्रभारी डा. पूनिया का जोरदार और भव्य स्वागत किया।

कार्यकारिणी के बाद मीडिया से डा. पूनिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सभी सीटें जीतने का ख्वाब पाल रही थी, लेकिन जनता और कार्यकर्ताओं की मेहनत ने कांग्रेस के ख्वाबों को धराशाही किया। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को रोका और विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ कर देगी। डा. पूनिया ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 40 सीटों पर विजयी रही, लेकिन लोकसभा के चुनाव में हम 44 सीटों पर आगे रहे हैं, चार सीटों का इजाफा हुआ है। दस वर्षों में केंद्र की मोदी और हरियाणा की डबल इंजन सरकार ने हरियाणा में बुनियादी विकास किया है। नायब सैनी ने मुख्यमंत्री का पद संभालते ही जनहित में बहुत ही अहम फैसले लिए हैं और आने वाले समय में भी और फैंसले लेंगे जो जनता के हित में होंगे।डा. पूनिया ने कहा कि मेवात हो, दक्षिणी हरियाणा या फिर जीटी रोड बैल्ट पार्टी का संगठन धरातल पर काफी मजबूत है।

## भर्ती रोको गैंग को बेरोजगार युवाओं का श्राप ले डूबेगा: सुरेंद्र शर्मा बड़ौता

**जींद।** भर्ती रोको गैंग को बेरोजगार युवाओं का श्राप ले डूबेगा। उनके मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे। सरकारी नौकरियों में कोर्ट केस के माध्यम से अड़चन लगाने पर प्रदेश में निकली भर्ती रोको गैंग की शव यात्रा जींद पहुंची। यात्रा लेकर पहुंचे अखिल भारतीय आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बड़ौता ने कहा कि रोजगार के दुश्मन भर्ती रोको गैंग का सामाजिक व राजनीतिक बहिष्कार किया जाएगा। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा व रणदीप सिंह सुरजेवाला के समर्थकों द्वारा सरकारी भर्तियों के खिलाफ कोर्ट केस दायर करने पर उनकी शव यात्रा निकाल बेनकाब करने का प्रण लिया है। अखिल भारतीय आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हरिराम दीक्षित ने यात्रा का पहुंचने पर युवाओं के साथ समर्थन किया। हरिराम दीक्षित ने कहा कि भर्ती रोको गैंग के खिलाफ निकली शव यात्रा प्रदेश के हर जिले में जाएगी।

## दो वर्षों में आदमपुर की ज्यादातर बड़ी मांगों को पूरा करने में सफलता मिली : भव्य बिश्नोई

**एजेंसी**

**हिसार।** आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की गई करोड़ों रूपए की विकास परियोजनाओं का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निरंतर जनहित में फैसले रहे हैं। बहुत ही कम समय में मुख्यमंत्री ने अपनी कार्यप्रणाली को सिद्ध कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी में सभी वर्गों के हित सुरक्षित हैं।

विधायक भव्य बिश्नोई मंडी आदमपुर स्थित कार्यालय में हलकावासियों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने मौके पर ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बातचीत करके समस्याएं दूर करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत वे हलके के आधा दर्जन गांवों में लोगों के सुख-दुख में शरीक हुए तथा गांवों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई दिन नहीं बीतता जिस दिन मुख्यमंत्री किसी न किसी वर्ग के हित में कोई न कोई घोषणा करते हैं।

भव्य बिश्नोई ने कहा कि आदमपुर हलके का चहुंमुखी विकास करवाना ही उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में वे तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। पिछले दो वर्षों में आदमपुर हलके



की बड़ी समस्याओं को हल करवाने में सफल रहे हैं। चाहे बालसमंद कॉलेज जमीन का मामला हो, बीड़ हिसार के पांच गांवों को मालिकाना हक दिलवाना हो, आदमपुर मंडी में सीवरेज, पेयजल तथा बरसाती पानी निकास सहित 100 करोड़ रूपए के विकास कार्य प्रगति पर हो, स्थानीय लोगों की मांग पर आदमपुर गांव एवं आदमपुर नगरपालिका को तुड़वाने का मामला हो, हलके से जुड़ी लोगों की मांगों को पूरा करने का प्रयास किया है। पूरे आदमपुर हलके में 750 करोड़ रूपए के विकास कार्य चल रहे हैं, जिनमें से ज्यादातर पूरे भी चुके हैं और जो रह गए हैं, उन पर भी कार्य चल रहा है। भव्य ने लोगों से बातचीत करते हुए बताया कि आदमपुर नगरपालिका तुड़वाने के बाद अब उनका पूरा फोकस हलके में ढाणियों में बिजली कनेक्शन को लेकर है। इस दिशा में वे लगातार मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों से संपर्क में हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा की डबल इंजन सरकार हरियाणा के विकास का आधार: मोहनलाल बड़ौली

**गांव बिंदरौली में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली**

**एजेंसी**

**सोनीपत।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार हरियाणा के विकास का आधार है।

केंद्र और प्रदेश सरकार अंत्योदय उत्थान एवं कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। वे गांव बिंदरौली में आयोजित अभिनंदन समारोह में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। बड़ौली के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने की खुशी में गांवगढ़ी बिंदरौली की अखिल भारतीय संत समिति द्वारा महंत संजय ब्रह्मचारी आश्रम में अभिनंदन व आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ग्रामीणों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने भाजपा हाईकमान का धन्यवाद किया कि उन्होंने हमारे क्षेत्र के एक छोटे से कार्यकर्ता को इतने बड़े पद पर पहुंचाया। बड़ौली ने ग्रामीणों का



धन्यवाद करते हुए कहा कि आप लोगों की मेहनत और आशीर्वाद का ही परिणाम है कि मुझे पार्टी ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। ग्रामीणों का सहयोग मिलेगा और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मॉडल पर काम कर रही है। भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए सरकारी योजनाओं को ऑनलाइन किया गया है, जिससे हर पात्र व्यक्ति को सरकारीयोजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिल रहा है। समारोह के दौरान बड़ौली ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया और ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की। जितने ज्यादा पेड़ होंगे, उतना ही पर्यावरण स्वच्छ होगा। समारोह में पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत, भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, रविन्द्र दिलावर सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## कालांवाली में राजनीति के मायने बदलेगी हलोपा: हरमंदर मराड़

**सिरसा।** वरिष्ठ हरियाणा लोकहित पार्टी नेता हरमंदर मराड़ ने कहा कि कालांवाली क्षेत्र में इस बार हलोपा राजनीति के मायने बदलकर रख देगी। हलोपा एक ओर जहां लोकहित में काम करती है वहीं सभी बिरादरी का पूरा मान सम्मान देती है, हलोपा विकास का दूसरा नाम है, जहां हलोपा है वहां विकास है। वे कालांवाली विधानसभा क्षेत्र में रोडी में विर्क बस्ती की एससी चौपाल में आयोजित एक बैठक को संबोधित कर रहे थे।

वे हलोपा की नीतियों को लेकर गांव-गांव जा रहे है और लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवा रहे हैं। इस मौके पर श्रृंगार सिंह, नाजर सिंह, जग्गा सिंह, चरणजीत सिंह, महेंद्र सिंह, इक्षमंदा सिंह, बग्गा सिंह, सुखदेव सिंह, मंदर इक्षसह, अवतार सिंह, छोटा सिंह, चंदा सिंह, विकर सिंह, टहल सिंह, बादल सिंह, गुरजंट सिंह और कुलदीप सिंह आदि मौजूद थे।

# बिना डीजे, बिना जयकारों की शिव यात्रा तो शव यात्रा जैसी होगी: अजय सिंहल

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** नूंह जिला में ब्रजमंडल श्रावण यात्रा को लेकर पिछले साल के दंगों से सीख लेकर सरकार ने इस बार भक्तों को नियमों में बांध दिया है। संगीत, भजनों का शोर-शराबा ना करके चुपचाप जलाभिषेक करने की बात सरकार, प्रशासन की ओर से कही गई है। कई तरह के नियम पुलिस प्रशासन ने जारी किए हैं। इन नियमों को लेकर भक्तों में रोष है। वे सरकार के इस कदम को गलत बता रहे हैं। हिंदू संगठन के लोग हरियाणा व उत्तर प्रदेश की सरकार में तुलना कर रहे हैं। हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ कार्यकर्ता अजय सिंहल ने कहा है कि ये हरियाणा में क्या हो गया भाजपा की सत्ता को। बाधित भक्ति के साथ हरियाणा में बृजमंडल श्रावण यात्रा होगी। मतलब डीजे नहीं बजेगा। लाउडस्पीकर पर भक्ति संगीत नहीं चलेगा। उद्घोष नहीं लगेंगे। अर्थात चुपचाप जाना है और जल चढ़क़र आगे बढ़ जाना है। उन्होंने कहा कि आखिर कौन सा डर है हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को? क्या वों यह दिखाना चाहती है कि हम पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष हैं? क्या वह यह बताना चाहती है कि हम मुसलमानों की सुरक्षा में सबसे आगे हैं? क्या हिंदुओं की भक्ति को बाधित करके वह एकमात्र जिले में मुसलमानों की वोट लेना चाहती है? ऐसा कौन सा लाभ भारतीय जनता पार्टी की सरकार देख रही है कि जिसके कारण ब्रजमंडल यात्रा में ये प्रतिबंध लगाए गए हैं। हालांकि पिछले वर्ष तो यह यात्रा होने से ही रोक दी गई थी। आगे लिखा कि-एक सूबा तो यह है मतलब हरियाणा, जहां मुसलमानों की जनसंख्या नाम मात्र है और हिंदुओं पर इतने भारी प्रतिबंध सरकार लग रही है। एक सूबा बगल का है, मतलब उत्तर प्रदेश। जहां मुख्यमंत्री सरेआम हिंदुओं की भक्ति को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए कटिबद्ध है।

## कीमतें बढ़ने से बाजार में धड़ल्ले से बिक रहा सब स्टैंडर्ड काजू

**एजेंसी**

**जयपुर।** काजू की कीमतों में निरंतर बढ़ोतरी के चलते काजू एवं काजू टुकड़ी में हल्के काजू की मिलावट या यूं कहें कि सब स्टैंडर्ड काजू बाजार में ज्यादा देखने को मिल रहा है। काजू में आ रही तेजी के कारण ही इसकी गुणवत्ता में कमी आई है। इन दिनों बाजार में बिकने वाले काजू में ऑयल पीस, लाल दाने तथा बड़े के साथ छोटे पीस की मिलावट देखने में आ रही है। ज्यादा मुनाफावसूली के चक्कर में हल्के काजू की बिक्री हो रही है। सूत्रों का कहना है कि काजू के भाव ऊंचे होने से कुछ व्यापारी बाजार में सब स्टैंडर्ड काजू बेच रहे हैं। इससे कस्टमर को सावधान रहने की जरूरत है। शादी, विवाह, तीज एवं त्योहारों में इन दिनों काजू टुकड़ी इस्तेमाल ज्यादा होता है, लिहाजा हमें सावधानी बरतनी चाहिए। काजू के भाव वर्तमान में 900 से 1600 रुपए प्रति किलो तक बोले जा रहे हैं।

कैसे होती काजू की प्रोसेसिंग

काजू एक ऐसा नट है जो सेवनुमा फल की नीचे की ओर लगा हुआ होता है। कच्चे काजू में बाहरी मोटी एवं मांसल परत होती है। इस बाहरी खोल के अंदर ऑयल होता है। सबसे अंदर स्थित काजू और इस ऑयल के बीच में एक पतली झिल्लीनुमा परत भी होती है, जो काजू को इस झिल्ली से बाहर स्थित ऑयल से मिलने से बचाती है। यदि काजू की प्रोसेसिंग के दौरान ये ऑयल काजू से मिल जाता है तो काजू कड़वा और सही मायनों में जहरीला हो जाता है। यहां पर यह समझना जरूरी है कि बाहरी खोल में स्थित ऑयल खाने योग्य नहीं होता। ध्यान रहे ऐसे काजू ग्रेवी, मिठाई या आइसक्रीम में इस्तेमाल होंगे तो इससे बने उत्पाद खाने में कड़वे एवं स्वादहीन लगेंगे।

## राष्ट्रीय इस्पात निगम ने अनुसूचित जनजाति आयोग को कंपनी के कल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी

**नयी दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र की इस्पात विनिर्माता कंपनी राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. (आरआईएनएल) के विशाखापत्तनम स्टील प्लांट ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को बताया है कि वह कारखाना क्षेत्र में आने वाले अनुसूचि जाति और जनजाति की आबादी के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इन वर्गों के कर्मचारियों के कल्याण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। इस्तपात मंत्रालय की जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी के अधिकारियों ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य, जतोथु हुसैन के साथ एक बैठक में बताया कि । हुई इस बैठक में आरआईएनएल के मुख्य प्रबंध निदेशक अतुल भट्ट , कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्य और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

## पर्ल ग्लोबल इंडस्ट्रीज ने क्यूआईपी से जुटाए 149.50 करोड़

**नई दिल्ली।** पर्ल ग्लोबल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट (क्यूआईपी) से 149.50 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की है। पर्ल ग्लोबल इंडस्ट्रीज मुख्य रूप से अपने घरेलू और ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स और सप्लाई चेन के जरिए पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए तैयार परिधानों की डिजाइनिंग, मैन्युफैक्चरिंग, सोर्सिंग, डिस्ट्रीब्यूशन और एक्सपोर्ट का कारोबार करती है। इस क्यूआईपी में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, बंधन म्यूचुअल फंड, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, गोल्डमैन सैक्स फंड, टाटा म्यूचुअल फंड और फ्रैंकलिन इंडिया म्यूचुअल फंड सहित तमाम निवेशकों ने निवेश किया है।

## वेदांता के एक अरब डॉलर के क्यूआईपी में गोल्डमैन सैश, मॉर्गन स्टेनली शीर्ष निवेशकों में

**नई दिल्ली।** खनन समूह वेदांता लिमिटेड ने 440 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 19.31 करोड़ इक्विटी शेयरों के पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए 8,500 करोड़ रुपये (1 अरब डॉलर से अधिक) जुटाए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 19 जुलाई को बंद हुए इस निर्गम में 461.26 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर 4.61 प्रतिशत की छूट दी गई थी। वेदांता ने कहा कि उसने 19.31 करोड़ शेयर बेचकर 8,500 करोड़ रुपये जुटाए। क्यूआईपी के माध्यम से जिन प्रमुख निवेशकों को इक्विटी शेयर आवंटित किए गए हैं। उनमें अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए), गोल्डमैन सैश एएमसी, निप्पॉन म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड, यूटीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई म्यूचुअल फंड, आदित्य बिड़ला म्यूचुअल फंड और मिराए म्यूचुअल फंड शामिल हैं। निप्पॉन म्यूचुअल फंड द्वारा संचालित विभिन्न कोष को कुल निर्गम आकार का 9.11 प्रतिशत आवंटित किया गया, जबकि मॉर्गन स्टेनली और एसबीआई म्यूचुअल फंड द्वारा प्रबंधित कोषों को क्रमशः 8.62 प्रतिशत और 7.88 प्रतिशत प्राप्त हुआ।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार 7वें बजट के साथ इतिहास रचने को तैयार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार, 23 जुलाई को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लगातार सातवां बजट संसद में पेश करके इतिहास रचने वाली हैं। इस तरह वह पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी। क्योंकि वे एक ही प्रधानमंत्री के साथ उनके तीसरे कार्यकाल में बतौर वित्त मंत्री लगातार सातवीं बार बजट पेश करने जा रही हैं। हालांकि, सबसे अधिक बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड अब भी देसाई के पास ही है क्योंकि उन्होंने दो प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल के दौरान बतौर वित्त मंत्री के रूप में 10 बार बजट पेश किया था। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार, 23 जुलाई को केंद्रीय बजट 2024-25 लोकसभा के पटल पर रखेंगी। सीतारमण अगले महीने 65 साल की हो जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में केंद्र में लगातार दूसरी बार सरकार बनाने पर निर्मला सीतारमण को भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनाया था।

सीतारमण ने इस साल फरवरी में एक अंतरिम सहित अब तक लगातार छह बजट पेश किए हैं। चालू वित्त वर्ष 2024-25 (एक अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025) का पूर्ण बजट उनका लगातार सातवां बजट होगा। वह मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड से आगे निकल जाएंगी, जिन्होंने वर्ष 1959 से लेकर 1964




के बीच लगातार पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था।

स्वतंत्र भारत में बजट पेश करने से जुड़े कुछ तथ्य इस प्रकार हैं-

स्वतंत्र भारत का पहला आम बजट 26 नवंबर, 1947 को देश के पहले वित्त मंत्री रहे आरके शनमुखम चेट्टी ने पेश किया था। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और फिर प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में बतौर वित्त मंत्री कुल 10 बजट पेश किए हैं। पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने नौ बार बजट पेश किया, जबकि प्रणब मुखर्जी ने वित्त मंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान आठ बजट पेश किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने वर्ष 1991 से लेकर 1995 के बीच लगातार पांच बार बजट पेश किया, जब वह पीवी नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री थे। सीतारमण ने एक फरवरी, 2020 को सबसे लंबा बजट भाषण दो घंटे 40 मिनट का दिया। वर्ष 1977 में हीरूभाई मुलजीभाई पटेल का अंतरिम बजट भाषण अब तक का सबसे छोटा भाषण है, जिसमें केवल 800 शब्द हैं। बजट पारंपरिक रूप से फरवरी के अंतिम तारीख शाम 5 बजे पेश किया जाता था।

लेकिन, वर्ष 1999 में समय बदला गया और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में तत्कालीन वित्त मंत्री यशवंत सिंह ने सुबह 11 बजे बजट पेश किया। तब से बजट सुबह 11 बजे पेश किया जाता था। इसके बाद 2017 में बजट पेश करने की तिथि बदलकर एक फरवरी कर दी गई थी, ताकि सरकार मार्च के अंत तक संसदीय अनुमोदन प्रक्रिया पूरी कर सके।

## कॉर्पोरेट मंत्रालय ने लंबित मामले कम करने के लिए उठाए हैं कदम : सीतारमण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने लंबित मामलों को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरणों की अधिक संख्या में जरूरत है, जिसे पूरा करने का काम किया जा रहा है।

वित्त मंत्री ने आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 संसद के निचले सदन लोकसभा में पेश करने के बाद पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने लंबित मामलों को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। सीतारमण ने कहा कि 15 जुलाई, 2024 तक विभिन्न न्यायालयों में वापसी के लिए 6,294 आवेदन दायर किए गए हैं। सीतारमण ने एक सवाल के जवाब में कहा कि व्यापार करने में आसानी के लिए कई कदम उठाए गए हैं। 63 अपराधों को अपराध मुक्त किए जाने के कारण आज कंपनियां अनुपालन की चिंता किए बिना अपना काम कर पा रही हैं। एक केंद्रीय प्रसंस्करण प्रणाली भी स्थापित की गई है। उन्होंने



सदन को दी जानकारी में बताया कि 15 लाख रुपये तक की अधिकृत पूंजी वाली कंपनियों के लिए निगमन के लिए शून्य शुल्क लाया गया है। यह व्यापार करने में आसानी का एक उदाहरण है जो न्यायालयों में लंबित मामलों को कम करने के साथ-साथ आगे बढ़ रहा है।

वित्त मंत्री ने कहा, ''मैं सेबी के द्वारा लाए गए सुधारों, विशेष रूप से दावों के निपटान के लिए दी गई समय-सीमा को भी रेखांकित करना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि यह एक उल्लेखनीय कदम है। हमारे बाजार और कंपनियों को इससे लाभ हुआ है। वास्तव में हम कई अन्य देशों से बहुत आगे हैं, जहां समान कंपनी कानून संचालित होते हैं।

उन्होंने कहा कि मैं माननीय सांसद से सहमत हूं कि एनसीएलटी और एनसीएलएटी में स्टाफ की नियुक्ति और रिक्तियों को भरना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे हम हल करने का प्रयास कर रहे हैं। हम समय-समय पर साक्षात्कार आयोजित कर रहे हैं। पदों के लिए विज्ञापन दे रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि हमें विभिन्न कंपनी कानून न्यायाधिकरणों में नियुक्त करने के लिए सही सदस्य मिलें। यह सच है कि तमिलनाडु में एक एनसीएलएटी है। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि मुझे यकीन है कि अभी के लिए, कम से कम दक्षिणी राज्यों को ये पता चल जाएगा कि यह उत्तर में नहीं, बल्कि चेन्नई में स्थित है। यह उद्देश्य पूरा करेगा। मैं इस बात की सराहना करती हूं कि हमें अधिक संख्या में अपीलीय न्यायाधिकरणों की आवश्यकता है। एनसीएलटी और एनसीएलएटी दोनों की नियुक्तियों को हम सभी द्वारा गंभीरता से लिया जा रहा है। हम उन्हें तेजी से भरने का प्रयास कर रहे हैं। मैं सदस्यों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इन पदों को भरने का काम अधिक तत्परता से किया जा रहा है।

## कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है।

हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.46 डॉलर यानी 0.56 फीसदी की उछाल के साथ 83.09 डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.45 डॉलर यानी 0.56 फीसदी बढ़कर 80.58 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बजट के एक दिन पहले घरेलू सर्राफा बाजार में आज कमजोरी नजर आ रही है। आज की गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 74,560 रुपये से लेकर 73,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी सर्राफा बाजारों में 68,340 रुपये से लेकर 67,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही आज चांदी के भाव में भी गिरावट दर्ज की गई है। इसकी वजह से आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 74,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,340 रुपये प्रति 10 ग्राम



दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 74,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 73,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 74,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 74,010 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है जबकि 22 कैरेट सोना 67,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 74,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## बजट से पहले विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार में निवेश किए 44,344 करोड़ रुपये

**एजेंसी**

**मुंबई ।** विदेशी संस्थागत निवेशक (एफपीआई) भारतीय शेयर बाजार में लगातार निवेश कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत से (19 जुलाई तक) करीब 44,344 करोड़ रुपये का निवेश एफपीआई द्वारा इक्विटी और डेब्ट में किया जा चुका है। बाजार के जानकारों का मानना है कि एफपीआई नियमित तौर पर खरीदारी कर रहे हैं और हाल के समय में इस ट्रेंड में बढ़ोतरी देखने को मिली है। एफपीआई की ओर से इक्विटी में 30,771 करोड़ रुपये और डेब्ट में 13,573 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। विदेशी निवेशकों की ओर से खरीदारी ऑटो, कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर, आईटी, टेलीकॉम और ऑयल एंड गैस शेयरों में की गई है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार का कहना है कि इस ट्रेंड में एक चौंकाने वाली बात यह है कि फाइनेंसियल सर्विसेज शेयरों में खरीदारी न के बराबर देखने को मिल रही है। इसी कारण से जुलाई में अब तक फाइनेंसियल शेयरों का प्रदर्शन खराब रहा है। हाल में डॉलर और बॉन्ड यील्ड में आई गिरावट इस बात




की ओर इशारा कर रही है कि एफपीआई की खरीदारी जारी रहेगी।


एक्सपर्ट्स ने कहा कि घरेलू और विदेशी निवेशकों की निगाहें 23 जुलाई को आने वाले बजट पर है। अगर इसमें कैपिटल गेन टैक्स को लेकर कुछ राहत दी जाती है तो यह बाजार के लिए काफी अच्छा होगा। वित्त वर्ष 24 में इक्विटी और डेब्ट में कुल 2,82,338 करोड़ रुपये का पूंजी प्रवाह आया है। विदेशी पूंजी प्रवाह में बढ़ोतरी की वजह कैपिटल मार्केट में सकारात्मक माहौल और केंद्र सरकार की ओर से सुधार को आगे बढ़ाने को लेकर दी गई गारंटी है। फिलहाल सभी की निगाहें प्रस्तावित बजट पर है। जहां भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए कई नए सुधारों के ऐलान की उम्मीद की जा रही है।

## मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले: विकसित भारत की चुनौती से निपटने के लिए घरेलू विकास जरूरी; नीतियां व्यावहारिक हों

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रास्ते पर और स्थिर स्थिति में है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने यह दावा सरकार की ओर से आर्थिक सर्वे जारी करने के बाद की है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) के अनुसार, ठहराव बावजूद निजी पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में तेजी आई है।

सीईए के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रास्ते पर और स्थिर स्थिति में है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने यह दावा सरकार की ओर से आर्थिक सर्वे जारी करने के बाद की है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) के अनुसार, ठहराव के बावजूद निजी पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में तेजी आई है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) ने भविष्यवाणी की है कि



वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि क्षेत्र बेहतर प्रदर्शन करेगा। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक विकास में भी व्यापक आधार पर तेजी की उम्मीद है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) ने कहा है कि उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं ने मई 2024 तक महत्वपूर्ण परिणाम दिया है। ये योजनाएं गति प्राप्त कर रही हैं और इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में पर्याप्त प्रगति दिखा रही हैं। इसके तहत 1.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश दर्ज किया गया है। नागेश्वरन ने कहा कि इस आर्थिक सर्वे की थीम ऑल हैंन्ड्स ऑन टेबल है। रुपये के कमजोर होने पर मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) ने कहा कि देश के बहुत कम बाहरी ऋण अनुपात के कारण कमजोर मुद्रा भारत को ज्यादा प्रभावित नहीं करती है। सीईए ने कहा कि विकसित भारत की चुनौतियों से निपटने के लिए घरेलू विकास बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) यह भी कहा कि राजकोषीय घाटे के कम होने से निवेश-उन्मुख दृष्टिकोण का पता चलता है।

## फोनपे के संस्थापक व सीईओ ने कर्नाटक जॉब कोटा बिल पर अपना रुख किया स्पष्ट

**एजेंसी**

**बेंगलुरु ।** फोनपे के संस्थापक और सीईओ समीर निगम ने कर्नाटक के ड्राफ्ट जॉब रिजर्वेशन बिल के बारे में अपनी टिप्पणी को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका इरादा कभी भी राज्य या यहां के लोगों का अपमान करने का नहीं था। एक बयान में, निगम ने कहा कि अगर उनकी टिप्पणियों से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचा है, तो मुझे खेद है और मैं बिना शर्त माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा कि कन्नड़ और अन्य सभी भारतीय भाषाओं के प्रति उनके मन में सम्मान है। निगम ने कहा, मेरा मानना है कि भाषाई विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एक राष्ट्रीय संपत्ति है, इस पर सभी भारतीयों को गर्व होना चाहिए और सभी भारतीयों को स्थानीय और सांस्कृतिक मानदंडों का सम्मान करना और जश्न मनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि फोनपे का जन्म




बेंगलुरु में हुआ था। सीईओ ने जोर देकर कहा, ÷बेंगलुरु से, पिछले एक दशक में, हमने पूरे भारत में विस्तार किया है और 55 करोड़ से अधिक भारतीयों को सुरक्षित और कुशल डिजिटल भुगतान सेवा देने में सक्षम हुए हैं।÷ उन्होंने कहा कि कंपनी कर्नाटक की सरकार और स्थानीय कन्नड़ लोगों द्वारा दिए गए सहायक कारोबारी माहौल के लिए आभारी है।

उन्होंने कहा, बेंगलुरु के भारतीय स्टार्टअप गूगल, एप्पल, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी ट्रिलियन डॉलर की कंपनियों से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। ऐसा करने के लिए, इन कंपनियों को भारत में उपलब्ध सबसे बेहतरीन प्रतिभाओं को उनके प्रौद्योगिकी कौशल और ÷कोडिंग, डिजाइन, उत्पाद प्रबंधन, डेटा विज्ञान, मशीन लर्निंग, एआई और उससे आगे जैसे क्षेत्रों में दक्षता के आधार पर रोजगार देने में सक्षम होना चाहिए।

निगम ने कहा कि वह बेंगलुरु और कर्नाटक के लिए लाखों नौकरियों के सृजन में मदद करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, और, मेरा मानना है कि अधिक संवाद और चर्चा के साथ, हम अधिक स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के तरीके खोज सकते हैं।

## विकसित भारत के लिए इन्फ्रा पर जोर, आम आदमी को महंगाई से राहत और बेरोजगारी से निपटने के लिए घोषणाएं संभव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** मोदी 3.0 का पहला बजट इंटरवल के बाद की वह पिक्चर साबित हो सकती है, जिसकी पटकथा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के इर्द-गिर्द लिखी जा सकती है। इस लक्ष्य को पाने के लिए राजकोषीय मोर्चे पर मुस्तैदी के बावजूद सरकार बुनियादी ढांचे (इन्फ्रा) पर खर्च जारी रखेगी। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि इससे बेरोजगारी, मध्य वर्ग की कमाई, ग्रामीण खपत और निजी निवेश जैसी कई समस्याओं का एकसाथ समाधान संभव है।

**5.1फीसदी के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य से पीछे नहीं हटेगी सरकार**

अर्थशास्त्री डॉ. शरद कोहली का कहना है कि सरकार 5.1 फीसदी के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य से पीछे नहीं हटेगी। कोशिश रहेगी कि इसे पांच फीसदी से नीचे लाया जाए। इसके बावजूद बेरोजगारी के लिहाज से बुनियादी ढांचे पर खर्च जारी रहेगा। उनका मानना है कि अगर राजकोषीय



घाटे को थोड़ा अनदेखा कर सरकार कोई ऐसी योजना लाती हैं, जिससे बेरोजगारी का जल्द निस्तारण हो जाए तो कोई हर्ज नहीं हैं, क्योंकि कर संग्रह के मोर्चे पर स्थिति अच्छी है।

प्रत्यक्ष कर संग्रह में 20 फीसदी से अधिक की तेजी दिख रही है। अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर सरकार को जीएसटी से हर महीने औसतन 1.75 लाख करोड़ रुपये की कमाई हो रही है। जहां तक मध्य वर्ग की बात है, तो इस चुनाव ने मोदी सरकार को आभास कराया है कि यह तबका थोड़ा नाखुश है। राजनीतिक कारकों के अलावा इसकी अन्य वजहें भी हैं, जिनमें महंगाई के कारण किचन का बजट बिगड़ना, बचत कम होना, देनदारियां बढ़ना और नौकरियों का संकट शामिल हैं। ऐसे में मध्य वर्ग को साधने के लिए वित्त मंत्री अप्रत्यक्ष रूप से थोड़ी रियायत दे सकती हैं। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में कुछ बदलाव व सुधार की संभावना है। पेंशन योजनाओं के मामले में भी राहत मिल सकती है क्योंकि इस पर राज्यों के स्तर पर काफी चर्चा हुई है।

## कर्मचारी संघ ने एचसीएल टेक के छुट्टियों को कार्यालय उपस्थिति से जोड़ने की आलोचना की

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कर्मचारियों के संघ नाइट्स ने एचसीएल टेक्नोलॉजीज के कर्मचारियों की छुट्टियों को कार्यालय में उपस्थिति से जोड़ने के हालिया कदम की आलोचना की है। कर्मचारी संघ ने इसे 'अनुचित' बताया है तथा कंपनी से नीति पर पुनर्विचार करने को कहा है। एचसीएल टेक ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। नैसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट (नाइट्स) ने कहा कि यह नीति 'अनुचित' है, जिसमें कथित तौर पर यह अनिवार्य किया गया है कि अवकाश के लिए पात्र होने हेतु कर्मचारियों को सप्ताह में कम से कम तीन दिन और महीने में कम से कम 12 दिन कार्यालय से काम करना होगा।

# Monsoon में बढ़ जाता है बच्चों में मौसमी बीमारियों और इन्फेक्शन का खतरा, ऐसे रखें उनका ख्याल



**बरसात का मौसम यानी कई तरह की बीमारियां और संक्रमण जो आसानी से किसी को भी अपना शिकार बना सकते हैं। खासकर बच्चों को यह जल्दी अपनी चपेट में लेते हैं क्योंकि उनकी इम्युनिटी वयस्कों की तुलना में काफी कमजोर होती है। ऐसे में इस मौसम में होने वाली Monsoon Illness से बच्चों को बचाने के लिए ये टिप्स मददगार साबित होंगे।**

मानसून का सीजन (Monsoon) भले ही आपतो चिलचिलाती धूप से राहत दिलाता है, लेकिन सुहाने मौसम के साथ ही इस दौरान कई सारी बीमारियों और संक्रमणों (स्भ्ठ्ठह्यश्शठ्ठ द्बद्घद्घठ्ठद्गह्यह्य) का खतरा भी बढ़ जाता है। इस मौसम में यूं तो कोई भी बीमार हो सकता है, लेकिन बच्चों में इसका खतरा ज्यादा होता है। बच्चों की इम्युनिटी कमजोर (Weak Immunity) होने की वजह से मौसमी बीमारियां और इन्फेक्शन उन्हें आसानी से अपना शिकार बना लेती हैं। बरसात आते ही रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं और वेक्टर बॉर्न डिजीज के मामले तेजी से बढ़ने लगते हैं।

इसलिए बच्चों को इन बीमारियों से बचाना बेहद जरूरी है, क्योंकि इसकी वजह से बच्चों और साथ ही पेरेंट्स को भी काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे मानसून की बीमारियों से अपने बच्चों को बचाने के 7 प्रभावी तरीकों के बारे में। आइए जानते हैं कैसे रखें मानसून में बच्चों का खास ख्याल-

बच्चों को सही कपड़े पहनाएं

बच्चों की इम्युनिटी काफी कमजोर होती है, जिसके चलते मौसम में हल्के बदलाव की वजह से वह आसानी से बीमारी पड़ जाते हैं। ऐसे में उन्हें सुरक्षित रखने के लिए मौसम के अनुकूल कपड़े पहनाएं। उन्हें लाइट, हवादार और ऐसे कपड़े पहनाएं, तो भीगने पर जल्दी सूख जाएं। साथ ही उन्हें ज्यादा दिनों तक गीले कपड़ों में न रहने दें।

घर के आसपास सफाई रखें

बरसात के दिनों अक्सर मच्छरों से होने वाली बीमारियां भी काफी बढ़ जाती हैं। बारिश की वजह से जमा होने वाला पानी मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल यानी ब्रीडिंग प्लेस की तरह काम करता है, जिससे उन्हें पनपने का मौका मिलता है। ये मच्छर डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ाते हैं, इसलिए इससे बचाव के लिए घर के आसपास सफाई बनाए रखें और पानी जमा होने न दें।

हाइड्रेटेड रहें

सिर्फ गर्मी ही नहीं, बरसात में भी शरीर में पानी की कमी हो सकती है। ऐसे में इससे बचने के लिए हाइड्रेड रहना बेहद जरूरी है। डिहाइड्रेशन अक्सर कमजोरी और थकान की वजह बनता है। ऐसे में अपने बच्चों को हेल्दी रखने के लिए उनके शरीर में पानी की कमी न होने दें। इसके लिए उनकी डाइट में सूप, जूस जैसे ड्रिंक्स शामिल करें।

हेल्दी डाइट

अपने बच्चों की इम्युनिटी मजबूत करने के लिए उन्हें हेल्दी डाइट दें। इसके लिए उनकी डाइट में विटामिन और मिनरल से भरपूर फूड्स जरूर शामिल करें। ताजे विटामिन सी रिच फूड्स, खट्टे फल, सब्जियां आदि प्रतिरक्षा को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं। साथ ही गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इन्फेक्शन को रोकने के लिए स्ट्रीट फूड या अस्वच्छ स्थानों के भोजन से बचें और घर का बना साफ-सुथरा भोजन चुनें।

बच्चों को ज्यादा देर बाहर न रहने दें

मानसून के दिनों में कोशिश करें कि बच्चे ज्यादा देर बाहर न घूमें। गीली और कीचड़ भरी जगहों की वजह से वह विभिन्न संक्रमणों के संपर्क में ला सकते हैं।

# मुस्लिम तुष्टीकरण का खेल हो रहा और तेज, क्या है विपक्ष की आक्रामक बयानबाजी का अर्थ

अट्ठारहवीं लोकसभा के प्रथम संक्षिप्त सत्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के रूप में अपने पहले संबोधन में अपमानजनक तरीके से शिव जी का चित्र लहराया और हिंदू समाज को हिंसक कहते हुए अपना चुनावी नारा डरो मत-डराओ मत भी दोहराया। राहुल गांधी का विपक्ष के नेता के रूप में पहला वक्तव्य सनातन, हिन्दू तथा भारत विरोधी शक्तियों का एकत्रीकरण करने के लिए दिया गया वक्तव्य था। जो लोग उनकी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं या जानकर भी अपने स्वार्थों के चलते मौन हैं आने वाला समय उन्हें क्षमा नहीं करेगा।

मोदी जी के जीतने पर संविधान बदलने के झूठ का सहारा लेकर भी कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन एक बार फिर सरकार बनाने में नाकाम रहा है और हताशा में डूबा हुआ है। उसने येन केन प्रकारेण सरकार गिरा कर सत्ता प्राप्त करने के लिए देश को अराजकता के वातावरण में झोंकने के लिए हरसंभव प्रयास करना आरम्भ कर दिया है। लोकसभा में कांग्रेस व इंडी गठबंधन के सांसदों की संख्या बढ़ जाने के कारण जो कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन शांत बैठै थे वह आक्रामक होकर बाहर आ गये हैं। देश के कई हिस्सों में घट रही अनेकानेक घटनाएं जो भले ही देखने में छोटी लगें किंतु हैं बहुत खतरनाक इन घटनाओं की अनदेखी की गयी तो राष्ट्रीय, सामाजिक और संविधान की दृष्टि से भी बड़ा खतरा बन सकता है।लोकतंत्र व अभिव्यक्ति की आजादी के बहाने भारत के अंदर अराजकता फ़ैलाने का प्रयास किया जा रहा है और साथ ही पूरी दुनिया में यह झूठ फैलाया जा रहा है कि भारत में घोर तानाशाही है।

कांग्रेस व इंडी गठबंधन की संख्या बढ़ जाने के बाद उनके लिए वोट बटोरने वाले मुस्लिम संगठन, उच्चतम और उच्च न्यायालयों द्वारा दिए जा रहे निर्णयों की निंदा कर रहे हैं। पहले शिया संगठनों ने कहा कि वह देश में किसी भी हालत में समान नागरिक संहिता नहीं लागू होने देंगे क्योंकि यह उनके शरिया कानून का उल्लंघन होगा। फिर जमीयत ने सरस्वती वंदना, सूर्य नमस्कार और योग का विरोध प्रारम्भ कर दिया और मुस्लिम छात्रों से अपील की कि वह विद्यालयों में सरस्वती वंदना और सूर्य नमस्कार का बहिष्कार करें। इसी बीच उच्चतम न्यायलय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय दे दिया है कि तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का हक है। निर्णय सुनाते हुए माननीय न्यायलय ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 का प्रावधान धर्मनिरपेक्ष है और सभी विवाहित महिलाओं पर लागू होगा।यह निर्णय आने के बाद मुस्लिम जगत में हाहाकार मच गया। इस निर्णय ने राजीव गांधी के कार्यकाल में हुए



शाहबानो प्रकरण की याद दिला दी। यह बात 1985 की है जब शाहबानो जो इंदौर की एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला थी, ने गुजारा भत्ता प्राप्त करने के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और न्यायालय ने शाहबानो के पक्ष में निर्णय देते हुए सीआरपीसी की धारा 125 के तहत उनके पति मोहम्मद अहमद खान को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। कट्टर मुस्लिम संगठनों ने इस निर्णय का विरोध करना प्रारम्भ कर दिया और तुष्टीकरण वाली पार्टी कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संसद में कानून बनाकर उच्चतम न्यायालय का निर्णय पलट दिया। आज लगभग 40 वर्षों के बाद भी मुस्लिम संगठनों ने 1985 की ही तरह उच्चतम न्यायालय के निर्णय का विरोध करना प्रारम्भ कर दिया है और उनकी मंशा यही है कि जिस प्रकार राजीव गांधी ने उच्चतम न्यायालय का निर्णय संसद में बिल लाकर पलट दिया था वैसा ही इस बार भी हो जो वर्तमान संभव दिख रहा इसलिए मुस्लिम संगठन बदली हुई रणनीति अपनाकर माननीय सुप्रीम कोर्ट पर ही दबाव बनाने लग गये हैं कि वह अपना फैसला पलटे। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का हनन कह रहा है। पर्सनल ला बोर्ड का कहना है कि अदालत का फैसला इस्लामी कानून के खिलाफ है और उससे मतभेद करता है। यह फैसला उन महिलाओं के लिए समस्या पैदा करेगा। मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर करने का भी फैसला लिया है। फिलहाल क्योंकि ऐसा नहीं लग रहा है कि उच्चतम न्यायालय या फिर मोदी सरकार राजीव गांधी की तरह कदम उठायेगी कांग्रेस की भड़काने वाली रणनीति के तहत आने वाले समय में मुस्लिम संगठन सरकार के खिलाफ बड़ा आन्दोलन छेड़ सकते हैं। मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड ने अपनी बैठक में पूजा स्थल अधिनियम, वक्फ संपत्ति और उन्मादी भीड़ की हिंसा पर भी प्रस्ताव पारित कर अपने मंसूबों को उजागर कर दिया है। मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड ने जो मुद्दे उठाकर मुस्लिम राजनीति को जो अलगाववादी रूप दिया है उसको कांग्रेस व इंडी गठबंधन का समर्थन हासिल है।अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर- मोहर्रम के अवसर पर कश्मीर से लेकर दरभंगा और नवादा तक देश के विभिन्न क्षेत्रों में मोहर्रम के जुलूस में जिस प्रकार फिलीस्तीन के झंडे फहराये गये और उसके समर्थन में नारे लगाये गये वह बहुत ही चिंताजनक व दुर्भाग्यपूर्ण है।

यह सब कुछ तब हो रहा है जब भारत अंतरराष्ट्रीय नियमों के अंतर्गत फिलीस्तीन को भारी भरकम मानवीय सहायता भेज रहा है। मोहर्रम के जुलूसों में कई जगहो पर अमेरिका और इजराइल विरोधी नारे भी लगे। घाटी में आतंकवाद पनपने के साथ ही मोहर्रम के जुलूस पर पाबंदी लगा दी गई थी किंतु पिछले वर्ष कश्मीर प्रशासन ने 34 वर्ष की पाबंदी के बाद 8वीं मोहर्रम के जूलूस को श्रीनगर में गुरुबाजार से डल गेट तक केअपने पारंपरिक मार्ग से गुजरने की अनुमति दी थी। प्रशासन ने शिया समुदाय की मांग पर जुलूस निकालने की न सिर्फ अनुमति दी अपितु उसकी अवधि भी बढ़ा दी, उसके बाद भी इस प्रकार की हरकत चिंता पैदा करने वाली है। अभी संक्षिप्त संसद सत्र में असद्दुदीन ओवैसी ने संसद में संविधान की किताब हाथ में पकड़कर शपथ लेते हुए जय फिलीस्तीन का नारा लगाकर सभी को हैरान कर दिया था। ओवैसी का यही ट्रेंड मोहर्रम के जुलूस मे भी दिखाई पड़ रहा है और वोट बैंक के लालच में इंडी गठबंधन का कोई भी सदस्य इस सबकी निंदा तक नहीं करता। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े निर्देशों के बाद भी मोहर्रम के दौरान सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का पूरा प्रयास किया गया। अमेठी से प्राप्त वीडियो में जुलूस में शामिल मुस्लिम युवक नारा लगा रहे थे कि ÷हिन्दुस्तान में रहना है तो हाय हुसैन कहना होगा÷ जो वातावरण को बिगाड़ने के लिए किया गया प्रयोग था। यह तो भला हो यूपी पुलिस का जिसने ततकाल कार्यवाही करते हुए सात आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। वहीं फतेहपुर और मेरठ के गांव मे भी वातावरण को दूषित करने का असफल प्रयास किया गया।

यह सभी घटनाएं राहुल गांधी के बयान ÷डरो मत, डराओ मत÷ से ही प्रेरित हैं। इंडी गठबंधन में शामिल अन्य नेता भी अपने बयानों से अराजकतावदी संगठनों को प्रोत्साहित कर रहे हैं जिसमें यूपी से समाजवादी और तमिलनाडु से द्रमुक वाले सबसे आगे रहते हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तो वैसे भी हिन्दुओं और भारत से नफरत करती हैं। लोकसभा चुनावों के बाद आरम्भ हुई नयी राजनैतिक पैतरेबाजी बहुत ही खतरनाक है। जो कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंदिर जाने से परेशानी का अनुभव करती है उसी कांग्रेस के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय राजधानी लखनऊ में मोहर्रम के जुलूस में मुख्यअतिथि बन जाते हैं और मुस्लिम तुष्टीकरण प्रदर्षित करते हैं।

कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष हर हालत में अराजकता का वातावरण पैदा कर मोदी सरकार को कमजोर बताकर उसकी छवि को आघात पहुंचाना चाहता है। कुछ विश्लेषक इन सभी घटनाओं पर कांग्रेस व इंडी गठबंधन से सीधा जवाब चाहते हैं क्योंकि इन घटनाओं को इन सभी राजनैतिक दलों का सीधा संरक्षण प्राप्त है। यह संगठन उत्साहित हैं क्योंकि इनके समर्थक सांसदों की संख्या बढ़ गई है।

## संपादकीय

## जानलेवा प्रदूषण

यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि भारत के दस बड़े शहरों में हर दिन होने वाली मौतों में सात फीसदी से अधिक का मुख्य कारण हवा में व्याप्त प्रदूषण है। वहीं दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानी दिल्ली में यह आंकड़ा साढ़े ग्यारह प्रतिशत है। पिछले दिनों चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी चर्चित अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका लासेंट के अध्ययन में ये आंकड़े सामने आए हैं।

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जिन शहरों में निर्धारित मानकों से अधिक प्रदूषण है, वहा भी प्रदूषण नियंत्रण के लिये केंद्र द्वारा आवंटित राशि का बड़ा हिस्सा अनुपयोगी रह जाता है। विडंबना देखिए कि 131 शहरों को आवंटित धनराशि का महज 60 फीसदी ही खर्च किया जाता है। यह स्थिति तब है जब देश के अधिकांश शहर गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने इस चुनौती के मुकाबले के लिये राष्ट्रीय वायु स्वच्छता कार्यक्रम के क्रियान्वयन की घोषणा 2019 में की थी। जिसका मकसद था कि खराब हवा के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को कम किया जा सके। कोशिश थी कि देश के चुनिंदा एक सौ तीस शहरों में वर्ष 2017 के मुकाबले वर्ष 2024 तक घातक धूल कणों की उपस्थिति को बीस से तीस फीसदी कम किया जा सके। कालांतर नये लक्ष्य निर्धारित किये गए और कहा गया कि दो वर्ष का समय आगे बढ़ाकर लक्ष्य को चालीस फीसदी कर दिया जाए। दरअसल, इस अभियान के अंतर्गत वार्षिक आधार पर वायु स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाता है। इस अभियान के तहत वातावरण में व्याप्त धूल को नियंत्रित करने वाले कदम उठाये जाते हैं। मसलन सार्वजनिक यातायात को प्रोत्साहन, शहरों में पौधरोपण करके हरियाली का दायरा बढ़ाना, कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन, इलेक्ट्रानिक वाहनों को प्रोत्साहन तथा इन वाहनों के लिये चार्जिंग स्टेशन बनाने जैसे अभियान को गति देना। यह कार्यक्रम प्रदूषण से ग्रस्त चुनिंदा शहरों में चलाया जाना था। लेकिन राज्य सरकारों व स्थानीय प्रशासन की तरफ से इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस अभियान की निगरानी केंद्र



सरकार के कुछ विभागों के अलावा राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण भी करता रहा है। लेकिन स्थानीय निकायों व प्रशासन ने संकट की गंभीरता को नहीं समझा। इस दिशा में अपेक्षित सक्रियता नजर नहीं आई। उल्लेखनीय है कि प्रदूषित शहरों को वार्षिक लक्ष्यों के अनुरूप कार्यक्रम संचालित करने थे। ये वे शहर थे जहां पांच सालों तक हवा की गुणवत्ता लक्षित मानकों से कम रही थी। केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिये करीब साढ़े दस हजार करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। लेकिन सिर्फ साठ फीसदी राशि ही इस मकसद के लिये खर्च की गई। वहीं सत्ताईस शहरों ने बजट का तीस फीसदी ही खर्च किया।

कुछ शहरों ने तो इस मकसद के लिये आवंटित धन का बिल्कुल उपयोग नहीं किया। यह स्थिति इस गंभीर चुनौती को लेकर आपराधिक लापरवाही को ही दर्शाती है। जाहिर है ऐसी लापरवाही से इन शहरों की हवा सुधारने के लक्ष्य हासिल करना असंभव ही लगता है। जीवाश्म ईंधन के उपयोग, सड़कों पर निरंतर बढ़ते पेट्रोल-डीजल वाहन, सार्वजनिक यातायात की बदहाली व कचरे का ठीक से निस्तारण न होने से वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लक्ष्य हासिल करना मुश्किल ही नजर आता है। अब केंद्र सरकार इस दिशा में गंभीरता से पहल कर रही है और नये सिरे से योजना का मूल्यांकन करने जा रही है। जिससे प्रदूषित शहरों को दी जाने वाली राशि का यथा समय अधिकतम उपयोग हो सके। निस्संदेह, राज्यों के शासन व स्थानीय प्रशासन के वायु प्रदूषण को लेकर उदासीन रवैये से नागरिकों के जीवन का संकट बरकरार है।

# उप्र में भाजपा की घमासान से खुली विकास की कलई

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के बीच जबरन अलगाव ने चुनावों में कड़वाहट पैदा की है। यूपी के विपरीत जहां चुनाव के विश्लेषक खुशी-खुशी भाजपा की जीत का अनुमान लगा रहे थे। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले ही पर्यवेक्षकों को यह स्पष्ट हो गया था कि भाजपा को बड़ा झटका लगेगा। वास्तव में यही हुआ।भारतीय जनता पार्टी की पराजय के कुछ संकेत कम से कम दो प्रमुख राज्यों- उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से मिल रहे हैं जहां भाजपा को लोकसभा चुनावों में भारी नुकसान उठाना पड़ा था और जिसके कारण नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार अल्पमत सरकार का नेतृत्व करना पड़ा है, जो पार्टी द्वारा चलाए गए %400 पार% के अभियान से काफी कमतर है।

उत्तर प्रदेश में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक ऐसा बयान दिया है जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ विद्रोह नहीं तो कम से कम एक कदम तो माना ही जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मौर्य ने कहा कि %संगठन सरकार से बड़ा है और पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा का गौरव हैं।% ऐसा कहते हुए उन्होंने योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली और नौकरशाहों पर अत्यधिक निर्भरता के साथ उनके द्वारा प्रशासन चलाने को निशाने पर लिया है। नतीजतन, तर्क यह है कि पार्टी कार्यकर्ताओं को यह महसूस हो रहा है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है या उनका काम नहीं हो रहा है और अधिकारी वर्ग हावी है- एक ऐसी शैली जिसे सीधे तौर पर आदित्यनाथ के काम करने की शैली और राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य को नियंत्रित करने के तरीके के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। प्लेटफॉर्म %एक्स% पर साझा किए गए एक वीडियो क्लिप में मौर्य ने एक सार्वजनिक बैठक में जोरदार तालियों के बीच कहा-%संगठन सरकार से बड़ा था, है और रहेगा। मैं खुद को पहले भाजपा का कार्यकर्ता और उसके बाद उप मुख्यमंत्री मानता हूं।%

मौर्य ने राज्य भाजपा प्रमुख भूपेंद्र सिंह चौधरी से मुलाकात की और फिर दोनों ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भेंट की जिसके बाद चौधरी और प्रधानमंत्री के बीच बैठक हुई। ये सभी बैठकें एक के बाद एक हुईं। बयानों और बैठकों से एक स्तर पर योगी आदित्यनाथ के सरकार चलाने के तरीके से गंभीर असंतोष का संकेत मिलता है और दूसरी ओर यह इस चिंता का परिणाम है कि चुनाव में हार एक बार की बात नहीं है बल्कि पार्टी की छवि में गहरी गिरावट का संकेत है। फिर भी आदित्यनाथ को हटाना आसान नहीं होगा जो कुछ वर्गों के बीच बेहद लोकप्रिय भी हैं और जिसका जवाब अब एक सरल सा मुद्दा है- क्या यह लोकप्रियता केवल कागजों पर है या मुख्यमंत्री को उनकी



वास्तविकता से बड़ा दिखाने के लिए वर्षों से बढ़ाई जा रही है? लोकसभा चुनाव ऐसा ही संकेत देते हैं- भाजपा ने 2019 के चुनावों में 62 से कम इस बार 33 सीटें जीतीं। इसलिए यूपी में 10 विधानसभा सीटों के लिए आगामी उपचुनाव एक कठिन लड़ाई होगी और यह यूपी और देश भर में इसके नतीजों को निर्धारित कर सकती है। यहां की प्रमुख सीटों में अखिलेश यादव का करहल निर्वाचन क्षेत्र और मिल्कीपुर (अयोध्या में) शामिल हैं जहां से सपा विधायक अवधेश प्रसाद ने फैजाबाद से आश्चर्यजनक जीत हासिल कर भाजपा को चित कर दिया। अयोध्या शहर फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के बीच जबरन अलगाव ने चुनावों में कड़वाहट पैदा की है। यूपी के विपरीत जहां चुनाव के विश्लेषक खुशी-खुशी भाजपा की जीत का अनुमान लगा रहे थे। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले ही पर्यवेक्षकों को यह स्पष्ट हो गया था कि भाजपा को बड़ा झटका लगेगा। वास्तव में यही हुआ। भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट)-नेशनल कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के गठबंधन ने कुल 17 सीटें जीतीं जो 2019 के चुनावों में 48 में से जीती गईं 41 से कम हैं।भाजपा ने इस बार 28 सीटों पर चुनाव लड़कर केवल नौ सीटें जीतीं वहीं कांग्रेस ने 17 सीटों पर लड़कर 13 सीटें जीतीं। भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी पत्रिका %विवेक% ने अब एक विश्लेषण पेश किया है जिसमें कहा गया है कि एकनाथ शिंदे, जो मुख्य शिवसेना पार्टी से अलग हो गए थे लेकिन जिन्हें %असली% शिवसेना घोषित किया गया था, लोगों को स्वीकार्य थे। इसने कहा कि समस्या शरद पवार के भतीजे अजित पवार की अस्वीकार्यता से उत्पन्न हुई जिन पर पहले भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और फिर उन्हें एक प्रमुख सहयोगी के रूप में भाजपा में शामिल कर लिया। एनसीपी के अजित पवार गुट को अब भाजपा में शामिल करने की समझदारी पर संदेह है। महाराष्ट्र में अजित पवार गुट के विधायकों के शरद पवार के पास वापस आने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस संकट के बीच यह विश्लेषण कितना सही है कि यह अजित पवार थे, न कि संपूर्ण सुव्यवस्थित ऑपरेशन जिसने उद्धव ठाकरे की (जो कांग्रेस और एनसीपी के समर्थन से सत्ता में थे) विधिवत निर्वाचित सरकार को गिरा दिया, जिसे लोगों द्वारा अस्वीकार्य माना जाता है?

कई मायनों में ये कुछ ऐसे सवाल उठाने की कोशिशें हैं जो समस्या कि जड़ तक नहीं पहुंचतीं और जो कि भाजपा का नैतिक दिवालियापन है। यह बात स्पष्ट हो गई है कि भाजपा की छवि एक ऐसी पार्टी के रूप में है जो किसी भी कीमत पर जीतने की होड़ में है, फिर चाहे वह धन-बल हो, हिंदुत्व की राजनीति हो या विपक्षी नेताओं को दबाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली जांच एजेंसियां हों। यह आम नागरिक के सामने साफ है और भाजपा का यह मानना है कि वह नैरेटिव को फिक्स कर सकती है, हेडलाइन हासिल कर सकती है या स्टोरी को अपने पक्ष में मोड़ सकती है, ऐसा लगता है कि यह इस विश्वास और अनुमान से उपजा है कि वह हर समय सभी लोगों को मूर्ख बना सकती है। 2024 के चुनाव परिणामों ने पार्टी को बता दिया है कि वह बच नहीं सकती। फिर भी भाजपा आज भी सुनने से इनकार करती है; उसके चतुर तर्क और संदिग्ध रणनीति जारी है।वास्तविकता यह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा द्वारा खेली गई सांप्रदायिक राजनीति ने उस तरह का लाभ देना बंद कर दिया है जैसा पहले देती थी। जहां राम मंदिर का जल्दबाजी में उद्घाटन किया गया था, उस फैजाबाद में हार भाजपा के लिए केवल बड़ी पराजय का रूपक नहीं है; यह उन सभी बातों पर तमाचा है जिनका भाजपा ने अपने कार्यकाल के दौरान समर्थन किया और जिन्हें आगे बढ़ाया- धर्म और राजनीति को मिलाने के उसके विचारों से लेकर विकास के उसके विचार तक, जिसने गरीबों को विकास की मुख्यधारा से बाहर धकेलकर एक नई किस्म की चकाचौंध और एक कथित महानता को अपनाया जिसके बारे में उसे लगा कि बाहरी लोगों और धनी वर्गों के आने से अयोध्या में उसका आगमन होगा। यह निश्चित रूप से गरीब विरोधी दृष्टिकोण व्यापक हो गया है और इसे भाजपा के अलावा हर कोई इसी रूप में देखता है। पार्टी ने भारत के 60 प्रतिशत लोगों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण के साथ इस विमर्श को गढ़ने की कोशिश की है कि यह एक ऐसा दान है जो शीर्ष से नीचे उतरते विकास मॉडल को उजागर करता है। उसे ही बढ़ावा देने का उस पर आरोप है और जो भारत के लिए एक स्थायी विकास की कहानी नहीं बना सकता है।


# कैसे हटाएं मेकअप



अगर मेकअप न हटाया जाए तो वह त्वचा के छिद्र को बंद कर देता है और मेकअप में मौजूद केमिकल त्वचा को क्षति पहुंचाते हैं। इसलिए सोने से पहले अपना मेकअप उतारना न भूलें। आपकी मेकअप किट में अच्छी क्वॉलिटी का मेकअप रिमूवर होना बहुत जरूरी है। आंखें काफी सेंसिटिव होती हैं और उन्हें अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। फेशियल मेकअप जैसे फाउंडेशन और लिपस्टिक, वॉटर बेस्ट मेकअप क्लींजर से आसानी से साफ हो जाते हैं, लेकिन आई मेकअप जैसे-लाइनर, काजल और मस्कारा को हटाने के लिए अलग रिमूवर की जरूरत होती है। इसके लिए मेकअप रिमूवर सलूशन में अधिक ऑयल की जरूरत होती है।

आई मेकअप रिमूवर

यह फेशियल मेकअप रिमूवर से अधिक मृदु होता है। इसके लिए बेबी ऑयल और बेबी लोशन भी इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आप मेकअप का प्रयोग नहीं करती हैं तब भी त्वचा को नियमित रूप से माइल्ड क्लींजर



से साफ करना जरूरी है। ताकि धूल-मिट्टी व गंदगी साफहो जाए। ऐसा करने से त्वचा में किसी प्रकार की जलन, एक्ने और पिंपल्स नहीं होने पाते।

1. आंखों का मेकअप हटाने के लिए हाथ साफ होने चाहिए। लाइनर और मस्कारा हटाते समय हलके हाथों से साफ करें।
2. आई मेकअप हटाने के लिए होममेड क्लींजर इस प्रकार बनाएं- कैस्टर ऑयल+ऑलिव ऑयल+कैनोला ऑयल की बराबर मात्रा लेकर एक साथ मिलाएं फिर टिश्यू पेपर या कॉटन बॉल में थोड़ा सा मिश्रण लेकर आंखों को साफ करें।

मेकअप रिमूवर

1. मेकअप हटाने के लिए जो भी प्रोडक्ट इस्तेमाल करें उसे कॉटन बॉल की सहायता से ही करें। चेहरे और गर्दन को थपथपाते हुए साफ करें। अगर एक बार ऐसा करने से मेकअप साफ न हो तो दोबारा कॉटन बॉल गीला करके चेहरा साफ करें।
2. आप चाहें तो घर पर एक अच्छा इंस्टैंट मेकअप रिमूवर बना सकती हैं, जिसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होगा। 2 चम्मच गुलाबजल में कुछ बूंदें बेबी ऑयल और 3-4 बूंद नीबू का रस मिलाएं। इस मिश्रण को कॉटन बॉल में लगाकर चेहरा साफ करें। यह छिद्र को साफ करता है, मेकअप को अच्छी तरह हटाता और त्वचा की धूल-गंदगी भी बारीकी से साफ कर देता है।
3. ताजे दूध में थोड़ा सा नीबू का रस मिलाकर क्लींजर के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। यह चेहरा साफ जरूर करता है, लेकिन ऑयली स्किन के लिए अच्छा उपाय नहीं है। ऑयली स्किन के लिए इसमें थोड़ा दही का पानी भी मिलाया जा सकता है।
4. बाजार में बहुत तरह के क्लींजर, मेकअप रिमूवर उपलब्ध हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें, उसमें एल्कोहॉल न हों। एल्कोहॉल त्वचा के लिए नुकसानदेह होता है। यह फ्रेश लुक देते हैं, लेकिन कुछ समय बाद त्वचा को रुखा बना देते हैं।
5. मेकअप हटाने के बाद त्वचा को टोन अप करने के लिए टोनर लगाएं। उसके बाद मॉयस्चराइजर लगाएं, ताकि त्वचा की कुदरती नमी बरकरार रहे। नियमित क्लीनिंग, टोनिंग और मॉयस्चराइजिंग से त्वचा किसी भी प्रकार की समस्या से दूर रहती है और लंबे समय तक स्वस्थ रहती है। इसे अपना रुटीन बना लें ताकि त्वचा ताउम्र जवां और स्वस्थ बनी रहे।

# अब डैड्रफ रहे काबू में

बारिश के मौसम में उमस और पसीने से बालों में चिपचिपाहट हो जाती है। रूसी एक प्रकार की निर्जीव त्वचा है, जो बालों की जड़ों के आसपास जमा हो जाती है। इसलिए अपने बालों को साफ रखें और महीन दांतों वाली कंघी का प्रयोग करे। ताकि सिर की त्वचा से आसानी से रूसी बाहर निकल जाए। यहां हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब बता रहे है, उपयोगी टिप्स।

1. बालों में प्रतिदिन ब्रश करने और मालिश करने से डैड्रफ की समस्या से छुटकारा मिल सकता है, क्योंकि इन उपचारों से रक्तसंचार तीव्र गति से होता है और मृत त्वचा निकल जाती है।
2. गर्म ऑलिव ऑयल में कुछ बूंदें अदरक के रस की डालकर इससे सिर पर कुछ देर मालिश करे। आधे घंटे तक बालों में लगा रहने के बाद शैंपू कर लें।
3. बालों में रूसी होने से बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं। ऐसे में प्याज का रस लगाएं। आधा घंटे बाद एक मग में नीबू की कुछ बूंदें डाल कर उस पानी से धोएं।
4. नीम की पत्तियों का रस नीबू के रस में मिलाकर सिर में लगभग तीस मिनट तक लगाएं। फिर शैंपू कर लें या फिर शैंपू करने के बाद सिरके और नीबू का रस बराबर मात्रा में लेकर 5-10 मिनट तक के लिए सिर में लगा रहने दें। उसके बाद बालों को धो लें।
5. जोजोबा ऑयल और कोकोनट ऑयल को मिलाकर उंगली के पोरों से धीरे-धीरे सिर की त्वचा पर मालिश करे। इसके बाद गर्म पानी में भीगे तौलिये को निचोड़कर थोड़ी देर तक सिर पर लपेटकर रखें। आधे घंटे बाद शैंपू करें।



# जब चुनें शैंपू

1. जिस शैंपू से ज़्यादा झाग न निकले उसे फेंकें नहीं, क्योंकि बालों की अच्छी सफ़ाई के लिए यह ज़रूरी नहीं है कि शैंपू से ख़ूब सारा झाग निकले। सुगंध वाले शैंपू इस्तेमाल करना भी कोई ज़रूरी नहीं है। ऐसा शैंपू चुनें, जो आपके बालों की किस्म के मुताबिक हो और बालों को सूट भी करे।
2. अगर बाल पतले और रूखे या सामान्य है तो ऐसा शैंपू प्रयोग करे जो बालों को वॉल्यूम दें, बाउंस करे और संवारने में आसान बनाए।
3. शैंपू के लेबल पर ध्यान दें अगर उसमें एक्स्ट्रा बॉडी शैंपू छपा है तो यह फॉर्मूला बालों पर एक परत बना देगा जिससे बालों को बॉडी मिलेगी और वे घने नज़र आएंगे। इस बात का ध्यान ज़रूर रखें कि एक अच्छे ब्रैंड का शैंपू इस्तेमाल करे।



4. अगर बाल बेहद रूखे है तो ड्राई एंड डैमेज हेयर के लिए बना शैंपू इस्तेमाल करे। यह बालों के लिए जरूरी आर्द्रता के संतुलन को बनाए रखता है और सूर्य की तेज़ अल्ट्रावॉयलेट किरणों के दुष्प्रभाव से भी बालों को बचाता है।
5. अगर आपने अभी-अभी हेयर कलर कराया है और उसकी चमक को बरकरार रखना चाहती है तो ऐसा शैंपू इस्तेमाल करे जिसमें अल्ट्रावॉयलेट फ़िल्टर्स हों और माइल्ड क्लींज़िंग भी करे, ताकि आपके बालों को अल्ट्रावॉयलेट किरणों से नुकसान न पहुंचे।
6. अगर आप बहुत सारे स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करती है तो आपको क्लैरीफ़ाइंग शैंपू का प्रयोग करना चाहिए, जो आपके बालों की डीप क्लींज़िंग करता है और स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स में इस्तेमाल किए गए केमिकल के असर को भी कम करता है।
7. अगर आप स्विमिंग करती है तो डीटॉक्सीफाइंग शैंपू का इस्तेमाल करे जो क्लोरीन और कॉपरयुक्त पानी के प्रभाव को दूर कर देता है।

# व्यक्तित्व मे निखार लाएं मोती जैसे दांत



दांत खाना खाने के लिए तो जरूरी है ही, मोहक, प्रभावशाली व्यक्तित्व के लिए भी महत्वपूर्ण है। कुछ लोग यूं तो बहुत खूबसूरत होते है, लेकिन मुंह खोलते ही उनका आकर्षण खत्म हो जाता है। कुछ ऐसा ही हुआ मनाली के साथ। उसके हाथ से मॉडलिंग का अवसर सिर्फ इसलिए छूट गया, क्योंकि उसके दांत छोटे-बड़े है और पीले भी पड़ गए है। ऐसा कुछ आपके साथ न हो, इसलिए शुरू से ही दांतों की उचित देखभाल जरूरी है।

## ध्यान दें शुरु से

दंत चिकित्सक डॉ.ज्योति कपाड़िया के अनुसार जब बच्चों के दांत उग आएं, तभी से सुबह व रात में सोते समय ब्रश की आदत डाल देनी चाहिए। खाते समय भोजन के कण दांतों के बीच फंस जाते है, जो ब्रश करने से निकल जाते है। यदि इन्हे न निकाला जाए तो ये सडने लगते है, जिससे दांतों में सडन और कैविटी पैदा हो जाती है। इस कारण दांतों में तेज दर्द हो सकता है व असमय दांत टूट सकते है। लोग सोचते है दूध केदांत तो टूट जाते है। इतनी देखभाल क्यों करे ? दूध के सभी दांत एक साथ नहीं टूटते। एक-एककर टूटते जाते है और उनकी जगह नए दांत आते-जाते है। अगर कोई पुराना सड़ा हुआ हो तो वह नए दांत को भी सड़ा सकता है।

## जरूरी है दांतों की सफाई

बच्चों को टॉफियां खास तौर से पसंद होती है। ध्यान रखें कि कुछ भी मीठा खाने के बाद बच्चे कुल्ला जरूर करे। कुछ लोग समझते है कि टूथपेस्ट का अधिक इस्तेमाल करने से दांत ठीक से साफ होते है। ऐसा नहीं है, बल्कि अधिक टूथपेस्ट दांतों की ऊपरी सुरक्षा परत इनामेल को नुकसान पहुंचा सकता है। सामान्यतया ऐसे टूथपेस्ट का उपयोग करना चाहिए जिसमें फ्लोरीन हो। फ्लोरीन हड्डियों में पाया जाने वाला एक तत्व है। यह दांतों को मजबूत बनाता है। लेकिन ज्यादा फ्लोरीन भी दांतों को पीला और खराब कर सकता है। इस बीमारी को फ्लोरोसिस कहते है। जिस क्षेत्र के पानी में फ्लोरीन की मात्रा अधिक हो, वहां के लोगों को फ्लोरीन वाले टूथपेस्ट से बचना चाहिए।

## विटमिंस का करे भरपूर उपयोग

दांतों के साथ मसूड़ों की देखभाल भी जरूरी है। ब्रश के बाद मसूड़ों की उंगलियों से हलकी -हलकी मालिश करें। कुछ बीमारियों के बाद मसूड़े ढीले पड़ जाते है और दांत हिलने लगते है। कभी-कभी मसूड़ों में छाले भी पड़ जाते है। ऐसे में भोजन में नमक-मिर्च आदि का उपयोग कम करे, क्योंकि उनसे जलन होती है। साथ ही ध्यान रखना चाहिए कि दांतों पर कोई आघात न पहुंचे क्योंकि उस समय ये टूट सकते है। खाने में विटमिन बी कॉम्प्लेक्स व विटमिन सी का भरपूर प्रयोग करे और डॉक्टर की सलाह का पालन करे ताकि आपके मसूड़े जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं। विटमिन सी आंवला, संतरा, मौसमी, टमाटर, साग-सब्जियों में मिलता है। इसका नियमित सेवन आपको स्कर्वी और पायरिया से दूर रखेगा। पायरिया मसूड़ों की बीमारी है जो एंट अमीबा जिंजिवेलिस नाम के कीटाणु से होती है। इसमें मुंह से दुर्गंध तथा मसूड़ों से खून आने की शिकायत होती है। पायरिया होने पर डॉक्टर के परामर्श का पालन करे। दवाओं के साथ-साथ हाइड्रोजन-पर-ऑक्साइड से कुल्ला करना भी लाभदायक हो सकता है।

## दूर करे कैविटी

डॉ.ज्योति के अनुसार यह दांत अगर सड़ जाएं और उसमें कैविटी बनने लगे तो कैविटी को भरवाया जा सकता है। इससे पहले दांत को अच्छी तरह से साफ व कीटाणुमुक्त करना पड़ता है। ताकि कैविटी भरने के बाद अंदर कोई कीटाणु न रह जाए और दांत को फिर से सड़ने से बचाया जा सके। ज्यादा सड़े या जड़ों से कमजोर दांतों को निकलवाकर उनकी जगह नकली दांत या नए दांतों का सेट लगवाया जा सकता है।

## दांतों का सौंदर्य बढ़ाएं

दांत पीले पड़ गए हों या दो दांतों के बीच अधिक दूरी हो, दांत छोटे-बड़े या बाहर की ओर निकले हों तो इससे भी चेहरे के सौंदर्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। ऐसे में डेंटिस्ट से अवश्य मिलें। डेंटिस्ट की सलाह पर पीले दांतों की सफाई करवाएं। बाहर की ओर निकले या दूरी वाले दांतों पर कुछ दिनों के लिए क्लिप लगवाएं। बड़े दांतों को घिसवा सकती है। छोटे दांतों में नीचे से दांतों जैसा दिखने वाला पदार्थ जोड़कर उन्हे समान आकार का बनवाया जा सकता है।

## आकर्षक मुसकान के लिए

ग्रूमिंग एक्सपर्ट और सौंदर्य विशेषज्ञा डॉ.ब्लॉसम कोचर के मुताबिक, %आपके चेहरे की कंप्लीट स्माइल मेकओवर भी की जा सकती है। इसमें आपके चेहरे के आकार को देखकर ये आकलन किया जाता है कि इस पर कैसी मुसकान और दांत अच्छे लगेंगे। फिर उसके अनुसार हम बेहतर मुसकान का अभ्यास कराते है। स्माइल मेकओवर क्लासेस में हंसने के तरीके के साथ ही चेहरे के हाव-भाव के बारे में भी बताया जाता है। ताकि हंसते समय आपके चेहरे का प्रभाव दूसरे पर अच्छा हो।

काया क्लीनिक की डॉ.चारुलता कहती है, चेहरे के आकार को देखकर हम यह अनुमान लगाने की कोशिश करते है कि आप पर कैसे दांत व कैसी मुसकान अच्छी लगेगी। फिर असली दांतों का आकार बदला जाता है व जरूरत पड़ी तो नकली दांत लगा दिया जाता है। दांतों का पूरा सेटअप बदलने के साथ यह बताया जाता है कि आपके लिए किस तरह हंसना ठीक रहेगा। हालांकि यह मौके पर निर्भर करता है। यानी मनचाही मुसकान जिसमें सब कुछ आकर्षक हो, वैसा हो, जैसा आप चाहे, हासिल की जा सकती है।

एक प्यारी सी मुसकान कई अनकही बातें कह जाती है और कई दिल जीत लेती है। आप इन बातों का ख्याल रख सकें तो चमचमाते दांत आपके व्यक्तित्व में चार चांद लगाएंगे और हर कोई कहेगा-स्माइल प्लीज।

# प्रेग्नेंसी में सुपरफूड की तरह काम करता है शरीफा

## शिशु का होता है तेज दिमाग

हर कोई चाहता है कि उसका बच्चा तेज दिमाग के साथ स्वस्थ रहे। इसके लिए जरूरी है कि प्रेग्नेंसी के दौरान कुछ खास चीजों खाई जाएं। शरीफा ऐसा ही फल है जो आपके शिशु का मानिसिक और शारीरिक विकास बेहतर करता है। शरीफा विटामिन सी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स बढ़ाते हैं इम्युनगर्भ में पल रहे शिशु के लिए अमृत समान होता है। शरीफा पोषक तत्वों का खजाना होता है। खासतौर से अगर इसे प्रेग्नेंसी में खाया जाए तो मां ही नहीं गर्भ में पल रहे शिशु के भी सारे पोषण की जरूर पूरी होती है। हालांकि शरीफा कई गभींर रोगों में भी बहुत फायदेमंद होता है। हाई और लो हाई बीपी, डायबिटीज, हृदय रोग के जोखिमों से बचाने के साथ ये इम्युन सिस्टम को भी मजबूत बनाता है, इससे शरीर को रोगों से लड़ने कि अपार शक्ति मिलती है।

विटामिन सी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स भरपूर होने के कारण ये एलर्जी और कैंसर के जोखिम से भी बचाता है। ये शरीर को मुक्त कणों या फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करता हैं। इसमें बहुत अच्छी मात्रा में पोटैशियम और मैग्नीशियम होता है। शरीफा में विटामिन ए भी होता है जो आंखों के लिए बहुत अच्छा होता है। इतना ही नहीं अपच-गैस आदि में भी इसका सेवन लाभप्रद होता है। इसे किसी भी रूप में खाया जा सकता है। आप चाहें इसका स्मूदी बनाएं या शेक पीएं या साबुत खाएं।

## प्रेग्नेंसी में लाभदायक

प्रेग्नेंसी में शरीफा को रोज की डाइट का हिस्सा बना लें। कम से कम तीन शरीफा रोज खाएं। ऐसा करके न केवल आप अपने बच्चे का तेजी से विकास करेंगी बल्कि इससे शिशु का मस्तिष्क और प्रतिरक्षा प्रणाली प्रभावी ढंग से विकसित होगा। इसे रोज खाने गर्भपात के जोखिम भी कम होते हैं और नार्मल डिलेवरी के दौरान पीड़ा भी कम होती है। ये अंदर से शरीर को मजबूत बनाता है।

## हार्ट अटैक के खतरे करता है कम

शरीफे में मैग्नीशियम और पोटेशियम की मात्रा बहुत होती है और ये हार्ट अटैक के जोखिमों को रोकने में बहुत मददगार होते हैं। रोज यदि इसका सेवन किया जाए तो इससे मांसपेशियों मजबूत होती हैं और दर्द में भी आराम मिलता है। विटामिन बी 6 होमोसिस्टीन संग्रह को रोकता है, जिससे हृदय रोग जैसा जोखिम कम होतें हैं।

## इम्युन होता है मजबूत

रोज तीन शरीफा जरूर खाना चाहिए। इसे खाने से इम्युन जनित रोग होने की संभावना नहीं रहती है, वहीं बीमारियों से रिकवर होने में बहुत मदद मिलती है। इसे खाने से इम्युन सिस्टम बहुत मजबूत होता है जिससे शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाती है।

## सुस्ती और थकान को करता है दूर

शरीफा खाने से न सिर्फ थकान, सुस्ती और कमजोरी दूर होती है मांसपेशियों में होने वाले दर्द से भी ये आराम दिलाता है।


### डायबिटीज और ब्लडप्रेशर नियंत्रित करता है

यह टाइप -2 डायबिटीज के जोखिम को कम करने के साथ शरीफा हाई और लो बीपी में भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसमें पोटैशियम और मैग्नीशियम काफी अच्छी मात्रा में होता है जिससे ये दो बीमारियां कंट्रोल में रहती है।
शरीफा को रोज सुबह या दोपहर में खाना ज्यादा श्रेयस्कर होता है। कोशिश करे कि एक साथ दो शरीफा जरूर खाएं।



# घनी पलकें ही नहीं दमकती, त्वचा के लिए भी फायदेमंद है एलोवेरा जेल

अगर आप अपनी लंबी घनी पलकों के साथ दमकती त्वचा का सपना देखती हैं तो एलोवेरा बिना आपकी जेब ढीली किए आपका ये सपना पूरा कर सकता है। महिलाओं की ऐसी ही सेहत और खूबसूरती से जुड़ी हर छोटी बड़ी परेशानी को ध्यान में रखते हुए वीमेन हेल्थ और केयर पर फोकस करने वाली वेलनेस साइट हेल्थ शॉट्स पर छपी रिपोर्ट के मुताबिक जानते हैं आखिर कैसे एलोवेरा का उपयोग करके आप घर पर पा सकते हैं पार्लर जैसा निखार।



## त्वचा का बचाव

एलोवेरा प्राकृतिक रूप से विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। एलोवेरा का नियमित इस्तेमाल त्वचा में कसावट लाने के साथ त्वचा की रंगत भी निखारता है।

**कैसे करें इस्तेमाल:** चेहरे को धोने के बाद रोजाना एलोवेरा रस को त्वचा पर दो बार लगाएं। आधे घंटे बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें।

## लंबी पलकों और भौंहों के लिए एलोवेरा

लंबी पलके और घनी भौंहों की चाहत अगर आप भी रखते हैं तो आपका ये सपना एलोवेरा पूरा कर सकता है।

**कैसे करें इस्तेमाल:** पलकों को घना बनाने के लिए एलोवेरा जेल को रूई या मस्करा लगाने वाली साफ छड़ी का उपयोग करते हुए पलकों और भौंहों पर लगाएं। 15 मिनट बाद इस जेल को भौंहों और पलकों से छुड़ाने के लिए ऐलोवेरा जेल में कुछ बूंदें जैतून के तेल की मिलाकर इस मिश्रण को अपनी पलकों पर लगाकर एक रूई की मदद से धीरे से पोंछ लें।

## त्वचा के लिए बेहतरीन मास्क

त्वचा में कसाव लाने के लिए एलोवेरा एक बेहतरीन मास्क है। इस मास्क को बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़ा चम्मच बेसन दो चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल अच्छे से मिलाकर चेहरे पर लगा लें। अब 30 मिनट बाद चेहरे को धो लें।

## मुहांसों से निजात पाने के लिए एलोवेरा जेल

अगर आप भी अक्सर मुहांसों की समस्या से परेशान रहते हैं तो अब उन्हें अलविदा कहने का समय आ गया है। मुहांसों से निजात पाने के लिए सबसे पहले 40 मिली मिनरल वाटर, तीन चम्मच एलोवेरा जेल और दो बूंद टी ट्री ऑयल लें। अब इन सभी चीजों को एक छोटी सी स्प्रे बोतल में डालकर अच्छे से हिलाते हुए मिला लें। अब चेहरे पर जिस जगह मुहांसे हैं उस जगह पर इसे स्प्रे करके इसे सूखने दें। ऐसा करते समय अपनी आंखों को बचाकर रखें।

## रेसिपी



### मटर कुलचा

**सामग्री**

■ 2 कप सूखी मटर ■ बारीक कटी 2 हरी मिर्च ■ 1 कप बारीक कटा प्याज ■ 1 कप बारीक कटा टमाटर ■ एक नींबू का रस ■ 1/2 चम्मच अमचूर पाउडर ■ 2 चम्मच चाट मसाला ■ 3 चुटकी मीठा सोडा पाउडर ■ 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर ■ स्वादानुसार नमक ■ आधा कप बारीक कटा हरा धनिया

**विधि**

मटर को 6 से 7 घंटे पानी में भिगो दें। अब इसे प्रेशर कूकर में पानी डालकर मीठा सोडा पाउडर, हल्दी पाउडर और थोड़ा नमक मिलाकर उबाल लें। कूकर में 3-4 सीटी आने के बाद गैस धीमी कर दें और फिर 2 से 3 सीटी आने के बाद गैस बंद कर दें। कूकर का प्रेशर खत्म होने पर ही उसका ढक्कन खोलें और मटर को एक बड़ी चम्मच से अच्छी तरह चलाकर मैश कर लें। अब इसमें बारीक कटा प्याज, हरी मिर्च, टमाटर, चाट मसाला, अमचूर पाउडर और स्वादानुसार नमक मिलाकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। फिर मटर में नींबू का रस मिलाकर 5 मिनट और मध्यम आंच में गैस पर रखकर पकाएं। गैस बंद कर दें, चटपटे मटर तैयार हैं, कुलचे के साथ इसे सर्व करें।

## रेसिपी



### मॉलिगेटॉनी सूप

**सामग्री**

■ 2 टीस्पून कुकिंग ऑयल ■ 2.5 कप रेडीमेड वेजिटेबल ब्रोथ ■ ½ कप लाल मसूर की दाल ■ ¼ कप चावल ■ 2 टुकड़ों में कटी गाजर ■ 2 बारीक कटी सेलेरी स्ट्रिक्स ■ 2 बारीक कटे टमाटर ■ 1 बारीक कटा सेब ■ ⅓ कप बारीक कटा प्याज ■ 1 टीस्पून गार्लिक पेस्ट ■ गार्निशिंग के लिए कुछ भुने हुए करी पत्ते।

**विधि**

2 टीस्पून कुकिंग ऑयल, 2.5 कप रेडीमेड वेजिटेबल ब्रोथ, ½ कप लाल मसूर की दाल, द कप चावल, 2 टुकड़ों में कटी गाजर, 2 बारीक कटी सेलेरी स्ट्रिक्स, 2 बारीक कटे टमाटर, 1 बारीक कटा सेब, ½ कप बारीक कटा प्याज, 1 टीस्पून गार्लिक पेस्ट, गार्निशिंग के लिए कुछ भुने हुए करी पत्ते।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-7-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ नरम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-2-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-1-5-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। शुभांक-1-4-6

## काकुरो पहेली - 5019




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

15 → 1 2 3 4 5; 24 ↓ 7 8 9

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो -5018 का हल



## लॉफिंग जौन

रमन अपने दोस्त नरेश से बोला- क्या बात है, आजकल तुम्हारी प्रेमिका अक्सर चुप-चुप ही रहती है? तुमने उसे डाँटा क्या?

नरेश- नहीं यार! मेरी क्या मजाल है जो मैं उस डाँट सकूँ। दरअसल हुआ यूँ कि एक दिन हम दोनों फोटो खिंचवा रहे थे, तो फोटोग्राफर ने मेरी प्रेमिका से कहा 'जब आप चुप रहती हैं, तो एकदम कैटरीना की तरह दिखती है।'

□ □ □

एक भीड़ भरी खचाखच बस में एक युवती को जोर से धक्का लगा। युवती झल्लाई और पीछे खड़े युवक को चिल्ला कर बोली, जान वर हो क्या?

युवक ने रोमांटिक अंदाज में जवाब दिया- जान तो आप हैं, मैं तो बस आपका ही वर हूँ।


□ □ □

एक बार स्वीमिंग पुल के किनारे कपड़े रखे थे और वहाँ एक कागज का पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मेरे कपड़े मत चुराना- बॉक्सिंग चैंपियन रमन।

जब वह तैर कर बाहर निकला, तो देखा वहाँ से उसके कपड़े गायब थे और एक पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मुझे पकड़ने की कोशिश मत करना- मैराथन चैंपियन चमन।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 5019




**बायें से दायें:-**

१. 'तू मिले दिल खिले और' गीत वाली नागार्जुन, रमैया, मनीषा की फिल्म-४
३. राजकपूर, माला की 'आँसू भरी हैं ये जीवन की राहें' गीत वाली फिल्म-५
६. 'केसरिया बालम' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टाकिया की फिल्म-२
७. शाहरूख, माधुरी की 'अठरा बरस की कँवारी कली थी' गीत वाली फिल्म-३
९. 'वो चाँद जैसी' गीत वाली शाहरूख खान, माधुरी, ऐश्वर्या की फिल्म-४
११. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
१२. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
१४. संजय दत्त, फरहा की 'मेरा प्यार तेरे जीवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१५. विनोद मेहरा, बिंदिया की फिल्म-३
१७. हिमालय, भाग्यश्री की 'तेरा ही प्यार मेरे इस दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'कभी कभी' में ऋषि की नायिका कौन थी-३
२०. अनिल, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की 'इश्क बिना क्या' गीतवाली फिल्म-२
२२. दिलीप कुमार, रेखा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-२
२४. अमिताभ, रेखा की 'कोई गाता मैं सो जात' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'बागां मां जब मोर बोले' गीत वाली अक्षयकुमार, करीना की फिल्म-३
२७. विनोद खन्ना, हेमा की अरूणा राजे द्वारा निर्मित एवं निर्देशित फिल्म-३
२८. 'क्यूं मेरा दिल तुझको' गीत वाली करण नाथ, मनीषा की फिल्म-२
२९. नसीर, ओमपुरी, स्मिता की 'शमशीर बजे ना' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'बंधन' में सलमान का नाम ?-२
३१. फिल्म 'काफी हाउस' में शम्मी कपूर की नायिका ?-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल ना दिया' गीत वाली फिल्म-२
२. विनोद खन्ना, बिंदू की फिल्म-३
३. 'दो दिल मिल रहे' गीत वाली फिल्म-४
४. विनोद मेहरा, रीना राय की फिल्म-४
५. 'आप से प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
८. देव आनंद, आशा पारेख की 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'बड़ी दूर से आये हैं प्यार' गीत वाली अनिल धवन, योगिता की फिल्म-४
११. देव आनंद, मधुबाला की 'उन के खयाल आए तो' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'जब लिया हाथ में हाथ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, गीताबाली की फिल्म-३
१५. जयराज, निरूपा की 'ना किसी की आँख का नूर हूँ' गीत वाली फिल्म-२,२
१६. फिल्म 'शिवा' में नागार्जुन के साथ नायिका कौन थी-३
१९. 'लेके पहला पहला प्यार गीत वाली फिल्म-१,२,१
२१. मिथुन, आदित्य, डिम्पल, मंदाकिनी की फिल्म-३
२३. अनिल धवन, रश्मि वर्मा, सोनिका गिल की एक सस्पेंस फिल्म-२
२५. 'पिया बोले जिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. बिस्वजीत, माला की 'अजी हो ताश के बावन पत्ते' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'चालबाज' में श्रीदेवी के एक किरदार का नाम अंजू था दूसरे किरदार का नाम ?-२

फिल्म वर्ग पहेली- 5018



## सूडोकु 5019


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -5018 । हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## शब्द पहेली - 5019



**बाएँ से दाएँ**

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**

2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

शब्द पहेली -5018 का हल



## तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत



**एजेंसी**

**रायसेन।** मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के गैरतगंज तहसील क्षेत्र के बेलना गढ़ी गांव के एक खेत पर बने तालाब में तीन आदिवासी बच्चों की डूबने से मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार साहिल (07), सुमित (07) और उमा (08) खेत के पास खेल रहे थे। इसी दौरान वे नहाने तालाब में पहुंच गए। इसी बीच यह हादसा हो गया। जानकारी मिलते ही गांव के लोग एवं परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। इसके बाद बच्चों को बाहर निकाला गया। मृतकों के पिता बलवीर और रूप सिंह पारिवारिक रिश्ते में भाई भाई हैं।

## जम्मू से 3281 अमरनाथ श्रद्धालुओं का नया जत्था रवाना



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से सोमवार को श्री अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 3281 श्रद्धालुओं का नया जत्था रवाना हुआ। तीर्थयात्री 111 वाहनों के बेड़े में पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों के लिए रवाना हुए। बालटाल से 1302 और पहलगाम से 1979 तीर्थयात्री कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आधार शिविर से रवाना हुए। पिछले वर्ष, 4.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में दर्शन किया। 52 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी।

## उत्तराखंड में भारी बारिश ने बढ़ाई मुश्किल, गंगोत्री हाईवे मलबा आने से बंद, कर्णप्रयाग में फंसे वाहन

देहरादून। उत्तराखंड में भारी बारिश ने मुश्किल बढ़ा दी है। प्रदेश के कुछ जिलों में मौसम विभाग की ओर से आज रेड अलर्ट जारी किया है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग मलबा आने से बाधित है। जिस कारण आवाजाही मुश्किल हो गई है। बीआरओ द्वारा मार्ग खोलने के काम जारी है। वहीं कर्णप्रयाग पंचपुलिया के पास बाईपास रोड पर पहाड़ी से पत्थर आने से बंद हो गया। जिससे आवगमन पूरी तरह से ठप हो गया है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग मनेरी झरने के पास नेताला, बिशनपुर, के पास मालवा व पत्थर आने के कारण मार्ग बाधित है। बीआरओ यातायात सुचारु करने के काम जारी है। डाबरकोट में बारिश के कारण लगातार मलबा और बोल्डर गिर रहे है। एनएच बड़कोट द्वारा उक्त स्थान पर मशीनरी तैनात हैं। बारिश व मलवा रुकने पर कार्य शुरू किया जाएगा। दूसरी तरफ कर्णप्रयाग पंचपुलिया के पास बाईपास रोड पर पहाड़ी से पत्थर आने से बंद हो गया। जिससे आवगमन पूरी तरह से ठप हो गया है। कल रविवार रात से कर्णप्रयाग सहित आसपास के इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। सड़क के दोनों ओर वाहन फंसे हैं। लोग सड़क खुलने का इंतजार कर रहे हैं। यमुनोत्री धाम सहित आसपास मध्य रात्रि से लगातार बारिश हो रही है जबकि बड़कोट तहसील क्षेत्र के आसपास बारिश का मौसम बना हुआ है। यमुनोत्री क्षेत्र में बारिश के चलते यमुनोत्री हाईवे ओजरी डाबरकोट के पास मलवा बोल्डर पत्थरों के आने से हाईवे बंद है।

## एटम बम से भी खतरनाक है साइबर अटैक : प्रकाश सिंह

**गाजियाबाद।** साइबर अटैक एटम बम से भी खतरनाक हो सकता है। साइबर हमला ऐसा होता है, जो न केवल एक इंसान, बल्कि दुनिया को तबाही के मुहाने पर पहुंचा सकता है। साइबर अटैकर किसी भी देश या वित्तीय संस्थान को कंगाल कर सकते हैं। यह बात अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में बोलते हुए यूपी के पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रकाश सिंह ने कही। इस सेमिनार में साइबर क्राइम सेल के पूर्व पुलिस अधीक्षक प्रो. त्रिवेणी सिंह ने तमाम जानकारियां साझा कीं और साइबर क्राइम से बचाव के लिये बड़ा कार्यक्रम चलाने की सलाह दी। इस ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन रविवार शाम को इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुरा छात्रसंघ (अउआ) ने किया था। संस्था के अध्यक्ष पूर्व आईएएस एस.के. सिंह के संचालन और महासचिव नवीन चन्द्रा के संयोजन में सम्पन्न हुए सेमिनार में देश-विदेश के सौ से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सेमिनार का उद्घाटन करते हुए पूर्व डीजीपी प्रकाश सिंह ने बताया कि भारत ही नहीं, दुनिया भर के देशों की सरकारें और सुरक्षा एजेसिंयां साइबर क्राइम के बढ़ते दायरे को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने विश्वप्रसिद्ध व्यवसायी वॉरेन बफेट का हवाला देते हुए कहा कि साइबर अटैक एटम बम के अटैक से भी खतरनाक हो सकता है। श्री सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम की शिकायतों के मामले में भारत दुनिया का तीसरा बड़ा देश है।

# रामपुर में बसों की भिड़ंत में चार की मौत

**एजेंसी**

**रामपुर ।** उत्तर प्रदेश में रामपुर जिले के मिलक क्षेत्र में सोमवार सुबह दो यात्री बसों की भिड़ंत में चार यात्रियों की मृत्यु हो गयी जबकि 50 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले में लखनऊ दिल्ली हाईवे 24 पर सावन माह का सोमवार होने के कारण ट्रैफिक वन-वे कर दिया गया है। इस बीच भोर सुबह चार बजे लखनऊ से दिल्ली जा रही साहिबाबाद डिपो की जनरथ बस की हरिद्वार से श्रावस्ती जा रही निजी वोल्वो बस से भैरव बाबा मंदिर के पास भिड़ंत हो गई।

इस हादसे में दोनों बसें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों बसों के घायलों को पास के सरकारी अस्पताल भेजा जबकि गंभीर रूप से घायल 32 यात्रियों को जिला अस्पताल भेजा गया जहां उपचार के दौरान चार यात्रियों की मृत्यु हो गयी।

मिलक के अस्पताल में 18 यात्रियों को भर्ती कर उनका उपचार





किया गया। दूसरे यात्री प्राथमिक उपचार के बाद चले गए। हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी जोगेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र भी मौके पर पहुंच गए। जिलाधिकारी जोगेंद्र सिंह के मुताबिक मृतकों में साहिबाबाद डिपो जनरथ का चालक भी शामिल है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा एच के मित्रा ने बताया कि राम मनोहर नामक यात्री की अस्पताल पहुंचने से पहले मृत्यु हो गयी थी जबकि हरी राम की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। हादसे में कुल चार यात्रियों की मौत हो गई है जबकि 32 का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।


## नीट पेपर लीक मामला: 10 दिनों की [illegible] रिमांड पर भेजे गए दो सॉलवर समेत तीन आरोपी

**एजेंसी**

**पटना ।** बिहार की राजधानी पटना से नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को सीबीआई ने 10 दिनों की रिमांड पर ले लिया है। सीबीआई ने एक दिन पहले ही दो सॉल्वर और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया था।

जानकारी के अनुसार, सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में सॉल्वर दीपेंद्र शर्मा और कुमार मंगलम विश्नोई और सेटर शशिकांत पासवान को गिरफ्तार किया था। सॉल्वर दीपेंद्र शर्मा और कुमार मंगलम विश्नोई भरतपुर मेडिकल कॉलेज के छात्र हैं, जबकि तीसरा शख्स शशिकांत पासवान, पटना का रहने वाला है। सीबीआई ने तीनों आरोपियों को 10 दिनों की रिमांड पर लिया है। जांच एजेंसी नीट पेपर लीक मामले में उनसे पूछताछ करेगी। सीबीआई को पेपर लीक केस में बड़े सुराग हाथ लगने की उम्मीद है।

इससे पहले सीबीआई ने सॉल्वर गैंग से जुड़े पटना एम्स के चार मेडिकल छात्रों को गिरफ्तार किया था। साथ ही रांची स्थित मेडिकल कॉलेज रिम्स की फर्स्ट ईयर की छात्रा सुरभि कुमारी को हिरासत में





लिया गया था। छात्रा इस सॉल्वर गैंग की सदस्य बताई जा रही है।

नीट यूजी पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड राकेश रंजन उर्फ रॉकी है। बताया जा रहा है कि उसका पटना और रांची के कई एमबीबीएस छात्रों और डॉक्टरों से संबंध है।

बता दें कि नीट-यूजी परीक्षा रद्द करने की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ मामले की सुनवाई करेगी। खंडपीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

## राजौरी में सेना की चौकी पर आतंकवादी हमला, एक जवान घायल



**एजेंसी**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों ने सेना की एक चौकी पर हमला कर दिया, जिसमें एक जवान घायल हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राजौरी के सुदूरवर्ती गुंधा गांव में आतंकवादियों ने आज तड़के तीन बजकर 10 मिनट पर सेना की एक चौकी पर हमला कर दिया। स ेना के सतर्क जवानों ने हालांकि गोलीबारी का मुंह तोड़ जवाब दिया और एक बड़े आतंकवादी हमले को विफल कर दिया।' उन्होंने बताया कि गोलीबारी के दौरान एक जवान घायल हो गया है। उन्होंने कहा, 'सुरक्षा बलों ने इलाके को चारों ओर से घेर लिया है और रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। गौरतलब है कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने क्षेत्र में आतंकवादी हमलों के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए जम्मू में बैठकों की अध्यक्षता की थी। सेना जम्मू क्षेत्र के पहाड़ी जिले में सक्रिय विदेशी आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए 3000 सैनिकों और 500 पैराकमांडो की अतिरिक्त तैनाती के साथ 'ऑपरेशन ऑल आउट' शुरू कर रही है।

## ग्रेटर नोएडा में जेप्टो के वेयर हाउस में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**एजेंसी**

**ग्रेटर नोएडा ।** ग्रेटर नोएडा के एक मूर्ति के पास बने जेप्टो ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी के वेयरहाउस में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। जिसके बाद मौके के लिए तुरंत फायर विभाग ने गाड़ियों को रवाना किया। मौके पर पहुंची पांच गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

वेयर हाउस में लगी आग का वीडियो आसपास में रह रहे हाईराइज सोसायटी के लोगों ने बना लिया था जिसे सोशल मीडिया पर डाल दिया गया है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में पंचशील ग्रीन 1 सोसायटी के पास जेप्टो कंपनी के वेयर हाउस में आग लगी थी। आग लगने से आस पास के इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों की टीम आग बुझाने में जुट गई। फिलहाल



आग पर काबू पा लिया गया है। लेकिन आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। मौके पर स्थानीय पुलिस भी मौजूद है जो इसकी जांच करेगी। आग काफी ज्यादा भीषण हो गई थी। इसलिए एहतियात के तौर पर आसपास की कंपनियों को भी खाली कराया गया। इन कंपनियों को खाली करवा कर सभी को बहार निकाल कर सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि वेयर हाउस में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। ये पूरी घटना बिसरख थाना क्षेत्र की है।

फायर विभाग के सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र के अंतर्गत जेप्टो के स्टोर में लगी आग को फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों की मदद से बुझाया गया। धुआं बहुत अधिक था। जेसीबी की मदद से टिन शेड को हटाया गया है। इसके बाद मौके पर पहुंची गाड़ियों ने काबू पर पा लिया है। इस आगजनी का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। इसकी जांच की जाएगी। फिलहाल कोई जनहानि नहीं हुई है।

## भारत यूनेस्को के लिए प्रेरणा है: ऑद्रे अजोले

**नई दिल्ली।** विश्व धरोहर समिति की बैठक के उद्घाटन सत्र में यूनेस्को की महानिदेशक ऑद्रे अजोले ने कहा कि भारत ने ऐतिहासिक स्मारकों और विरासत को सहेजने और संरक्षण में कई देशों की सहायता की है। स्वयं अपने देश में 3600 से अधिक ऐतिहासिक विरासत का संरक्षण किया है। भारत यूनेस्को के लिए प्रेरणा है। भारत मंडपम में शुरू हुए समिति की बैठक में ऑद्रे अजोले ने सभी का अभिवादन नमस्ते से किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। अजोले ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण(एएसआई) ने 160 साल से भारत के 3600 प्राचीन धरोहरों का संरक्षण किया है। विश्व में एएसआई ने कई स्मारकों, प्राचीन धरोहरों का संरक्षण करने में यूनेस्को का सहयोग किया है। विशेषरूप से कंबोडिया में प्राचीन विष्णु मंदिर अंगकोरवाट मे एएसआई ने अभूतपूर्व संरक्षण का काम किया है।

## बाबा गरीबनाथ धाम श्रावणी मेले का डिप्टी सीएम ने किया उद्घाटन

**एजेंसी**

**मुजफ्फरपुर ।** उत्तर बिहार का 'देवघर' कहे जाने वाले मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ धाम में सोमवार को प्रथम सोमवारी श्रावणी मेले का उद्घाटन हुआ। बिहार के डिप्टी सीएम और मुजफ्फरपुर के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मेले का विधिवत उद्घाटन कर मंदिर में पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद विजय सिन्हा ने जिला प्रशासन द्वारा की गई मुकम्मल व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर मंत्री केदार गुप्ता और विधायक अजीत कुमार भी उपस्थित रहे। डिप्टी सीएम सिन्हा ने कहा कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसका पूरा ख्याल रखा जाए। श्रावणी मेला में प्रत्येक सोमवारी लाखों की संख्या में शिव भक्त इस बाबा गरीब नाथ धाम में



जलाभिषेक करते हैं। इसको लेकर जिला प्रशासन की तरफ से पूरी तैयारी की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ पूरे शहर में जहां से कांवरिया पथ हैं, वहां बड़े वाहनों के परिचालन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। कोई भी वाहन कांवरिया पथ में शनिवार से लेकर सोमवार दोपहर तक नहीं चलेगा। साथ ही पूरे मार्ग में सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। मुजफ्फरपुर के आसपास कई जिलों से भारी संख्या में पुलिस बल के साथ-साथ मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। किसी प्रकार की सुरक्षा में चूक ना हो, इसको लेकर जिला प्रशासन काफी सजग है।

## सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर जारी प्रतिबंध खत्म

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने एक आदेश जारी करते हुए सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में शामिल होने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। यह जानकारी भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने एक्स पर जारी एक बयान में दी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस आदेश का स्वागत किया है।

केंद्र सरकार ने 1966, 1970 और 1980 में तत्कालीन सरकारों द्वारा जारी उन आदेशों में संशोधन किया गया है, जिनमें सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस की शाखाओं और उसकी अन्य गतिविधियों में शामिल होने पर रोक लगाया गया था।आरोप है कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने सरकारी



कर्मचारियों के संघ के कार्यक्रमों में शामिल होने पर रोक लगा दी थी। आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर कर्मचारियों को कड़ी सजा देने तक का प्रावधान लागू किया गया था। सेवानिवृत होने के बाद पेंशन लाभ इत्यादि को ध्यान में रखते हुए सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने से बचते थे।

हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश सहित कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी केंद्र सरकार के स्तर पर यह वैध बना हुआ था। इस मामले में एक वाद इंदौर की अदालत में चल रहा था, जिस पर अदालत ने केंद्र सरकार से सफाई मांगी थी। इसी पर कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार ने एक आदेश जारी करते हुए उक्त प्रतिबंधों को समाप्त करने की घोषणा की।

# मध्य प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध, अपराधियों को नहीं बख्शा जाएगा - मोहन यादव

**एजेंसी**

**रीवा।** रीवा जिले के मनगवां अंतर्गत हिनौता कोठार गांव में पारिवारिक विवाद में दो महिलाओं पर डंपर से मुरुम डालकर जिंदा दफनाने की कोशिश करने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

इस घटना पर मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया -सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त वीडियो से रीवा जिले में महिलाओं के खिलाफ अपराध का मामला संज्ञान में आया, इसमें मैंने जिला प्रशासन एवं पुलिस को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिले के थाना मनगंवा अंतर्गत हनौता कोठार गांव में जमीन संबंधी पारिवारिक विवाद में दो महिलाओं पर डंपर से



मुरुम डालने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और दो अन्य की तलाश जारी है। उपचार के बाद महिलाओं को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। सीएम ने कहा, मध्य प्रदेश के नागरिकों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके खिलाफ किसी भी अपराध में आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा, कठोर से कठोर दंड दिया जाएगा।

इस मामले पर रीवा के एसपी विवेक सिंह ने बताया कि, थाना मनगंवा के कोठार गांव में एक पांडेय परिवार में जमीनी विवाद में दोनों तरफ से महिला-पुरुष एकत्र थे। सड़क बनाने को लेकर विवाद था, दो महिलाओं आशा पांडेय और ममता पांडेय के ऊपर डंपर से मुरुम गिरी है। पुलिस ने सूचना मिलते ही एफआईआर दर्ज की है। डंपर को जब्त कर लिया है और एक आरोपी विपिन पांडे को हिरासत में ले लिया है, दो अन्य की तलाश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि, कुछ अन्य वीडियो और साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। दोनों महिलाओं की हालत सामान्य है। यह पारिवारिक विवाद का मामला है। आशा पांडेय ने पुलिस को बताया कि उनका ससुर गौकरण पांडेय से साझे की जमीन में रास्ता निकालने को लेकर विवाद है।

गौकरण पांडेय और देवर विपिन पांडेय विवादित जमीन पर सड़क बनवाने के लिए हाइवा से मुरूम लेकर आए। आशा पांडेय अपनी देवरानी ममता पांडेय के साथ जाकर हाइवा (एमपी 17 एचएच 3942) के चालक को मुरूम गिराने से मना करने लगीं। हाइवा चालक ने दोनों की बात नहीं सुनी, तो वे डंपर के पीछे मुरुम गिरने के स्थान पर बैठने लगीं। इसी बीच हाइवा चालक ने मुरुम गिरा दी। दोनों मुरुम में दबने लगीं, तभी मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

## राजस्थान पुलिस भर्ती में ऊपरी सीमा में पांच साल की छूट कायम- मंत्री जोगाराम पटेल

**एजेंसी**

**जोधपुर ।** राजस्थान के कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने पुलिस भर्ती में ऊपरी सीमा में पांच वर्ष की छूट को कायम रखने की बात कही है।कानून मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि एक समाचार पत्र द्वारा कहा गया है कि पुलिस नियम में पुलिस कर्मचारियों के ऊपरी सीमा में 5 वर्ष की जो छूट है, उसको समाप्त कर दिया गया है। सर्वप्रथम जब 1996 में हमने नियम बनाए, पुलिस भर्ती में कर्मचारियों के ऊपरी सीमा में दो वर्ष की छूट दी गई थी।

साल 2000 में इसे दो से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया था और 2024 में फिर से इसे पांच वर्ष किया गया। जब इस बार पांच वर्ष किया गया, तो पिछले पांच वर्ष को भूलवश डिलीट करना रह गया था। इसलिए एक ही नियम के दो बार अंकित हो जाने के चलते एक नियम को डिलीट किया गया है। पुलिस भर्ती में ऊपरी सीमा में मिली पांच वर्ष की छूट आज भी कायम है।



जैसलमेर में बने रहे फर्जी आईडी कार्ड को लेकर उन्होंने कहा कि इसकी सीबीआई जांच होगी। सरकार ने तुरंत संज्ञान लेते हुए इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की गंभीरता इससे भी समझी जा सकती है कि यह जिला पाकिस्तान की सीमा से लगता हुआ है। भारत-पाकिस्तान की सीमा पर बड़ी संख्या में फर्जी आधार कार्ड बनाए गए हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा में इस पूरे मामले की गहनता से जांच आवश्यक है। इस मामले की जांच को सीबीआई को देना तय किया गया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है, इसके साथ तीन फरार चल रहे हैं, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमने विधानसभा के पटल पर यह घोषणा की है कि राजस्थान में जितने भी ई मित्र धारक हैं, उन सब की गहनता से जांच की जाएगी। साथ ही सभी ई मित्र संचालकों के एक वर्ष के रिकॉर्ड भी जांच किए जाएंगे। रिकॉर्ड के आधार पर देखा जाएगा कि उन्होंने किन-किन लोगों के आधार कार्ड और दस्तावेज एक वर्ष में बनाए हैं। इसके साथ ही जिस स्थान पर मशीन को अलॉट किया गया है, वहां ना चला कर दूसरे स्थान पर मशीन का संचालन करने वाले ई मित्र धारकों की जांच भी की जा रही है। प्रथम चरण की जांच में 14 मशीनें जांच के दायरे में आई हैं, जो फर्जी तरह से संचालित की जा रही थीं, उन्हें अब बंद कर दिया गया है।

अब पूरे राजस्थान में सघन अभियान चलाकर फर्जी दस्तावेज बनाने वाले ई मित्र की पहचान की जाएगी। इसके साथ ही उन ई मित्रों को भी पाबंद किया जाएगा, जो नियमों से विपरीत अधिक पैसे वसूलते हैं। जो ई मित्र संचालक दस्तावेज बनाने के दौरान गलत नाम और डेट ऑफ बर्थ से दस्तावेज बनाते हैं, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गोंडा हादसे में नया खुलासा, सामने आई बेपटरी ट्रेन होने की वजह

**एजेंसी**

**गोंडा-मनकापुर ।** गोंडा-मनकापुर रेलखंड पर चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बेपटरी होने के मामले में जांच समिति ने इंजीनियरिंग विभाग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। छह सदस्यीय समिति के पांच अधिकारियों ने ट्रैक की स्थिति को हादसे का जिम्मेदार माना तो एक अधिकारी ने रफ्तार तेज होने और अचानक ब्रेक लगाए जाने के कारण को प्रमुखता दी है। रेलवे बोर्ड को संयुक्त जांच रिपोर्ट भेज दी गई है। बता दें कि हुए ट्रेन हादसे में चार यात्रियों की मौत हो गई थी। 33 यात्री घायल हुए थे। हादसे के बाद रेलवे की टीमों ने प्रारंभिक जांच की, इसके साथ ही सीआरएस की जांच शुरू हुई। विभागीय अधिकारियों की छह सदस्यीय संयुक्त टीम ने जांच में पाया कि ट्रैक की फास्टिंग (लाइन में लगे उपकरण) दुरुस्त नहीं थी और आईएमआर डिटेक्ट होने के बाद गाड़ी के कॉशन ऑर्डर मिलने



के पूर्व तक साइड का प्रोटेक्शन नहीं किया गया। जिस कारण से ट्रेन पटरी से उतर गई। जांच रिपोर्ट के मुताबिक मोतीगंज-झिलाही रेलवे स्टेशन के बीच डाउन ट्रैक संख्या-638 पर कर्मचारियों ने नियमित निगरानी व देखभाल नहीं की। इस पर कई जगह खामियां मिली हैं। ट्रैक और स्लीपर के बीच लगने वाला यंत्र ठीक से कसा नहीं था।

**लोको पायलट के बयान में भी ट्रैक की कमी उजागर**

ट्रेन के ड्राइवर त्रिभुवन नारायण ने जांच टीम को बताया कि मोतीगंज स्टेशन का होम सिग्नल पीला होने कारण ट्रेन 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी, लेकिन ट्रेन जब मोतीगंज स्टेशन पहुंच रही थी और स्टार्टर लेट ऑफ होने के कारण ट्रेन रन थ्रू 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से निकाली। ट्रैक संख्या-638 किलोमीटर पर बड़ा झटका लगा और खड़खड़ाहट की आवाज आने लगी। बताया कि इंजन में लगे यंत्र संकेत मिलने के बाद इमरजेंसी ब्रेक लगाया और ट्रेन को रोक दिया। इसके बाद हादसे की जानकारी हुई।



मौजूदा दौर में हर कोई गुस्से के मर्ज से परेशान है। कभी बॉस की फटकार से मूड खराब, तो कभी जूनियर्स के काम खराब करने पर गुस्सा और कभी प्रेमिका या पत्नी से लड़ाई। दिन भर में हम हर पल एसी स्थितियों का सामना करते हैं,जो हमारे गुस्से को भड़काने में घी का काम करती हैं।

# गुस्से को करें योग से छूमंतर

## पावर ऑफ योगा

श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भागवत् में कहा है कि गुस्से से इंसान का विवेक खत्म हो जाता है। वह अच्छे-बुरे में फर्क नहीं कर पाता। दरअसल गुस्सा एक तरह का नकारात्मक सम्मोहन है,जिससे बुद्धि का नाश होता है और अंतत- यह इंसान को दिशाहीन कर देता है।

## नकारात्मक संवेग

इस धरती पर गुस्सा सबसे खतरनाक नकारात्मक संवेग है। वेदों के मुताबिक केवल यही वह संवेग है, जिस पर यदि समय रहते नियंत्रण नही किया जाए या इंसान की मनःस्थिति को जल्द न बदला जाए,तो यह उसके अस्तित्व के लिए खतरा बन सकता है,क्योंकि गुस्से से प्राण शक्ति और पुण्य नष्ट हो जाते हैं। गुस्स में व्यक्ति विवेकहीन होकर कई गलत काम कर बैठता है,उसके अच्छे कर्मो का क्षय होता है।

## गुस्से से ह्रदय रोग

विस्तृत शोधों के बाद चिकित्सा विज्ञान भी इस नतीजे पर पहुंचा है कि गुस्से से ह्रदय रोग और अकाल मौतहोने तक की आशंका बढ़ जाती है। इसकी वजह यह है कि क्रोध से हमारे शरीर में तनाव पैदा करने वाले हॉर्मोस बढ़ते हैं,जिससे खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के साथ ही और खतरनाक परिवर्तन भी हो सकते हैं। नतीजतन ह्रदय का पोषण करने वाली धमनियां ब्लॉक हो सकती हैं। क्रोधी व्यक्ति का स्वास्थ्य और हेल्थ हैबिट्स दोनों ही गड़बड़ होते हैं।

## फायदेमंद है योग

स्ट्रेस हॉर्मोन के बढ़ने से दूसरी असाध्य बीमारियां भी हो सकती हैं। खुशकिस्मती से हमारे यहां योग में क्रोध को शांत करने और उसका उपचार करने के कई तरीके हैं। यहां एक आसन का विवरण दिया जा रहा है,जो हमारे दिमाग के उस हिस्से पर सीधा सकारात्मक असर डालता है,जो क्रोध पैदा करने के लिए उत्तरदायी है। इस आसन के और भी बहुत से शारीरिक और मानसिक फायदे हैं।

## तकनीक

घुटनों को सीधा रखते हुए बिल्कुल सीधे खड़े हों। सीधे झुकते हुए एड़ी के पीछे पांवों के पास धरती पर अपनी हथेलियां टिकाएं। यदि आपकी हथेलियां धरती को नहीं छू पाती हैं तो घुटनों तक झुकें या घुटनों को सीधा रखें। अब सिर को ऊंचा करने की कोशिश करें और पीठ को खींचे। इसी स्थिति में रहते हुए सामान्य ढंग से सांस लें। पांच सैकंड या इससे कम समय के लिए इसी मुद्रा में रहें और फिर सांस खीचते हुए तड़ासन की स्थिति में आएं। इस तरह दो-तीन बार इसे दोहराएं।

## आसन के फायदे

यह आसन उनके लिए वरदान है,जिनका स्वभाव क्रोधी है या जो जल्द गुस्से में आ जाते हैं। यह ब्रेन सेल्स का तनाव दूर करते हैं,खासकर एमिगडाला का। इससे बहुत शान्ति मिलती है। यह लीवर, स्पीन और किडनी को भी स्वस्थ रखता है। इससे ब्लडप्रेशर और ह्रदय रोग से बचाव होता है।

## सर्वांगासन

इस आसन के जरिए आप अत्यधिक गुस्से को तो नियंत्रण में कर ही सकते हैं। साथ ही सिरदर्द,एनिमिया और अपच जैसी बीमारियों को दूर कर शरीर में नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। अपने हाथ और पैर सीधे कर के जमीन पर लेट जाएं और गहरी सांस लेते हुए अपने दोनों पैरों को सीधे ऊपर की ओर उठाएं।

अपने हिप्स को ऊपर उठाते हुए पैरों को सीधा करे और बाद में सिर की ओर 45 डिग्री का कोण बनाने की कोशिश करें। सांस लेते हुए अपने दोनों हाथों से पीठ को सहारा दें। इस स्थिति में अंगूठे शरीर के अगले हिस्से और बाकी उंगलियां पीठ पर होनी चाहिए। पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। अपनी पीठ को बिल्कुल सीधा कर लें और अपनी ठोढ़ी को बिल्कुल गले के पास लगाएं। धीरे-धीरे सांस लें। इस प्रक्रिया को कई बार दोहराते रहें। आसन के वक्त मन को पूरी तरह शांत रखें। जरूरत से ज्यादा आसन करने से बचें।

# सही आदत नो बीमारी

आज चार वर्ष के बच्चे को भी चश्मा पहने देख सकते हैं और अस्सी साल के वृद्ध को भी... दोनों को कोई अंतर नहीं है दस साल के बच्चे को भी शुगर की बीमारी है तो 30 साल के युवा को भी। एसे में यदि कहा जाए कि अत्याधुनिक लाइफ स्टाइल ही हमारी ज्यादा और नई बीमारियों का कारण है, तो गलत नहीं होगा। इसके लिए कुछ हद तक तो हमारा लाइफस्टाइल जिम्मेदार है तो कुछ हमारी अपनी आदतें भी जिम्मेदार हैं। जिन्हें अगर हम सुधार लें तो कई बीमारियों से बच सकते हैं।

बड़े-बुजुर्ग कह गए हैं, जैसा अन्न, वैसा मन। यह सौ फीसदी सही है। चूंकि नया लाइफस्टाइल अपनाने के चक्कर में सबसे पहले हम बदलते हैं डाइट। आजकल लोग दो मिनट में तैयार होने वाले फूड को प्रिफर करते हैं ताकि समय बचे जिसे वे और कहीं यूटिलाइज कर सकें। लेकिन अगर आपके पास स्वास्थ्य ही नहीं है तो फिर धन किस काम का। कहा भी गया है, पहला सुख निरोगी काया। इसलिए अगर आप चाहते हैं कि आप ताउम्र स्वस्थ रहें और किसी भी तरह की कोई बीमारी आपको न लगे तो सबसे पहले आप अपनी डाइट में सुधार करें और अपनी डाइट में हेल्दी और न्यूट्रीशियस खाद्य पदार्थों को शामिल करें।

## तनाव न बाबा न...

यह तो हम सब मानेंगे ही कि आजकल की हमारी जैसी जीवनशैली है उसमें आराम के पल कम और तनाव के पल ज्यादा मिलते हैं। जिसका सीधा सा असर हमारे शरीर पर पड़ता। जिस कारण कम उम्र में ही लोग ब्लड शुगर, हाईब्लड प्रेशर और न जाने कौन-कौन सी बीमारियों के घेरे में आ जाते हैं। इसलिए बीमारियों को कहना है गुडबाय तो पहले टेंशन को कहना होगा गुडबाय और स्माइल और खुशी को करना होगा वैलकम।

## व्यायाम है जरूरी

स्वस्थ रहने के लिए अन्य जो बातें महत्वपूर्ण हैं उसमें सबसे पहली बात है कि सिगरेट और शराब का सेवन बिल्कुल न करें। इसके अलावा नियमित रूप से चाहें आप किसी भी उम्र के क्यों न हों व्यायाम या योग करें। इससे एक तो आपकी अतिरिक्त चर्बी और कैलोरी कम होती है दूसरे आपका शरीर अंदर से स्वस्थ महसूस करता है। इसलिए हर रोज कम से कम आधा घंटा व्यायाम तो जरूर ही करें।




# अवचेतन का संदेश सुनें देह से करें दोस्ती

मनुष्य की तीन अवस्थाएं होती हैं,एक है रोग, दूसरा है निरोग और तीसरा है नैरोग्य। नैरोग्य यानी वैलनेस। यह जो वैलनेस है उसकी अनुभूति हमसे बिछुड़ गई है, वह अनुभूति जो तब पैदा होती है जब देह और मन एक स्वर में गुनगुनाते हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने अब स्वीकार कर लिया है कि देह और मन के बीच एक गहरा संबंध होता है,वह एक इकाई है।

तनाव भरे समय में ऐसा इंसान मिलना मुश्किल है जिसे कोई न कोई शारीरिक तकलीफ या कोई मानसिक उलझन न हो। लोगों को अक्सर यह महसूस होता है कि वैसे तो उन्हें अपने स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ नहीं दिखाई देती,लेकिन कुछ ऐसा भी है जो दुरूस्त नहीं लगता। कुछ बेचैनी सी,कुछ असंतुलन सा। मनुष्य की तीन अवस्थाएं होती हैं- एक है रोग,दूसरा है निरोग और तीसरा है नैरोग्य। नैरोग्य यानी वैलनेस। यह जो वैलनेस है उसकी अनुभूति हमसे बिछुड़ गई है,वह अनुभूति जो तब पैदा होती है जब देह और मन एक स्वर में गुनगुनाते हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने अब स्वीकार कर लिया है कि देह और मन के बीच एक गहरा संबंध होता है,वह एक इकाई है। लगभग आधी से अधिक शारीरिक व्याधियां मानसिक तनाव के कारण होती हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि हमें बौद्धिक समझ प्रदान करने वाले हमारे सचेत मन,यानी कॉशन्स माइंड की पतली सी परत हमारे समूचे अस्तित्व का सिर्फ दसवां हिस्सा होती है। जैसे किसी फल का छिलका होता है वैसे ही सचेत मन अवचेतन मन का एक छिलका भर होता है।

इसी छिलके को हम शिक्षित करते हैं, सभ्य, सुसंस्कृत बनाते हैं, नीति, धर्म इत्यादि सिखाते हैं लेकिन इस चेतन परत के मुकाबले मस्तिष्क की अवचेतन परतें अधिक महत्वपूर्ण हैं। अगर हमारा नाता अपने ही अवचेतन से टूट गया तो हमारा जीवन स्वस्थ और संतुलित नही रह पाता। जब भी आदमी किसी रोग से ग्रसित होता है तो उसकी जड़ें उसके गहन अवचेतन मन में होती हैं। कोई दबाया हुआ क्रोध या दुख या भय अंदर पड़ा-पड़ा नासूर बन जाता है और फिर वह कैंसर या अन्य किसी रोग के रूप में प्रगट होता है। वो रसायन शरीर के अंगों में प्रवेश कर उन अंगों को कमजोर बनाता है और धीरे-धीरे रोग उनमें घर बना लेता है।



## बॉडी-माइंड बैलेंसिंग

अवचेतन की इसी शक्ति को ध्यान में रख कर ओशो ने एक प्राचीन तिब्बती ध्यान पद्धति को पुनर्जीवित किया है। उसे नाम दिया है बॉडी-माइंड बैलेंसिंग,देह और मन का संतुलन। यह एक ऐसी निर्देशित ध्यान पद्धति है जिसके जरिए लोग अपने देह और मन का एक इकाई की तरह उपयोग करना सीखते हैं और स्वास्थ्य को अनुभव कर पाते हैं। ओशो ने कहा है कि एक बार आप शरीर से संवाद करना शुरू करते हैं तो चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। क्योंकि शरीर पर जबर्दस्ती नहीं की जा सकती, उसे प्रेम से फुसलाया जा सकता है।

## अवचेतन का संदेश सुनिए

टीवी और इलेक्ट्रानिक उपकरणों के कोहराम ने हमारी सुनने की नैसर्गिक क्षमताओं को कुंद कर दिया है और हम शरीर के मूक संदेशों को सुनना भूल ही गए हैं। यही कारण है कि अब देह आपका ध्यान खीचने के लिए और कठोर भाषा अपनाती है। आपको परेशान करने की कोशिश करती है। उसका संदेश बीमारियों के जरिए शरीर में नजर आने लगता है। जैसे सिरदर्द,बीच-बीच में टूटने वाली नींद,दुर्घटनाओं का आघात यानी ट्रॉमा,लाइलाज मर्ज,खासतौर से पीठ और पेट के रोग। सम्मोहन का नजरिया है कि कोई भी पीड़ा हो,वह एक संदेश है अवचेतन का। आपका अवचेतन आपसे कुछ कहना चाहता है,भागदौड़ छोड़कर जरा रूक जाएं और ध्यान दें। उसकी आवाज सुनें। उसे महसूस करें। यह ध्यान पद्धति सिखाती है कि देह की आवाज फिर कैसे सुननी शुरू की जाए और कैसे एक बार फिर पुरानी पीड़ाओं से छुटकारा पाया जाए।

## शरीर से दोस्ती करें

बॉडी माइंड बैलेंसिंग को किसी भी असंतुलन को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। भले ही वह वजन बढ़ने की समस्या हो,हाजमे की दिक्कतें हों (खासतौर से कब्ज की समस्या),तरह-तरह के दर्द हों,तनाव या बेचैनी हो। यहां तक कि इसके जरिए बुरी आदतों से छुटकारा पाया जा सकता है।

# बच्चों को बोतल न दें



नन्हा शिशु रोता है,तो काम में व्यस्त मां उसके मुंह में शहद की निप्पल,टीथर या दूध की बोतल मुंह में लगा देती है। बहुत कम पेरेन्ट्स को पता है कि ये पैसीफायर,टीथर और निप्पल शिशु की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं,क्योंकि इनमें खतरनाक और विषैले तत्त्व पाए गए हैं जैसे- लैड, कैडमियम, क्रोमियम आदि।

## हानिकारक हैं विषैले तत्त्व

सीईआरएस ने पैसीफायर्स,टीथर्स एवं निप्पल्स के नमूनों का परीक्षण किया। सभी में लैड,क्रोमियम और कैडमियम पाए गए। नवजात शिशुओं के खिलौनों में ?से विषैले तत्व की मौजूदगी स्वीकार्य नहीं,क्योंकि बच्चे इन्हें चूसते,चबाते रहते हैं और लार निगलते रहते हैं। ये पैसीफायर या टीथर शिशुओं के लिए बैक्टीरियल या फंगल इंफेक्शन का सबब बन सकते हैं। लैड की थोड़ी-सी मात्रा भी खतरनाक हो सकती है। कैडमियम एक नेफ्रोटॉक्सिन है,जो किडनी को क्षतिग्रस्त कर सकता है। इसके शरीर में जाने से पेट दर्द,जी मिचलाना और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। क्रोमियम इरीटेशन या दमा के दौर का सबब बन सकता है।

## बदलें मापदंड

बीआईएस को भी अपने मापदंड बदलने चाहिए और विशेष रूप से नवजात शिशुओं के लिए बनाए गए खिलौनों जैसे टीथर,पैसीफायर एवं निप्पल्स के लिए अलग स्टैंडर्ड तय करने चाहिए।

## क्या है समाधान

शिशु को एक बड़ा गाजर,खीरा या मूली उनकी ऊपरी सतह को साफ करके,साफ पानी से धोकर दे दिया जाए। शिशु को दूध पिलाने के लिए बोतल का इस्तेमाल न करना बेहतर होगा। ये आसानी से गंदे और बैक्टीरिया युक्त हो जाते हैं।

## राइली रूसो के तूफानी शतक के दम पर जाफना किंग्स बना चैंपियन, रिकॉर्ड चौथी बार खिताब पर जमाया कब्जा

**एजेंसी**

**मुरादाबाद।** लंका प्रीमियर लीग का फाइनल मैच गार्ल मार्वल्स और जाफना किंग्स के बीच खेला गया जिसमें जाफना किंग्स ने 9 विकेट से जीत हासिल की। जाफना किंग्स की जीत में राइली रूसो और कुसल मेंडिस का अहम हाथ रहा। दोनों के बीच 184 रन की साझेदारी बनी। राइली रूसो ने फाइनल में शतक जमाया। इस तरह जाफना किंग्स ने चौथी बार लंका प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम किया। स्पोर्ट्स डेस्क, नई दिल्ली। राइली रूसो के नाबाद 106 रनों की मदद से जाफना किंग्स ने लंका प्रीमियर लीग 2024 के फाइनल में जीत हासिल कर ली। गाले मार्वल्स का पहली बार ट्रॉफी जीतने का सपना इस तरह अधूरा रह गया। कोलंबो के आर. प्रेमदास स्टेडियम में खेले गए LPL 2024 के फाइनल मैच में गाले मार्वल्स के खिलाफ जाफना किंग्स ने 9 विकेट से जीत दर्ज की। दरअसल, फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करने पर गाले मार्वल्स ने 184 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में 185 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज राइली रूसो ने दमदार नाबाद शतक (106*) जड़ा और कुसल मेंडिस ने 72 रन बनाए। इन दोनों के बीच नाबाद 184 रनों की साझेदारी बनी, जिसकी वजह से जाफना किंग्स ने रिकॉर्ड चौथी बार लंका प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम किया। लंका प्रीमियर लीग के इतिहास की सबसे सफल टीम भी जाफना किंग्स बनी। अब तक LPL के कुल 5 सीजन खेले गए, जिसमें से चार सीजन में जाफना किंग्स ने ही खिताब जीता है।

## महिला एशिया कप : यूएई पर जीत के बाद बोली हरमनप्रीत, विशाल लक्ष्य की योजना का किया खुलासा

**दांबुला ।** शानदार अर्धशतक जड़ने वाली भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनका ध्यान स्ट्राइक रोटेट करने पर था जिससे टीम महिला एशिया कप में यूएई के खिलाफ मुश्किल स्थिति से उबरते हुए पांच विकेट पर 201 रन का विशाल स्कोर बनाने में सफल रही। भारत पावरप्ले में 52 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद मुश्किल में था लेकिन हरमनप्रीत (66 रन) ने दो अहम साझेदारियां निभायीं जिससे भारत मजबूत स्थिति में पहुंचा गया। जवाब में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सात विकेट पर 123 रन ही बना सकी। हरमनप्रीत ने कहा, 'यह एक शानदार अहसास है। जब जेमी (जेमिमा रोड्रिग्स) और मैं बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने बात की कि हमें जोखिम भरे शॉट खेलने के बजाय तेज भागना होगा। हमारा ध्यान प्रति ओवर सात आठ रन बनाने पर था।' उन्होंने कहा, 'जब ऋचा आई तो मैंने उनसे कहा कि गेंद को देखो कि विकेट कैसा खेल रहा है। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। मेरा काम सिर्फ पिच पर बने रहना और स्ट्राइक रोटेट करना था। जब भी ढीली गेंद फेंकी गयी तो उन्हें बाउंड्री में बदला।' हरमनप्रीत ने 'एंकर' की भूमिका बखूबी निभाई लेकिन ऋचा की 29 गेंद में खेली गई 64 रन की नाबाद पारी ने भारत को टी20 क्रिकेट में अपना पहला 200 से अधिक का स्कोर बनाने में मदद की। हरमनप्रीत ने कहा, 'ऋचा को श्रेय जाता है। उसकी वजह से हम इस स्कोर तक पहुंचे। हमने शुरुआती विकेट गंवाए, लेकिन खुद को तैयार रखा।'

## हार्दिक पांड्या ने कप्तानी से बाहर किए जाने के बाद पहली बार फिटनेस पर की बात

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने हाल ही में व्यक्तिगत और टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तानी से बाहर होने के बारे में शांत और चुप्पी साधे रखी जबकि उन्होंने अपने फिटनेस मंत्र का खुलासा किया। पांड्या ने कप्तानी ना मिलने पर बात नहीं की और फिटनेस पर कहा, 'जब हमारा शरीर थकता नहीं है, तो हमारा दिमाग थक जाता है। इसलिए, मेरे जीवन में कई बार जब मैं अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने में सक्षम होता था, तो हमेशा यह अंतर होता था कि जब मेरा दिमाग थक जाता था, तो मैं अपने शरीर से कहता था कि बस आगे बढ़ो क्योंकि तुम्हारे शरीर में हमेशा अतिरिक्त प्रयास होगा।' उन्होंने कहा, 'अगर आप 20 रन बनाते हैं और मैं 20 रन बनाता हूं, तो हम एक ही स्तर पर हैं। लेकिन अगर मैं 25 रन बनाता हूं और अपनी मानसिकता को चुनौती देता हूं, तो अगली बार मैं 25 रन बनाऊंगा, अगली बार मैं 30 रन बनाऊंगा।'

## 57वां बील शतरंज रैपिड : मार्टिरोसयान बने रैपिड के विजेता , प्रज्ञानन्दा को दूसरा स्थान

**बील, स्विट्जरलैंड ।** बील शतरंज महोत्सव के 57वां संस्करण के रैपिड शतरंज में अर्मेनिया के हाइक मार्टिरोसयान ने कुल 10 राउंड में से 7 अंक बनाते हुए रैपिड का खिताब अपने नाम कर लिया। भारत के आर प्रज्ञानन्दा , जर्मनी के विंसेंट केमर और वियतनाम के लिएम क्वांग ली ने प्रत्येक 10 में से 5 अंक बनाए पर बेहतर टाई-ब्रेक के अनुसार वह क्रमशः दूसरे से चौथे स्थान पर रहे । प्रज्ञानन्दा के लिए रैपिड अच्छा नहीं बीता और वह केवल विन्सेंट केमर के खिलाफ जीत दर्ज कर सके उन्होंने और उन्हे एकमात्र हार यूएसए के सैम शैंकलैंड खिलाफ मिली जबकि अन्य आठ बाज़ियाँ उन्होने ड्रॉ खेली । वही जर्मनी के ग्रांडमास्टर अलेक्जेंडर डोंचेंको ने 7 अंक बनाकर चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता। भारत की आर वैशाली ने 5 अंक के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इहोर समुनेन्खोव (यूक्रेन) और मार्क एंड्रिया मौरिज़ी (फ्रांस) को हराया।

# बशीर ने दुनिया को दिखा दिया कि वह क्या कर सकते हैं : बेन स्टोक्स

**एजेंसी**

**ट्रेंट ब्रिज।** बेन स्टोक्स ने 20 वर्षीय ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की तारीफ की, जिन्होंने ट्रेंट ब्रिज में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड को सीरीज में जीत दिलाई। बशीर ने दूसरी पारी में 11.1 ओवर में 41 रन देकर 5 विकेट लिए, वे घरेलू टेस्ट में पांच विकेट लेने वाले इंग्लैंड के सबसे युवा गेंदबाज बन गए और 2006 के बाद से नॉटिंघम में टेस्ट पारी में पांच विकेट लेने वाले पहले स्पिनर भी बन गए।

इंग्लैंड ने इस मैच में वेस्टइंडीज को 241 रन से हराया, मैच के बाद स्टोक्स ने बशीर की तारीफ करते हुए कहा, उसमें बहुत प्रतिभा है और उसमें बेहतर होने की अविश्वसनीय इच्छा है। उसका इरादा हमेशा विकेट लेना होता है। एक युवा खिलाड़ी के लिए ऐसा प्रदर्शन करना वाकई बहुत अच्छा है जिससे इंग्लैंड टेस्ट जीत सके। वह अंत में काफी भावुक था। यह उसके लिए बहुत अच्छा दिन था। उसने दुनिया को दिखा दिया कि वह क्या कर सकता है।बशीर का अपेक्षाकृत गुमनामी से उभरना अच्छी तरह से प्रलेखित है। इस साल की शुरुआत में भारत दौरे के लिए उन्हें चुना गया था, जब इंग्लैंड




के कप्तान स्टोक्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एलिस्टेयर कुक के एक वीडियो में उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखा। समरसेट के लिए नियमित नहीं होने के बावजूद, युवा ऑफ स्पिनर का 2.35 मीटर का रिलीज पॉइंट और लेंथ पर उनका नियंत्रण उपमहाद्वीप के चुनौतीपूर्ण दौरे के लिए महत्वपूर्ण माना गया। बशीर ने भारत में तीन टेस्ट मैचों में 17 विकेट लेकर अपने चयन को सही साबित किया, उन्होंने रांची और धर्मशाला में पांच-पांच विकेट लिए। मजेदार बात यह है कि बशीर को इस काउंटी चैंपियनशिप सीजन की शुरुआत में समरसेट द्वारा वॉर्सेस्टरशायर को उधार दिया गया था और जैक लीच को एकमात्र स्पिनर के रूप में प्राथमिकता दी गई थी। हालांकि, स्टोक्स, ब्रेंडन मैकमुलम और रॉब की ने मौजूदा स्पिन-गेंदबाजी लीच को बदलने का विकल्प चुना और इस वेस्टइंडीज श्रृंखला के लिए बशीर को चुना। स्टोक्स ने लॉर्ड्स में बशीर के गेंदबाजी न करने के बाद ट्रेंट ब्रिज में किए गए प्रयासों के बाद कहा, हम जो भी निर्णय लेते हैं, वे न केवल इस बात पर आधारित होते हैं कि हम प्रतिभा को किस हद तक ले जा सकते हैं, बल्कि यह भी कि क्या हमें लगता है कि वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए पर्याप्त रूप से अच्छे हैं। बशीर ने दिखाया कि वह भारत में अपने अनुकूल परिस्थितियों में क्या कर सकता है, लेकिन इस सप्ताह पिच वास्तव में स्पिन के लिए बहुत अधिक अनुकूल नहीं थी और उसने मैच में सात विकेट लिए हैं। अपनी गति को बदलने, अपनी लाइन को बदलने और सतह से गेंद को कैसे प्रतिक्रिया देनी है, इस पर नियंत्रण करने की उसकी क्षमता शीर्ष श्रेणी की थी।

## हिमाचल की बेटी बनी टीम इंडिया का हिस्सा

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** प्रदेश की एक ओर बेटी तनुजा कंवर भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयनित हुई है। राजधानी शिमला के गांव कुठार की रहने वाली तनुजा कंवर के चयन के साथ ही कुल चार हिमाचली बेटियों ने भारतीय क्रिकेट टीम में खेलने का रिकार्ड भी अपने नाम कर लिया है। जिसमें 2013 में सुषमा वर्मा, 2017 हरलीन देयोल, 2022 से रेणुका सिंह और 2024 से अब तनुजा कंवर शामिल हुई हैं।

वहीं मौजूदा समय में चल रहे एशिया कप में दो हिमाचली बेटियां स्टार तेज़ गेंदबाज रेणुका सिंह और स्पिन गेंदबाज तनुजा कंवर की जोड़ी का धमाल देखने को मिल रहा है। पहले ही इंटरनेशनल मैच में यूएई के खिलाफ दंबुला क्रिकेट मैदान में तनुजा कंवर ने चार ओवरों में मात्र 14 रन देकर एक विकेट चटकाया है। वहीं एक ही प्रदेश, जिला शिमला की रहने वाली व हिमाचल और अब रेलवे के लिए साथ खेलने वाली रेणुका सिंह ठाकुर ने तनुजा कंवर को टीम इंडिया की कैप पहनाई है। साथ ही उन्होंने उसकी बेहतरीन फरमार्मेंस को याद किया करते हुए बताया कि कैसे एक मैच में अंतिम गेंद में सिक्स जड़कर मैच को जिताया था। इसके अलावा भी रेणुका सिंह ने कंवर के बारे में बात करते हुए कहा कि वह लगातार घरेलू सहित अन्य प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही थी, हालांकि कई बार उनका नाम टीम में न आने पर उन्हें हल्की मायूसी जरूर हुई, लेकिन वह लगातार मैदान में कड़ी मेहनत करने के लिए डटी रही, जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है। इस दौरान तनुजा कंवर ने भी कहा कि वह भारतीय टीम में चयनित होने पर खुश हैं, और इससे ज्यादा खुशी उनके कोच को हैं, जो चाहते थे कि दोनों ही भारतीय टीम के लिए खेलें। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता से भी उनकी बात हुई है, उन्होंने भी चयन पर खुशी जताई है। इस मौके पर तनुजा इमोशनल नज़र आई, और उनकी आंखों में खुशी व लंबे इंतजार के आंसू भी नजर आए। तनुजा कंवर के भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयनित होने पर एचपीसीए के धर्मशाला स्टेडियम व एकेडमी में भी खूब जश्न मनाया गया।

# सर्बियाई राष्ट्रपति ने पेरिस ओलंपिक टीम के लिए किया स्वागत समारोह का आयोजन

**एजेंसी**

**बेलग्रेड।** सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने देश की ओलंपिक टीम के लिए एक औपचारिक स्वागत समारोह आयोजित किया, जिसमें उन्हें राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया गया, जिसे वे पेरिस में होने वाले आगामी ओलंपिक खेलों में लेकर जाएंगे।

अपने संबोधन में वुसिक ने खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने कहा, मैं ऐसे महान खिलाड़ियों के सामने बहुत नर्वस हूं। मेरा काम आपको ओलंपिक खेलों में शुभकामनाएं देना है। मैं आपको और आपके परिवारों को आपके प्रयासों और त्याग के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं, आपने छुट्टियां मनाने के बजाय प्रशिक्षण लेने का विकल्प चुना, ताकि हमारे देश के लिए कुछ महान हासिल किया जा सके। हम आपके हर प्रदर्शन को प्रत्याशा और आशा के साथ देखेंगे। वुसिक ने ओलंपिक में महत्वपूर्ण



पदक जीतने की उम्मीद भी जताई। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लिली में यूएसए के खिलाफ बास्केटबॉल खेल दर्शकों की संख्या के सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा। हम अपने अब तक के सबसे बड़े पदक जीतने की उम्मीद कर रहे हैं, जिसका लक्ष्य दोहरे अंकों में पदक जीतना है। भले ही हम ऐसा न कर पाएं, हम आपका समर्थन और प्यार करना जारी रखेंगे।

ध्वज को सर्बियाई महिला वॉलीबॉल टीम की कप्तान माजा ओग्नजेनोविक ने प्राप्त किया, जो पेरिस में ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह में वाटर पोलो खिलाड़ी डुसन मैंडिक के साथ ध्वजवाहक होंगी।

ओग्नजेनोविक ने कहा, ऐसी ओलंपिक टीम का नेतृत्व करना, जिसमें वास्तव में महान चैंपियन शामिल हैं, एक बहुत बड़ा सम्मान और जिम्मेदारी है, और मैं इसके लिए आपका धन्यवाद करती हूं। हम पूरी ओलंपिक टीम की ओर से अपने देश का विशेष आभार व्यक्त करते हैं, जिसने हमें इस तरह की बड़ी प्रतियोगिता की तैयारी के लिए सर्वोत्तम संभव परिस्थितियां प्रदान की हैं। मुझे उम्मीद है कि हम टोक्यो से अपनी उपलब्धियों को पार करने में सक्षम होंगे, और मुझे विश्वास है कि हमें उस रास्ते पर अटूट समर्थन मिलेगा, जैसा कि हमें पिछले सभी वर्षों में मिला है। सर्बिया ओलंपिक समिति (ओकेएस) के अध्यक्ष बोजिदर मालजकोविक ने भी टीम की सफलता और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

उन्होंने कहा, मैं चाहूंगा कि पेरिस हमारे एथलीटों के लिए एक सच्चा उत्सव हो, एक ऐसा उत्सव जहां हम अधिक से अधिक पदक जीतें और मौके पर ही जश्न मनाएं। हम अपनी टीम को शुभकामनाएं देते हैं, अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं, और वे बाकी सब चीजों का ध्यान रखेंगे। कुछ लोग कहते हैं कि यह इच्छा के बारे में है, लेकिन खेलों में, सबसे महत्वपूर्ण चीज कौशल है, और हमारे एथलीटों में सभी कौशल हैं। ओकेएस की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रिसेप्शन में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, तैराकी, कैनोइंग, टेबल टेनिस, जूडो, वाटर पोलो, शूटिंग, कुश्ती और 3×3 बास्केटबॉल सहित विभिन्न खेलों में सर्बिया के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सर्बिया की ओलंपिक समिति और राष्ट्रीय खेल महासंघों के अधिकारी शामिल हुए। सर्बिया की ओलंपिक समिति के अनुसार, देश 112 एथलीटों को भेज रहा है, जिनमें टेनिस के महान खिलाड़ी नोवाक जोकोविच, एनबीए एमवीपी निकोला जोकिक और कई अन्य शामिल हैं।

## रूसी ओलंपियाड 2024 में कपित अधाना रही विश्व में दूसरे स्थान पर

**एजेंसी**

**हरदोई।** एमआईईटी के एमटेक अंतिम वर्ष की छात्रा कपित अधाना ने अंतर्राष्ट्रीय रूसी ओलंपियाड




2024 में भाग लिया। जिसमें दुनिया भर से 300 छात्रों का चयन किया गया था। ओलंपियाड में चार राउंड के बाद फाइनल में 40 छात्र पहुंचे। जिसमें से कपित अधाना विश्व में दूसरे स्थान पर रही। कपित ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और भारत का नाम रोशन किया।

## इजरायली क्लब बनेई हर्जलिया में शामिल हुए पूर्व एनबीए सेंटर क्रिस सिल्वा

**एजेंसी**

**यरूशलम।** इजरायली सुपर लीग क्लब बनेई हर्जलिया ने पूर्व एनबीए खिलाड़ी क्रिस सिल्वा के साथ एक सत्र के लिए करार किया है। वह रोस्टर पर दूसरे विदेशी खिलाड़ी हैं, इससे पहले क्लब ने यूएसए के जोश हॉले के साथ करार किया था।

27 वर्षीय गैबॉन सेंटर सिल्वा ने साउथ कैरोलिना में कॉलेज बास्केटबॉल खेला और 2019 से 2023 के बीच 70 एनबीए गेम खेले, जिनमें से 64 मियामी हीट के साथ खेले। उनका एनबीए औसत 2.8 अंक, 2.7 रिबाउंड और 0.5 असिस्ट प्रति गेम रहा। हाल के महीनों में उन्होंने प्यूर्टो रिको के बालोन्सेस्टो सुपीरियर नैशनल लीग के पिराटस डी क्यूब्राडिलस और मेट्स डी गुआनाबो के लिए खेला है। सिल्वा 2015 में गैबोनीज सीनियर नेशनल टीम के सदस्य थे। सिल्वा बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने अटलांटा हॉक्स, डलास मावेरिक्स, मियामी हीट, सैक्रामेंटो




किंग्स और मिनेसोटा टिम्बरवॉल्व्स के बीच एनबीए में पेशेवर रूप से खेला है।

उन्होंने सिओक्स फॉल्स स्काईफोर्स, आयोवा वॉल्व्स और कॉलेज पार्क स्काईहॉक्स के साथ एनबीए जी लीग में भी खेला है, साथ ही ब्रुकलिन नेट्स और डलास मावेरिक्स के साथ एनबीए समर लीग में भी खेला है।

उन्होंने 2020 में एनबीए के फाइनल में खेलने सहित कई पुरस्कार जीते हैं। उन्हें 2018 में अपने कॉलेज के वर्षों के दौरान ऑल-एसईसी सह-डिफेंसिव प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था। सिल्वा ने 2019 में साउथ कैरोलिना विश्वविद्यालय से स्नातक किया, और यह एक पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका छठा सत्र होगा।

हर्जलिया के मुख्य कोच येहू ऑरलैंड ने कहा, क्रिस हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। वह कोर्ट के दोनों ओर मजबूती से खेलता है और टीम की मदद करने के लिए कई गुण लेकर आता है।

## सीआईएससीई जोनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट : सेंट थॉमस मिशन स्कूल बना चैंपियन, मॉडर्न एकेडमी रहा दूसरे नम्बर पर


**एजेंसी**

**लखनऊ।** सेंट थॉमस मिशन स्कूल, जानकीपुरम् ने सीआईएससीई जोनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में सर्वाधिक नौ स्वर्ण पदक जीतते हुए चैंपियन बना। वहीं मार्डन अकादमी तीन स्वर्ण के साथ दूसरे स्थान पर रहा। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बॉक्सिंग एरिना में सेंट थॉमस मिशन स्कूल, जानकीपुरम् द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या डा.रूपम दुबे ने भी पदक विजेता खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। इस टूर्नामेंट में लखनऊ जोन के विभिन्न स्कूलों की टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें मॉडर्न अकादमी की टीम तीन स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर रही, वहीं बालक अंडर-14 के 40 - 42 किग्रा भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में मॉडर्न एकेडमी, गोमती नगर के दिव्यांशु बिष्ट ने सेंट थॉमस मिशन स्कूल, जानकीपुरम् के जोनाथन जयसन को हराकर स्वर्ण पदक चाहिए : एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी जीता। प्रतियोगिता के बालक वर्ग अंडर-14 आयु वर्ग में 30 -32 किग्रा में मो.अयान खान मॉडर्न एकेडमी, गोमती नगर, 32 - 34 किग्रा भार वर्ग में देवांश चौरसिया सेंट थॉमस मिशन स्कूल, जानकीपुरम्, 34 - 36 किग्रा भार वर्ग में आदित्य सिंह अलेरिया सेंट थॉमस मिशन स्कूल, जानकीपुरम्, 40 - 42 किग्रा भार वर्ग में दिव्यांशु बिष्ट (स्वर्ण पदक) मॉडर्न एकेडमी, गोमती नगर ने स्वर्ण पदक जीते।

# प्ले स्पोर्ट्स के ब्रांड एंबेसडर बने सानिया मिर्जा, मैरी कॉम और टीवी होस्ट रणविजय सिंह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** छह बार की ग्रैंड स्लैम विजेता और महिला युगल में पूर्व विश्व नंबर 1 सानिया मिर्जा, छह बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एमसी मैरी कॉम और मशहूर टीवी होस्ट और अभिनेता रणविजय सिंह ब्रांड एंबेसडर के रूप में 'प्ले स्पोर्ट्स' से जुड़ गए हैं। प्ले स्पोर्ट का उद्देश्य स्कूलों के साथ काम करके, खेलों को विकसित करके, खेल के बुनियादी ढांचे का प्रबंधन करके, अकादमियों को चलाकर और जमीनी स्तर से प्रतिभाओं की खोज करके भारत में एक स्थायी खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। अपने सहयोग के बारे में सानिया मिर्ज़ा ने प्ले स्पोर्ट्स की ओर से जारी एक बयान में कहा कि स्कूलों के लिए खेल पाठ्यक्रम विकसित करने की प्ले स्पोर्ट की अनूठी विशेषता ने उन्हें इस पहल में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा, 'प्ले स्पोर्ट्स का लक्ष्य पहले चरण में दिल्ली एनसीआर और जयपुर में स्कूलों और सोसाइटियों में खेल के बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण सुविधाओं में सुधार करना है और



फिर इसे पूरे देश में ले जाना है। वे स्कूलों में मौजूदा खेल बुनियादी ढांचे के उन्नयन में भी शामिल हैं और जहाँ कोई नहीं है, वहाँ विभिन्न खेलों के खेल के मैदान विकसित करने के लिए भी है। प्ले स्पोर्ट्स स्कूलों के लिए उपकरण सहायता भी प्रदान करता है और खेल पाठ्यक्रम विकसित करता है। इसने मुझे उनके साथ जुड़ने और उस खेल को वापस देने के लिए प्रेरित किया जिसने मुझे प्रसिद्धि और वैश्विक पहचान दी।÷

पद्म भूषण और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित मैरी कॉम ने कहा, 2036 ओलंपिक 12 साल बाद आयोजित किए जाएंगे और प्ले स्पोर्ट्स का लक्ष्य स्कूलों से प्रतिभाओं की खोज करके और उन्हें उचित प्रशिक्षण और उपकरण सहायता प्रदान करके ओलंपियनों के अगले बैच को तैयार करना है। मैरी कॉम, जिन्हें अक्सर एक मुक्केबाज के रूप में उनकी दृढ़ता और मानसिक शक्ति के लिए 'शानदार मैरी' के रूप में जाना जाता है, प्ले स्पोर्ट्स में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हैं क्योंकि यह उन्हें युवा प्रतिभाओं को निखारने का अवसर देता है। 2014 एशियाई खेलों और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली 41 वर्षीय मैरी कॉम ने कहा, एक एथलीट के रूप में जिसने खेलों की परिवर्तनकारी शक्ति को पहले से देखा है, ब्रांड एंबेसडर के रूप में प्ले स्पोर्ट्स में शामिल होना मेरे लिए एक स्वाभाविक विकल्प था। प्ले स्पोर्ट्स का विजन युवा प्रतिभाओं को निखारने और पूरे भारत में खेलों को बढ़ावा देने की मेरी अपनी प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। प्ले स्पोर्ट्स में शामिल होने के लिए मुझे प्रेरित करने का एक मुख्य कारण जमीनी स्तर पर विकास पर उनका ध्यान है। लंदन 2012 ओलंपिक में महिला मुक्केबाजी फ्लाईवेट (51 किग्रा वर्ग) में कांस्य पदक जीतने वाली मैरी कॉम को लगता है कि इस तरह की पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत में 2036 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। पीएम का लक्ष्य 2036 तक भारत को शीर्ष-10 खेल राष्ट्र बनाना है और इसके लिए देश के युवाओं की व्यापक भागीदारी की आवश्यकता है।

# पेरिस 2024 ब्रेकडांसिंग: यूरोप, उत्तरी अमेरिका, एशिया ओलंपिक में पदार्पण के लिए तैयार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मध्य पेरिस स्थित प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड में 9 और 10 अगस्त को ओलंपिक इतिहास की पहली ब्रेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें 15 देशों और क्षेत्रों के 32 नर्तक पुरुष और महिला वर्ग के स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। पेरिस ओलंपिक में ब्रेकिंग इवेंट के लिए लाइनअप में महाद्वीपीय चैंपियन, दो ओलंपिक क्वालीफाइंग इवेंट के शीर्ष रैंक वाले एथलीट और वाइल्डकार्ड प्रविष्टियाँ शामिल हैं। उत्तरी अमेरिकी स्ट्रीट कल्चर में इसकी उत्पत्ति के बावजूद, ब्रेकिंग (जिसे ब्रेकडांसिंग के रूप में भी जाना जाता है) ने वैश्विक लोकप्रियता हासिल की है, विशेष रूप से यूरोप और एशिया में, जो ओलंपिक इवेंट के लिए लाइनअप में परिलक्षित होता है, फ्रांस, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका में से प्रत्येक में चार प्रतिभागी (दो पुरुष और दो महिलाएँ) होंगे, जबकि चीन तीन प्रतियोगियों (दो महिलाएँ और एक पुरुष) को मैदान में उतारेगा।



डच डांसर ली डियॉफ ने दोनों क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपना ओलंपिक स्थान सुरक्षित कर लिया। अमेरिका के विश्व चैंपियन विक्टर मोंटाल्वो और फ्रांस के यूरोपीय चैंपियन डेनिस सिविल भी शीर्ष दावेदार हैं।

जापान के शिगेयुकी नाकराई (शिगेकिक्स), जिन्होंने हांग्जो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता, ने पेरिस के लिए सीधा टिकट अर्जित किया, जबकि युवा प्रतिभा हिरोटो ओनो (हिरो10) क्वालीफायर में तीसरे स्थान पर रहे और पदक की प्रबल दावेदार हैं।

दक्षिण कोरिया के 39 वर्षीय किम होंग-युल (होंगटेन) क्वालीफायर में दूसरे स्थान पर रहकर आगे बढ़े। 20 वर्षों से अधिक के करियर और कई रेड बुल बीसी वन खिताबों के साथ, किम की जीवंत शैली ने उन्हें प्रशंसकों का पसंदीदा बना दिया है।

चीन के एकमात्र पुरुष प्रतिभागी, 19 वर्षीय क्यू ज़ियांग्यु (लिथे-इंग) ने जुलाई 2023 में स्लोवाकिया में आउटब्रेक इवेंट जीता, जो किसी चीनी पुरुष ब्रेकडांसर के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम था। क्यू ने 2023 हांग्जो एशियाई खेलों में कांस्य पदक और शंघाई में पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग सीरीज़ में रजत पदक भी जीता। चीन की लियू किंगयी (671) जो अपनी शक्तिशाली और विस्फोटक शैली के लिए जानी जाती हैं, ने अगस्त 2022 में आउटब्रेक स्ट्रीट डांस प्रतियोगिता में महिलाओं का खिताब जीता, जो शीर्ष अंतरराष्ट्रीय ब्रेकडांसिंग इवेंट जीतने वाली पहली चीनी एथलीट बन गईं। दो महीने बाद, उन्होंने 2022 विश्व ब्रेकिंग चैंपियनशिप में उपविजेता का स्थान प्राप्त किया और इस इवेंट में चीन का पहला पदक जीता।

# बीसीसीआई सचिव जय शाह ने की बड़ी घोषणा, बोर्ड आईओए को देगा इतने करोड़ रुपये की वित्तीय मदद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक की शुरुआत में अब सात दिन का समय शेष बचा है। भारत ने आगामी टूर्नामेंट के लिए 117 खिलाड़ियों का दल भेजा है। इनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। इस बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। इसकी जानकारी उन्होंने ट्वीट कर दी।

**शाह का ट्वीट**

बीसीसीआई सचिव ने बताया कि बोर्ड आईओए को 8.5 करोड़ की वित्तीय सहायता देगा। उन्होंने लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि बीसीसीआई 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व



करने वाले हमारे अविश्वसनीय एथलीटों का समर्थन करेगा। हम अभियान के लिए आईओए को 8.5 करोड़ रुपये प्रदान कर रहे हैं। हमारे पूरे दल को, हम आपको शुभकामनाएं देते हैं। भारत को गौरवान्वित करें! जय हिंद!

**केंद्रीय मंत्री ने दिया बीसीसीआई को धन्यवाद**

बीसीसीआई के इस कदम की केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने सराहना की। उन्होंने लिखा, मैं पेरिस ओलंपिक 2024 में हमारे भारतीय दल के लिए उनके मजबूत समर्थन के लिए बीसीसीआई को धन्यवाद देता हूं। हमें अपने देश का प्रतिनिधित्व करने वाले हर एथलीट पर गर्व है। वे उज्ज्वल रूप से चमकें! पूरा देश हमारे एथलीटों का उत्साहवर्धन कर रहा है।

## 488 मुक़ाबले बने विश्व रिकॉर्ड का हिस्सा , माधवेन्द्र नें जीता खेलो चैस इंडिया फीडे रेटिंग का खिताब

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल कल विश्व शतरंज दिवस के अवसर पर एक विश्व रिकॉर्ड का हिस्सा बन गयी जब भोपाल के सेज इंटरनेशनल स्कूल में चेसबेस इंडिया द्वारा आयोजित खेलो चैस इंडिया फीडे 100 इंटरनेशनल ब्लिट्ज़ रेटिंग टूर्नामेंट में सफलतापूर्वक खेले गए कुल 488 मुक़ाबले विश्व शतरंज संघ द्वारा पूरी दुनिया में एक साथ किए गए विश्व रिकॉर्ड प्रयास का हिस्सा बन गए । यह प्रतियोगिता विश्व शतरंज संघ द्वारा दुनिया और देश के चुनिंदा स्पर्धा में शामिल थी जिसे विश्व रिकॉर्ड के मानक स्तर पूरा करने पर चुना गया था । प्रतियोगिता में देश के कोने कोने से आए करीब 150 खिलाड़ियों नें कुल नौ राउंड के दौरान कुल मिलाकर शतरंज के फटाफट फॉर्मेट ब्लिट्ज़ के 488 मुक़ाबले खेले , यह मुक़ाबले 20 जुलाई को शाम 5 बजे से लेकर 9 बजे के दौरान खेले गए।




# जाह्नवी कपूर

## हर महीने ब्वॉयफ्रेंड से कर लेती थीं ब्रेकअप, फिर 2 दिन बाद बोलती थीं Sorry, जानिए वजह

जाह्नवी कपूर अपनी आगामी फिल्म उलझ  के प्रमोशन में जुटी हैं। हाल ही में, वह अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में अपने ग्लैमरस अवतार के लिए खूब चर्चा में रहीं। फिर फूड पॉइजनिंग की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। अब जाह्नवी डिस्चार्ज हो गई हैं और एक हालिया इंटरव्यू में उन्होंने अपने पहले ब्रेकअप के बारे में बात की है।जाह्नवी कपूर ने एक हालिया इंटरव्यू में अपनी डेटिंग लाइफ के बारे में ऐसा खुलासा किया है, जिसे जान आप भी हैरान रह जाएंगे। अभिनेत्री ने बताया कि वह कभी हर महीने ब्वॉयफ्रेंड से ब्रेकअप कर लिया करती थीं। इसकी वजह से शायद लगभग हर लड़की खुद को रिलेट कर सकती है।

**कैसा था जाह्नवी कपूर का पहला ब्रेकअप ?**

जाह्नवी कपूर ने बताया कि उनका पहला ब्रेकअप कुछ खास बुरा नहीं था, क्योंकि वह ब्वॉयफ्रें ड उनके पास वापस लौट आया था। अहाउटरफ्लाई संग बातचीत में मिस्टर एंड मिसेस माही एक्ट्रेस ने कहा, मैंने जिंदगी में सिर्फ एक बार दिल टूटने का अनुभव किया है, लेकिन वही व्यक्ति वापस आया और मेरे दिल को जोड़ दिया। इसलिए सब कुछ ठीक था।



**हर महीने ब्वॉयफ्रेंड से करती थीं ब्रेकअप**

जाह्नवी कपूर ने इसी इंटरव्यू में कहा कि वह हर महीने ब्वॉयफ्रेंड से ब्रेकअप कर लिया करती थीं और फिर पैच-अप कर लेती थीं। एक्ट्रेस ने कहा, मेरे पीरियड्स के कुछ सालों में हर महीने मैं इस व्यक्ति से ब्रेकअप कर लेती थी। पहले दो या तीन महीने वह सदमे में रहता था, लेकिन उसके बाद वह कहता था, हां, ठीक है, और दो दिन बाद मैं रोते हुए और सॉरी कहते हुए उसके पास वापस जाती थी। मुझे समझ नहीं आता था कि मेरा दिमाग इस तरह क्यों काम कर रहा है।

मालूम हो कि जाह्नवी कपूर इन दिनों बिजनेसमैन शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। वह पहले भी शिखर को डेट कर चुकी हैं, लेकिन फिर उनका ब्रेकअप हो गया था। मगर अब दोनों फिर साथ आ गये हैं।

# यार ये क्या बंदा है! सेट पर कूड़ा पड़ा था, विक्की कौशल उठे और चुपचाप उठाकर कूड़ेदान में डाल दिया

हिंदी फिल्म का एक एक्टर, जिसने फिल्मों में अच्छी एक्टिंग से नाम कमाया.उसकी फिल्मों ने अच्छा पैसा बनाया. वैसा एक्टर अगर फिल्म के सेट पर आपको बिना किसी से शिकायत किए कूड़ा उठा कर कूड़ेदान में डालता दिखेगा तो कैसा लगेगा? एक आम आदमी तो ऐसा कुछ देखकर हैरान होगा ही.

पर अगर कोई साथी कलाकार ये देख ले तो और हैरान होगा? है कि नहीं. ऐसा ही कुछ कियारा आडवानी के साथ हुआ, जब उन्होंने विकी कौशल को जमीन पर पड़े कूड़े को उठाकर कूड़ेदान में डालते हुए देखा.विकी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज़ फिल्म 'बैड न्यूज़' से मिल रही गुड न्यूज से गदगद हैं. विकी, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिज़नेस कर रही है. विकी लगातार फिल्म के प्रमोशन में भी लगे हुए हैं. एक हालिया इंटरव्यू में विकी के लिए कियारा आडवानी ने एक रिकॉर्डेड मैसेज भेजा और उनकी जमकर तारीफ की.

**कियारा ने बताई पूरी बात**

कियारा ने इस दौरान फिल्म गोविंदा नाम मेरा के सेट का वो कूड़ा उठाने वाला किस्सा भी शेयर किया. कियारा ने कहा कि विकी सिर्फ एक शानदार एक्टर ही नहीं बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं. उन्होंने बताया, मुझे याद है, गोविंदा नाम मेरा की शूटिंग के दौरान. वो एक छोटा सा मोमेंट था, पर उसका मुझपर बड़ा असर पड़ा. हम बिजली बिजली गाने की शूटिंग के दौरान मॉनिटर के पीछे बैठे थे. ये महबूब स्टूडियो में किसी टेक के बीच का वक्त था.



कियारा आगे कहती हैं, वहां तुम थे, मैं थी और कुछ टीम के सदस्य थे. वहां पर साइड में कुछ खाली बोतलें फेंकी हुई थीं. वो बोतलें तुम्हारी भी नहीं थीं. हमें नहीं पता था कि वो किसी बोतलें थीं. मुझे याद है कि तुम चुपचाप उठे. वहां गए. उन्हें उठाया और उन्हें कूड़ेदान में डाल दिया और वापस आकर बैठ गए. जैसे कुछ हुआ ही नहीं. ये कोई बड़ी बात ही नहीं. तब मैंने खुद सोचा कि यार ये क्या शानदार बंदा है. न किसी से पूछा कि ये किसकी है, उठाओ यहां से. न किसी को बुलाया. खुद ही कर दिया.

**विकी की जमकर की तारीफ**

कियारा ने कहा कि विकी ने वो काम ऐसे किया जैसे हम लोग अपने घर में करते हैं. तब मुझे महसूस हुआ कि ये बंदा एक दम सच्चा है. एक दम सादा है. बड़ी बात ये है कि तुमने ये काम यूं ही कर दिया, जैसे कोई बड़ी बात नहीं है. मुझे याद है कि सब इस बात को नोटिस कर रहे थे और कह रहे थे कि यार ये क्या बंदा है. कियारा ने कहा कि गोविंदा नाम मेरा फिल्म के दौरान ऐसी कई चीज़ें हुईं, जिसने मुझे हैरान कर दिया.

**बैड न्यूज ने दो दिन में किया अच्छा बिजनेस**

विकी कौशल इस वक्त बैड न्यूज को लेकर चर्चा में हैं. उनकी इस फिल्म की समीक्षकों ने तारीफ की है. साथ ही बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म अच्छआ बिज़नेस में कामयाब रही है. फिल्म ने दो दिनों में करीब 20 करोड़ रुपये का बिज़नेस कर लिया है. बैड न्यूज का निर्देशन आनंद तिवारी ने किया है. इस फिल्म को करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है.

# Kim Kardashian को देखकर Salman khan ने फेर लिया मुंह, वायरल हो गया वीडियो



अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी को एक हफ्ते से ज्यादा का वक्त बीत चुका है. दोनों की शादी मुंबई में 12 जुलाई को हुई थी. इस शादी से पहले और शादी के बाद कई दिनों क जश्न होता रहा. कई दिन बीत जाने के बाद भी शादी समारोह से वीडियो लगातार वायरल हो रहे हैं. अब एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें सलमान खान और किम कार्दशियन एक ही फ्रेम में साथ नज़र आ रहे हैं. वीडियो में सलमान किम की ओर देखते हुए भी दिखाई दे रहे हैं.अनंत-राधिका की शादी में भारतीय फिल्मी सितारों के अलावा पूरी दुनिया के सितारों ने शिरकत की. मशहूर रिएलिटी टीवी स्टार और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर किम कार्दशियन अपनी बहन क्लोए कार्दशियन के साथ अनंत की शादी में पहुंचीं थीं. इस दौरान वो करीब तीन-चार दिनों तक मुंबई में रहीं. किम पर इस दौरान भारतीय रंग भी चढ़ा नज़र आया. वो इंडियन स्टाइल ड्रेस में छाईं रहीं.

**सलमान ने देखा और फेर लिया मुंह!**

फिल्मी दुनिया नाम के एक एक्स अकाउंट से ये वीडियो शेयर किया गया है. वीडियो शेयर करते हुए लिखा गया, अनंत राधिका की शादी में मेगा स्टार सलमान खान किम कार्दशियन के साथ. आइकॉनिक मोमेंट.

वायरल हो रहे वीडियो में मुकेश और नीता अंबानी तमाम मेहमानों की मौजूदगी में किम कार्दशियन को स्टेज पर ले जाते दिख रहे हैं. इस दौरान वहां पर सलमान खान भी खड़े दिखाई दे रहे हैं. वीडियो में दिख रहा है कि सलमान खान किम की ओर हैरान होते हुए देखते हैं. फिर वो पीछे मुड़ जाते हैं. इस दौरान वहां सभी किम की तस्वीरें और वीडियो लेते दिखाई दिए. किम और नीता अंबानी की ये वीडियो पहले भी सामने याया था, लेकिन ऐंगल दूसरा था, इसलिए वीडियो में तब सलमान नज़र नहीं आए थे.

**अनंत राधिका की शादी में सितारों का मेला**

अनंत और राधिका की शादी और शादी के फंक्शन में सितारों का मेला लगा रहा. सलमान खान, शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, महेश बाबू, राम चरण, करण जौहर, ऐश्वर्या राय बच्चन, अभिषेक बच्चन, जान्हवी कपूर, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवानी, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, अनन्या पांडे, शाहिद कपूर, मीरा राजपूत कपूर, जीतेंद्र, तुषार कपूर, बॉबी देओल, सनी देओल जैसे कई फिल्मी सितारे पहुंचे. इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी समेत देश के कई बड़े राजनेता भी शादी समारोह में शामिल हुए.

# जया बच्चन से सवाल हुआ- अमिताभ-रेखा के साथ काम करने से आपको परेशानी होगी? एक्ट्रेस ने दिया था ऐसा जवाब



अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और रेखा, 70-80 के दशक के वो तीन नाम हैं, जो इंडस्ट्री के सबसे फेमस चेहरे हुआ करते थे. तीनों ने कई फिल्मों में एक साथ काम किया है. रेखा और अमिताभ बच्चन की जोड़ी को ऑनस्क्रीन खूब पसंद किया जाता था. यहां तक कहा जाता है कि दोनों ऑफस्क्रीन यानी असल जिंदगी में भी एक-दूसरे को डेट किया करते थे. दोनों की डेटिंग के चर्चे थे. हालांकि साल 1973 में अमिताभ बच्चन ने जया बच्चन से शादी कर ली थी.शादी के बाद अमिताभ बच्चन और रेखा ने 1981 में 'सिलसिला' फिल्म में एक साथ किया था. इस फिल्म में जया बच्चन भी थीं. लेकिन 'सिलसिला' के बाद अमिताभ और रेखा एक साथ किसी फिल्म में नजर नहीं आए. फिल्म रिलीज होने के सालों बाद भी अमिताभ और रेखा ने कभी स्क्रीन शेयर नहीं किया. एक बार जया बच्चन से इस बारे में पूछा गया था कि अगर रेखा और अमिताभ बच्चन दोबारा साथ में काम करें तो आपको किसी तरह की दिक्कत होगी?

**रेखा-अमिताभ की फिल्में**

इस पर जया बच्चन ने जवाब दिया था. उन्होंने साल 2008 में दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें क्यों दिक्कत होगी. जया ने कहा था, नहीं, मुझे क्यों दिक्कत होनी चाहिए? लेकिन मुझे लगता है कि ये असल काम से ज्यादा सेंसेशन होगा और ये अफसोस की बात है क्योंकि कोई उन्हें साथ देखने का अवसर खो देगा. उन दोनों को शायद एहसास होगा कि ये काम पर हावी होगा. हालांकि कहा जाता है कि रेखा और अमिताभ के रिश्ते की वजह से ही उन्होंने साथ में इसके बाद फिल्में नहीं की. उससे पहले रेखा और अमिताभ बच्चन ने 'नमक हराम', 'दो अनजाने', 'खून पसीना', 'मुकद्दर का सिकंदर', 'मिस्टर नटवरलाल' और 'सुहाग' जैसी कई फिल्मों में एक साथ काम किया था.

**51 साल हो गए**

अब अमिताभ और जया की शादी को 51 साल हो गए हैं. दोनों के दो बच्चे अभिषेक बच्चन और श्वेता बच्चन हैं. हाल ही में उन्होंने जया बच्चन के साथ एक फोटो शेयर की थी. इसमें वो छाता लेकर खड़े नजर आ रहे हैं और जया बच्चन ने हाथों में लड्डू की एक प्लेट ली हुई है. इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, T-5074 और बारिश हर दिन होती है यहां तक कि काम के सेट पर भी.